लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष -2, अंक -206, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, होली : यौवन के उन्माद का त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 31.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 | सूर्यास्त 18 : 19 | कानपुर, रविवार, 17 मार्च 2024

किआरा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'...2

एक नजर

ईडी को मिली 23 मार्च तक कविता की हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की। अदालत में पेश किए जाने के दौरान कविता ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा कि हम इसे (मामले को) अदालत में लड़ेंगे।

शिवसेना (यूबीटी) नेता की 88.51 लाख की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के मुंबई कार्यालय ने मुंबई में चव्हाण के स्वामित्व वाले एक आवासीय फ्लैट और महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में कृषि भूखंड के रूप में 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई है।

तेलंगाना में 6.67 करोड़ की बेहिसाब नकदी जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना के करीमनगर शहर में पुलिस ने शनिवार को एक मल्टीप्लेक्स से 6.67 करोड़ रुपये की ''बेहिसाब'' नकदी जब्त कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक विश्वसनीय जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने तलाशी ली और मल्टीप्लेक्स के एक कमरे से 6.67 करोड़ रुपये की ''बेहिसाब'' नकदी बरामद की। इस मल्टीप्लेक्स का स्वामित्व कथित तौर पर करीमनगर लोकसभा सीट से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवार बी विनोद कुमार के रिश्तेदारों के पास है। अधिकारी ने कहा कि धनराशि जब्त करने की जानकारी आयकर विभाग को दी गई है। यह पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है कि नकदी किसकी थी।

लोकसभा चुनाव घोषित, सात चरणों में मतदान

543 सीटों के लिए 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

चुनावों की घोषणा के साथ ही देशभर में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी मतदान की तिथियों की घोषणा

नई दिल्ली, ब्यूरो/एजेंसी

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने का एलान किया है। इसके साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा (147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरुआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किए गए हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।

नई दिल्ली में शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू।

- 96.8 करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता
- 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं
- 19.74 करोड़ वोटर 20 से 29 आयु वर्ग के
- 1.82 करोड़ वोटर 18 से 19 आयु वर्ग के
- 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता

ईवीएम से सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान संभव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदान के लिए प्रयोग की जा रही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह से सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। राजीव कुमार ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही।

85 साल से ज्यादा उम्र के वोटर करेंगे घर बैठे वोटिंग

चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88.4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए 2100 पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।



10.48 लाख मतदान केंद्र, 55 लाख ईवीएम

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2.18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था। मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10.48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध कराई जाएंगी।

उत्तर प्रदेश में किस चरण में, कहां मतदान

पहला चरण	19 अप्रैल 8 सीट	सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत।
दूसरा चरण	26 अप्रैल 8 सीट	अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा।
तीसरा चरण	7 मई 10 सीट	संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, आंवला और बरेली।
चौथा चरण	13 मई 13 सीट	शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच।
पांचवां चरण	20 मई 14 सीट	मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा।
छठा चरण	25 मई 14 सीट	सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही।
सातवां चरण	1 जून 13 सीट	महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज।

उत्तराखंड में 20 मार्च को अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान

उत्तराखंड की सभी पांच संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 27 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी और नाम वापसी 30 मार्च तक हो सकेगी। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा (सु), नैनीताल, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार संसदीय क्षेत्र हैं।

पांच आईएएस अफसरों के तबादले, एक का रद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नितिन का केडीए उपाध्यक्ष पर किया गया तबादला निरस्त

अमृत विचार : राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले फिर पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जबकि आईएएस नितिन का उपाध्यक्ष, कानपुर नगर विकास प्राधिकरण के पद पर किया गया ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया है। वे विकास प्राधिकरण पिलखुवा, बुलन्दशहर में बने रहेंगे।

शासन ने एआईजी स्टाम्प आईएएस रवीश गुप्ता को प्रबंध निदेशक पर्यटन निगम बनाया है। जबकि विशेष सचिव ऊर्जा राहुल सिंह को एआईजी स्टाम्प बनाया गया है। आईएएस अतुल सिंह को आरएफसी लखनऊ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं, आईएएस अनिता यादव को आरएफसी आगरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आईएएस विजय कुमार को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक लखनऊ बनाया गया है।

अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल

नई दिल्ली। प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 'सर्व मंगल मांगल्ये' भी गाया और आदि शक्ति को नमन किया।

इटावा से जितेंद्र व आजमगढ़ से धर्मेन्द्र यादव सपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने छह और प्रत्याशियों के नामों का किया एलान

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश के छह और प्रत्याशियों की सूची जारी की है। जिसमें आजमगढ़ सीट पर धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किया गया हैं।

शनिवार को जारी 5वीं सूची के बाद प्रदेश में सपा के प्रत्याशियों की संख्या 42 पहुंच चुकी है। इंडिया गठबंधन में प्रदेश में मिली 63 सीटों पर, समाजवादी पार्टी क्रमवार प्रत्याशी घोषित कर रही है। प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची में गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे और जालौन में नारायणदास अहिरवार को प्रत्याशी बनाया गया है। मालूम हो कि इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश में 17 सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं, शेष 63 सीटों में सपा ने अपने खाते से भदोही की सीट तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी को दी है।

केजरीवाल अदालत में पेश हुए, मिली जमानत

नई दिल्ली, ब्यूरो

- दिल्ली शराब घोटाले में 1 अप्रैल को अगली सुनवाई

अमृत विचारः दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्थानीय अदालत में पेश होना ही पड़ा। हालांकि उन्हें जमानत मिल गई है। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश न होने के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए ईडी ने केजरीवाल को भी तलब किया था लेकिन वह 8 बार समन भेजने के बावजूद नहीं गए थे और आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहता है। ईडी ने केजरीवाल के विरुद्ध दो मामले दर्ज करवाए थे। जिनकी सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को तलब किया था लेकिन जमानत मिलने के बाद केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी से राहत मिल गई है।

आयोग के अधीन हुई शासन की गतिविधियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

> उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी जनपदों को निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं।
>
> – **नवदीप रिणवा**, मुख्य निवार्चन अधिकारी (उत्तर प्रदेश)

अमृत विचार : निष्पक्ष और निर्भीक होकर अधिकाधिक मतदान कराना अब शासन समेत जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिकता होगी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही शनिवार शाम से शासन की गतिविधियों पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग की सीधी निगरानी शुरू हो गई है। इसकी हनक भी दिखने लगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और सभी राजनीतिक दलों व समर्थकों के होर्डिंग-बैनर आदि सड़कें-गलियों, चौराहों, संस्थानों आदि से साफ कराने का काम तेजी से शुरू हो गया।

लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा के साथ ही शनिवार शाम से स्वंतत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान कराना शासन से लेकर प्रशासन की प्राथमिकता हो गई। कार्यकारी हस्तक्षेप से मुक्त होकर चुनाव के संचालन के लिए मतदान केन्द्रों, उसके आस-पास किए जाने वाले प्रबंधों पर फोकस हो गया है। मुख्यमंत्री, मंत्रीगण समेत प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के साथ वीवीआईपी आदि सरकारी सुविधाओं का न प्रयोग कर सकेंगे, न ही मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्य ही करेंगे। शीर्ष अधिकारी भी अब इनके साथ सार्वजनिक रूप से सभाओं और रोड शो में मदद करते नहीं दिखेंगे। उनका कार्य सिर्फ चुनाव और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं देने तक सीमित होगा।

बदली प्राथमिकताएं

- चुनाव आयोग के निर्देश और निगरानी में शासन समेत अफसर और कर्मचारी
- मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और मंत्रियों के आगे-पीछे नहीं दिखेंगे अधिकारी
- आचार संहिता का बगैर भेदभाव सख्ती से पालन कराना बड़ी जिम्मेदारी
- सड़कों-चौराहों व भवनों से हटाए जा रहे नेताओं, दलों के बैनर और होर्डिंग

वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा

बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।

सबका साथ | सबका विकास | सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोरायसिस, छाजन, मस्से, झांईया एक्जिमा दाद।
श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस।
पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से।
पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी।
मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट।
हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका
पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।

अटल अरोग्य® जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच
अब नही कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना।
मस्तिक का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन।
स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी।
अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइट, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा

लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच | मुफ्त परामर्श

कानपुर
घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक
मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)
ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक
लाल बंगला- हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक
इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

ली को हराकर सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को हराकर आल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेन 2022 में यहां उपविजेता थे। उन्होंने आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए करीब 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 20-22, 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि यह अच्छा मैच था और मुझे खुशी है कि मैं जीत सका। यह दबाव को झेलने की बात थी। मुझे पता था कि उसमें वापसी करने और कड़ी चुनौती देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि जब मैं 18-14 से आगे था, तब भी मुझे पता था कि थोड़ी भी कोताही बरतने पर वह मौका नहीं छोड़ेंगे। मैं उसे कोई मौका नहीं देना चाहता था। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन का

सामना इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

सेन ने पिछले सप्ताह तीन गेम वाले चार मैच फ्रेंच ओपन में खेले थे, लेकिन इसके बावजूद वह रफ्तार बनाए रखने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि मैने पिछले सप्ताह और यहां जैसा खेल दिखाया, शारीरिक तौर पर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। रिकवरी के लिए अब हालांकि समय नहीं है। मेरी सहयोगी टीम को अगले मैच के लिए काफी मेहनत करनी होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी रेलियों के साथ शुरुआत की, लेकिन ली की गलतियों का फायदा उठाकर सेन ने 8-3 से बढ़त बना ली। यह बढ़त जल्दी ही 12-7 की हो गई, लेकिन ली ने समय पर वापसी करते हुए पहले स्कोर 12-12 और फिर 20-20 करने के बाद पहला गेम जीता। दूसरे गेम में सेन ने शुरू ही से 11-9 की बढ़त बना ली थी और लगातार सात अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में भी उन्होंने यही लय कायम रखी और मुकाबला अपने नाम किया।

कृष्ण-प्रतीक ओरलियंस मास्टर्स से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त

ओरलियंस (फ्रांस), एजेंसी। कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया की 70वें नंबर की भारतीय जोड़ी को डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली। देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माएल काटोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी। शुरुआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारूखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी। पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसैमी सुब्रमण्यम भी शुरूआती दौर में ही बाहर गए।

जिम्नास्टिक ने कराई समय से पहले पंत की वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

ऋषभ पंत की मानसिक दृढ़ता और जिम्नास्टिक खेलने का अनुभव होने से समय से पहले और जल्दी रिकवरी करने में मदद मिली। दिल्ली देहरादून हाइवे पर दिसंबर 2022 में हुए भयावह कार हादसे के बाद पंत को 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में खेलने की अनुमति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मिल गई है।

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिजियोथेरेपिस्ट तुलसी युवराज ने कहा कि उसके भीतर की मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास से उसने रिहैब के दौरान हमें शत प्रतिशत देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को लगता था कि उसे पूरी तरह से ठीक होने में दो साल

का लगेंगे। एक बार एनसीए आने के बाद वह तेजी से रिकवर करता गया। एनसीए में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच निशांता बारदोलोइ ने कहा कि पंत बचपन में जिम्नास्ट भी रहे हैं, जिससे उनकी रिकवरी में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पंत की जिम्नास्टिक की पृष्ठभूमि होने से हमें काफी मदद मिली। कई चीजों में यह बड़ा काम आया मसलन जब उसे लगता कि वह आगे नहीं बढ़ सकता है तो वह दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो पाता था। पंत ने रिकवरी के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी, लेकिन उन्हें यह प्रक्रिया उबाऊ लगी। उन्होंने कहा कि रिहैब (चोट के बाद फिटनेस फिर हासिल करने का दौर) काफी उबाऊ होता है। बार-बार एक ही चीज करना, लेकिन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। जितना अधिक करेंगे, उतना ही जल्दी ठीक होंगे।

पंत ने कहा कि मैदान पर लौटकर बहुत खुश हूं। क्रिकेट के लिए मेरा प्यार बढ़ गया है। पहले भी मुझे इससे मुहब्बत थी, लेकिन अब यह बेइंतहा हो गई है।

खेल डायरी

रणजी में लागू किया जाए प्रोत्साहन योजना: गावस्कर

मुबंई, एजेंसी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट प्रोत्साहन योजना को रणजी ट्राफी में भी लागू करने की मांग की है। बीसीसीआई ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए इंसेटिव स्कीम लागू करने की घोषणा की थी, जिसमें भारत के लिए 75 फीसदी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी को 45 लाख और 50 से 75 फीसदी तक खेलने वालों को 30 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। यह राशि मैच फ़ीस से अलग होगी। गावस्कर ने कहा कि मैं बीसीसीआई से रणजी पर ध्यान देने के लिए आग्रह करना चाहूंगा। मौजूदा समय में रणजी खिलाड़ी को प्रति मैच दो लाख मिलते हैं। अगर खिलाड़ी रणजी के किसी सीजन का हर मैच खेलता है और टीम फ़ाइनल में पहुंचती है तब उसके हिस्से में 10 मुक़ाबले आते हैं। विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के लिए मैच फीस 50 हज़ार जबकि सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के लिए 17 हजार 500 रुपए है। अगर रणजी की फीस दोगुनी या तिगुनी हो जाती है तब अधिक संख्या में खिलाड़ी रणजी खेलते हुए दिखाई देंगे, मैं बीसीसीआई से इस पर ध्यान देने का आग्रह करना चाहता हूं।

ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक राम बाबू ने पाया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20:00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20:10 सेकेंड है। पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1:19:41 सेकेंड से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1:19:44 सेकेंड से दूसरे स्थान पर रहे। बाबू इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें एथलीट बने।

कोचों के लिए हॉकी इंडिया निदेशक क्रूस की कार्यशाला

पुणे, एजेंसी। हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस ने घरेलू कोचों के लिए कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें कोचिंग के आधुनिक तरीकों और जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास पर फोकस था। यह कार्यशाला 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला चैंपियनशिप से इतर आयोजित की गई। इसका लक्ष्य घरेलू कोचों के कौशल को निखारना था। सत्र के दौरान क्रूस ने युवा खिलाड़ियों में सीखने की ललक विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसी कोचिंग रणनीतियां बनाना चाहते हैं, जिसमें विचारों के आदान-प्रदान से सीखने की प्रक्रिया का विकास हो। खिलाड़ी गलतियों से सबक लें और उनका आत्मविश्वास बढ़े। सिर्फ आपसी प्रतिस्पर्धा पर ही फोकस नहीं रहे।

शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक इंडियन वेल्स के फाइनल में

इंडियन वेल्स, एजेंसी। शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का इस साल जीत हार का रिकॉर्ड 19-2 का हो गया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉ और नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। स्वियातेक ने कोको गॉ के खिलाफ 10 में से नौ और सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। पुरुष युगल के फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को 7-6, 7-6 से हराया।

दिल्ली कैपिटल्स की नजर डब्ल्यूपीएल के खिताब पर

पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली को मुंबई ने सात विकेट से था हराया

नई दिल्ली, एजेंसी

फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी, लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था। इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है।

मेग लानिंग ने आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिए हैं। इस सत्र में दिल्ली को मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत और जेमिमा रौड्रिग्स भी फॉर्म में है, लेकिन एलिसे कैप्सी और काप से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट लिए हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन शुक्रवार को एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को 5 विकेट से हरा दिया। एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी लिए हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 66 रन बनाए और फिर 1 विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

मैच : शाम 7:30 बजे

दिल्ली कैपिटल्स : मेग लानिंग (कप्तान), लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरूंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

आरसीबी : स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष, दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

पुरुष टीम के साथ जो कुछ हुआ उससे कोई संबंध नहीं : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूपीएल के फाइनल से पहले अपनी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहती और उनका कहना है कि वह आईपीएल में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं।

आरसीबी की पुरुष टीम 17 साल में एक भी आईपीएल नहीं जीत पाई है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है, लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिला है। मंधाना ने एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस पर पांच रन की जीत के बाद कहा कि पहले तो मुझे लगता है कि यह साल हमारे लिए पूरी फ्रेंचाइजी से जुड़ने के लिए अहम था। पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए। पुरुष टीम के साथ क्या हुआ हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है।

आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था, जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर थी। मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है। यह मैच के दिन अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में हैं और कल के मुकाबले में जो भी टीम अच्छा करेगी खिताब जीतेगी। मंधाना फाइनल की प्रतिद्वंद्वी कप्तान मेग लैनिंग का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि कप्तान हमेशा टीम के जितना ही अच्छा होता है। मंधाना ने कहा कि हम कप्तान को अधिक तवज्जो देते हैं लेकिन कप्तान टीम के जितना ही अच्छा होता है।

हमें हार्दिक की कमी खलेगी: नेहरा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन आईपीएल में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है, लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां दो साल खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे। नेहरा ने कहा कि शुभमन गिल को मैं कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है।

रोहित के स्वच्छंद होकर खेलने से मुंबई को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

आस्ट्रेलिया के पूर्व टी-20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी करेंगे, जिसका पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित की अगुवाई में मुंबई ने पांच खिताब जीते, लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया गया है।

फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो, लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी, लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावर प्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।

बॉलीवुड हलचल

अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाएंगे शूजित

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक शुजित सरकार जूनियर बी अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। 'विक्की डोनर', पीकू, और 'पिंक' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बना चुके शूजित सरकार जल्द ही अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। शूजित सरकार की इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका होगी। शूजित सरकार ने बताया मैं अपनी अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन के साथ काम कर रहा हूं। मेरी कहानियां हमेशा जीवन से जुड़ी होती हैं और उनमें ह्यूमर भी होता है। मैंने हमेशा जीवन की यात्रा को मुख्य विषय मानकर अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने का प्रयास किया है।यह एक इमोशनल फिल्म है। मेरी सभी फिल्मों का लक्ष्य दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाना है।

कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'

मुंबई, एजेंसी। अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा बेहद पसंद आई है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म आज रिलीज हो गई है। कियारा को फिल्म बेहद पसंद आई है। कियारा ने फिल्म के एक सीन से सिद्धार्थ की तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ कियारा ने लिखा, सिद्धार्थ आपने हम सबको गर्व महसूस कराया है। आप बेस्ट हैं। उन्होंने लिखा,इस जॉनर में सबसे बढ़िया में से एक। सागर और पुष्कर, भरोसा नहीं हो रहा है कि यह आपका पहला है।कियारा ने दिशा पाटनी और राशि खन्ना के लिए लिखा, इन दो महिला योद्धाओं से सावधान रहिए। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू, प्रशंसा स्वीकार करें।

सूद की फिल्म फतेह का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर बेहद खौफनाक है। टीजर की शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि फतेह तुमने 40 इतने में 'फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं 40 नहीं 50' इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म फतेह साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

विक्रांत सिंह की फिल्म ससुराल का गुलाम में यामिनी के जलवे

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ यामिनी सिंह मुख्य में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं।निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। कथा - पटकथा और संवाद अरविंद तिवारी का है। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म 'ससुराल का गुलाम' को लेकर कहा कि यह फिल्म भी बेहद ख़ास होने वाली है। यह फिल्म आधी आबादी को खूब पसंद आएगी। मेरा किरदार इस फिल्म में अनोखा है। उम्मीद करता हूं कि यह सभी को पसंद आए। फिल्म के गाने भी बेहद खूबसूरत हैं। फिल्म में यामिनी सिंह के साथ मेरी केमेस्ट्री दर्शकों के दिलों को छूने वाली है।

लाडो, काजल और गोल्डी का होली गीत रिलीज

मुंबई, एजेंसी। लाडो मद्धेशिया, काजल त्रिपाठी और गोल्डी यादव का होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में लाडो मद्धेशिया और गोल्डी यादव की आवाज है, वहीं वीडियो में लाडो मद्धेशिया और काजल त्रिपाठी की केमिस्ट्री नजर आ रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

बाइक फिसलने से दंपति और बेटी घायल

मूसानगर। मुगल रोड पर बाइक फिसलने से दंपति व मासूम गिरकर घायल हो गए। जनपद जालौन के थाना उरई के बड़ागांव निवासी रजत कुमार (28) अपनी पत्नी सुलेखा (24) व बेटी काव्या (7) माह को ससुराल फतेहपुर लेने गए थे। वहां से वह बाइक से वापस उरई जा रहे थे। तभी मूसानगर थाना क्षेत्र के मुगल रोड पर हालिया गांव के पास बाइक अचानक फिसल कर गिर गई। जिससे दंपति व मासूम घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है जहां पर उनका उपचार जारी है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

पुखरायां। वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। भोगनीपुर के अंगुरी गांव निवासी मंगल ने बताया कि उसका दोस्त कमल (25) कस्बा के बस स्टैंड के पास किसी दुकान में काम करता था। जहां पर बाइक में सवार होकर दुकान के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वाहन की टक्कर से मोर घायल

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जरैलापुर गांव के समीप नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने मोर को टक्कर मार कर घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के जिला गोरक्षा प्रमुख मनन बजरंगी ने मोर का प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद उसे वन दरोगा को सौंप दिया। वहीं वन दरोगा ने बताया कि उसका उपचार जारी है।

वन विभाग की नर्सरी में मृत मिला चौकीदार

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में वन विभाग की नर्सरी के कमरे में प्राइवेट चौकीदार की मौत हो गई। लोगों ने वन अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भोगनीपुर क्षेत्र के वन दरोगा रामचंद्र ने बताया कि सुजगवां गांव निवासी राम किशन (65) पुखरायां में पटेल चौक के पास वन विभाग की नर्सरी में प्राइवेट चौकीदार पद पर तैनात थे। शुक्रवार शाम को वह नर्सरी की टिन शेड के कमरे में सो रहे थे। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने चौकीदार का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालवाया शव को पोस्टमार्टम के भेजा। चौकी प्रभारी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट व तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मनरेगा: भुगतान के लिए परेशान रहे ग्राम प्रधान, बजट हुआ खत्म

सर्वर न आने से संदलपुर की किसी भी ग्राम पंचायत में नहीं हो पाया भुगतान

संवाददाता, संदलपुर

अमृत विचार। वित्तीय वर्ष के आखिरी माह में जहां बजट खर्च करने को लेकर विभाग हर कोशिश में जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ सर्वर की सुस्ती भुगतान में रोड़ा बन रही है। मनरेगा योजना के तहत पंचायतों में कराए गए कार्यों के सामग्री भुगतान की धनराशि सर्वर न आने से नहीं मिल सकी है।

संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत विकास कार्य कराए गए हैं। इसके लिए निर्माण सामग्री आदि में धनराशि खर्च की गई है। पूर्व में प्रधानों ने मनरेगा के तहत सामग्री तो बाजार से सामग्री उधार मंगा ली। लेकिन शासन से बजट न आने के कारण कई महीने से भुगतान लटका हुआ था। ऐसे में विकास कार्य कराने वाली पंचायतें सामग्री आदि का भुगतान संबंधित संस्थाओं को नहीं कर पा रही थी।

> मनरेगा सामग्री भुगतान के लिए शुक्रवार को पूरे प्रदेश के लिए बजट जारी हुआ था। लेकिन सर्वर न आने के कारण संदलपुर की किसी भी ग्राम पंचायत का भुगतान नहीं हो सका है।
>
> –देवेंद्र वर्मा, खंड विकास अधिकारी संदलपुर

- शुक्रवार को पूरे प्रदेश की पंचायतों के लिए जारी हुआ था बजट

वहीं शुक्रवार को शासन की ओर से पूरे प्रदेश की पंचायतों के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि जारी की गई थी, लेकिन सर्वर न आने कारण संदलपुर विकासखंड की किसी भी ग्राम पंचायत को सामग्री भुगतान की धनराशि नहीं मिल सकी और बजट भी खत्म हो गया। दोबारा बजट कब आएगा, इस पर संशय बना हुआ है।

बोले ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराने के लिए सामग्री की खरीद पर धनराशि खर्च हुई है। पूर्व में बजट न होने के कारण सामग्री उधार मंगाई थी, जिसका भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में वह कर्जदार बने हुए हैं।

–सुमित कटियार, ग्राम प्रधान कोरौवा।

मनरेगा सामग्री का भुगतान लंबे समय से नहीं होने के कारण ग्राम पंचायतों में विकास कार्य आधे-अधूरे पड़े हुए हैं। शुक्रवार को बजट मिलने की आस थी, लेकिन सर्वर की समस्या के चलते धनराशि नहीं मिल सकी है।

–गौरव कटियार, ग्राम प्रधान खालागांव।

मनरेगा सामग्री का भुगतान न होने व कार्य रुके होने से लोगों को रोजगार भी नहीं मिल पा रहा है। समस्या को लेकर ब्लाक से लेकर जिला मुख्यालय तक कई बार दौड़ लगाई, लेकिन कोई हल नहीं निकल पा रहा है।

–संदीप कटियार, ग्राम प्रधान कसोलर।

अधिसूचना जारी होते ही हटे होर्डिंग्स-बैनर

पुखरायां में वॉल पेंटिंग मिटाते कर्मचारी व पुलिसकर्मी।

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही जिले भर में लगी राजनीतिक दलों की होर्डिंग व पोस्टरों को हटाने का काम शुरू कर दिया गया।

शनिवार को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता जारी होते ही डीएम आलोक सिंह के निर्देश पर राजपुर नगर पंचायत की ईओ नीति त्रिपाठी ने कर्मचारियों की टीमों के साथ अभियान की शुरुआत पूरे नगर में कर दी। ईओ ने बताया कि रविवार शाम तक नगर के सभी जगहों पर लगे होर्डिंग, बैनर हटवा दिए जाएंगे। जिन लोगों ने छत पर होर्डिंग लगाया है।

इसी तरह भोगनीपुर में एसडीएम, ईओ व कोतवाल पुखरायां नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ विभिन्न दलों के पोस्टर व अन्य प्रचार सामग्री हटवाने में जुट गए। वहीं मूसानगर नगर पंचायत के ईओ संजय कुमार पटेल ने पुलिस बल व नगर पंचायत कर्मचारियों की टीम के साथ अभियान की शुरुआत की। इस दौरान पूरे नगर में लगी होर्डिंग व बैनर उतारने का काम किया गया।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रूरा में फार्मासिस्ट न होने से बढ़ी परेशानी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। फार्मासिस्ट न होने के कारण रूरा सीएचसी से मेडिकोलीगल के मामले अकबरपुर भेजे जा रहे हैं। जिससे कई बार घायलों की जान पर बन आती है

रूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले दिनों तैनात एक फार्मासिस्ट को रनियां पीएचसी में भेज दिया गया। इसके चलते रूरा में फार्मासिस्ट का पद रिक्त चल रहा था। ऐसे में मारपीट समेत अन्य पुलिस के मामले के मेडिकोलीगल रूरा सीएचसी में नहीं हो पा रहे थे। वहां के चिकित्सक फार्मासिस्ट न होने का हवाला देकर पुलिस केस के सभी मामले अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर देते। कई बार ओपीडी के समय भी मेडिकोलीगत केस आने पर पीड़ितों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। ऐसे में रूरा थाना क्षेत्र के गांवों से मेडिकोलीगल के लिए आने वाले पीड़ितों के परीक्षण में भी देरी होती। वहीं पुलिस भी स्थानीय स्तर के बजाय अकबरपुर सीएचसी तक भागदौड़ को मजबूर होती। सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि रूरा सीएचसी पर तैनात फार्मासिस्ट को रनियां पीएचसी भेजे जाने से समस्या आई थी।



रूरा सीएचसी में बनाया गया रेफर का पर्चा।

भूमि विवादों का संयुक्त टीम करे निस्तारण

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। सिकंदरा तहसील में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को सुना। इस दौरान कुल 92 शिकायतें दर्ज हुई। जिन्हें निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है।

शनिवार को सिकंदरा तहसील में डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने लोगों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर ध्यान दें।

डीएम ने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। छोटे-छोटे मामलों को भी गंभीरता पूर्वक लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस दौरान पीड़ित अनिल कुमार ने बताया कि उसके रसूलपुर बैना गांव में आबादी में बनाए जा रही इंटरलॉकिंग को दबंगों ने इंटरलॉकिंग उखाड़ कर फेंक दी और अवैध निर्माण कार्य कर लिया है। जिससे लोगों को निकलने में दिक्कत उठानी पड़ रही है। बीते शुक्रवार को सिकंदरा तहसील में प्रार्थना पत्र देकर अवैध काम रुकवाने की गुहार लगाई थी। मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी अवैध निर्माण कार्य को गिराकर रोड बनाने की बात कह कर चले आए थे। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसी तरह बलियापुर गांव निवासी बुजुर्ग महताब सिंह ने शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अविवाहित है। शासन ने गरीबी रेखा के नीचे जीवन ज्ञापन करने वाले गरीब व असहाय लोगों को अंत्योदय कार्ड जारी है। बुजुर्ग की समस्या सुनकर अफसरों ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को तत्काल आयुष्मान कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने आपरेटर को मौके पर बुलाकर तत्काल आयुष्मान कार्ड जारी कराया।

सिकंदरा तहसील में शिकायतें सुनते डीएम आलोक सिंह व अन्य अधिकारी।

भोगनीपुर तहसील में आईं 79 शिकायतें

पुखरायां। भोगनीपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम वित्त केशव नाथ गुप्त ने शिकायतें सुनीं। उमरिया गांव के रामेश्वर ने बताया कि गांव स्थित कुआं आस्था का प्रतीक है। जहां पर शादी विवाह के समय पूजन किया जाता है। गांव के दबंग कुएं की जगत तोड़कर मवेशी बांध कब्जा कर रहे हैं। सरौता तृतीय गांव की कुशमा ने बताया कि उनके आवास के बगल में कुछ लोग कूड़ा डाल रहे हैं। विरोध करने पर गाली गलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी देते हैं। दिवस में कुल 79 शिकायतें आईं। जिसमे छह का मौके पर निस्तारण कराया गया। इसी दौरान एसडीएम सर्वेश कुमार, तहसीलदार सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

इटावा के सांसद रामशंकर कठेरिया को ज्ञापन देते रोजगार सेवक।

निवर्तमान सांसद से मानदेय दिलाने की उठाई मांग

राजपुर। बकाया मानदेय का भुगतान करने के लिए शनिवार को राजपुर ब्लॉक कार्यालय परिसर में ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष समिति के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पाल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रतिनिधि मंडल ने इटावा के निवर्तमान सांसद रामशंकर कठेरिया को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि राजपुर ब्लॉक के रोजगार सेवकों का बारह माह का मानदेय बकाया है। जबकि जिले के अन्य नौ ब्लॉकों के रोजगार सेवकों को आंशिक भुगतान किया जा चुका है। भुगतान न होने से कई रोजगार सेवक भूखमरी की कगार पर पहुंच गए है। संगठन ने होली पर्व से पहले लंबित मानदेय भुगतान की मांग की है। सांसद ने बीडीओ हरगोविंद गुप्ता को रोजगार सेवकों की समस्या निस्तारण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कृष्ण मुरारी, सीमा देवी, उदय राज, नीरज कुमार, आशीष कुमार, ममता देवी, मंजू देवी, अतुल कुमार, केसराम, प्रियंका कटियार समेत अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

पुखरायां जीजीआईसी में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते परीक्षक।

कैमरे की निगरानी में जांची जा रहीं यूपी बोर्ड की कॉपियां

कानपुर देहात। यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीसीटीवी की निगरानी में जिले के दो केंद्रों पर शनिवार से शुरू हो गया। इस दौरान डीआईओएस समेत अन्य अधिकारियों ने मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था जांची। शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अकबरपुर इंटर कॉलेज तथा इंटरमीडिएट की पुस्तिकाओं का मूल्यांकर पुखरायां राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शुरू हुआ। जीजीआईसी पुखरायां की प्रधानाचार्य कल्पना शुक्ला ने बताया कि पहले दिन को इंटरमीडिएट की 6563 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन उप प्रधान परीक्षक व 213 परीक्षकों ने किया। मूल्यांकन के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र व एसडीएम सर्वेश कुमार ने पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निर्देश दिए कि उत्तर पुस्तिकाओं को समयबद्ध तरीके से मूल्यांकित किया जाए। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

45 निपुण बच्चों को दिए प्रमाण पत्र व पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- अमरौधा व सरवनखेड़ा ब्लाक के स्कूलों में हुए कार्यक्रम

अमृत विचार। हमारा आंगन-हमारे बच्चे के तहत अमरौधा व सरवनखेड़ा क्षेत्र के स्कूलों में कार्यक्रम किए गए।

शनिवार को अमरौधा ब्लाक के परिषदीय शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम नेशनल इंटर कॉलेज सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पूनम दिवाकर व बीईओ ने ब्लाक के पचास निपुण विद्यालयों के बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीईओ ईश्वर कांत मिश्र ने कहा कि निपुण भारत मिशन की गतिविधियों से प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में बेहतर समन्वय से बच्चों की मजबूत नींव तैयार की जा सकती ।इसी तरह विकासखंड सरवनखेड़ा में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने पर चर्चा की गई और शिक्षकों को टिप्स भी दिए गए। बीईओ अजीत प्रताप ने शुभारंभ किया। नौ न्याय पंचायत के 45 निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अजय तिवारी, रितु साहनी आदि मौजूद रहे।

दिव्यांशी ने लगाई सबसे ऊंची छलांग

संवाददाता पुखरायां

अमृत विचार। कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय पुखरायां में चल रही वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका वर्ग लंबी कूद में शिवानी प्रथम, आस्था द्वितीय व शिवा तृतीय स्थान पर रही। ऊंची कूद प्रतियोगिता में दिव्यांशी द्विवेदी ने सबसे ऊंची चलांग लगाकर प्रथम स्थान, शबाना ने दूसरा व शबा तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं शूटिंग प्रतियोगिता में शिवानी ने सटीक निशाना साधकर प्रथम स्थान अर्जित किया। स्नेह लता द्वितीय व शबाना तृतीय स्थान पर रही। वहीं बालक वर्ग लंबी कूद में अमन गुप्ता प्रथम, आकाश साहू द्वितीय व अली हादी तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद में अनुज कुमार सबसे ऊंचा कूदकर प्रथम स्थान पर रहे। अमन गुप्ता द्वितीय व विपिन कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

शूटिंग में आकाश साहू प्रथम, अमन गौतम द्वितीय व आदर्श कुमार तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता समापन पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ. हेमेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों व शिक्षक साथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. आरपी चतुर्वेदी, प्रो. मुकेश चंद्र द्विवेदी, प्रो. सविता गुप्ता, डॉ. हरीश कुमार सिंह, डॉ. केके सिंह, रमणीक श्रीवास्तव रहे।

ऊंची कूद में प्रतिभा का प्रदर्शन करता प्रतिभागी।

रसोइया प्रतियोगिता | अकबरपुर बीआरसी में हुई पाक कला प्रतियोगिता, प्रत्येक विकास खंड से तीन रसोइयों ने किया प्रतिभाग

स्वादिष्ट तहरी बनाकर रीना ने जीता पहला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। पीएम पोषण एवं मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत रसोइयों को उनके कार्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों की जनपद स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता बीआरसी अकबरपुर में संपन्न कराई गई।

शनिवार को हुई प्रतियोगिता में जनपद के प्रत्येक विकासखंड से तीन रसोइयों ने प्रतिभाग किया। तीन चरणों के बाद राजपुर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय निन्हौरा की रीना ने सबसे स्वादिष्ट तहरी बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अकबरपुर विकासखंड के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर की सुनीता देवी द्वितीय एवं झींझक विकासखंड के कछियनपुरवा की सरोजनी देवी तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में डीआईओएस अचल कुमार मिश्र, बीएसए रिद्धी पांडेय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश दीक्षित, डायट मेंटर विनीता प्रकाश जिला समन्वयक एमडीएम चौधरी देशवीर सिंह, प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट के शेफ अभिनव सिंह आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन स्टेट रिसोर्स ग्रुप सदस्य अनंत त्रिवेदी ने किया। बीएसए ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रसोइयों को पाक कला के प्रति जागरूक करना और स्वच्छता के साथ भोजन बनाना, परोसना है। जिला समन्वयक एमडीएम चौधरी देश वीर सिंह ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 3500 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2500 रुपये व तृतीय पुरस्कार के रूप में रुपये 1500 रसोइयों के खाते में सीधे भुगतान किया जाएगा। इस मौके पर जिला समन्वयक सौरभ श्रीवास्तव, अरुणेश सचान, विनय विश्वकर्मा, एसआरजी संत कुमार दीक्षित, एआरपी नवजोत यादव, मोहम्मद शमी, अजय प्रताप सिंह, ज्योत्सना गुप्ता, नौशाद अहमद, शिक्षक अजीत कुमार, शहनाज बेगम आदि उपस्थित रहे।

पाक कला प्रतियोगिता में व्यंजन बनातीं रसोइया, मौजूद बीएसए व अन्य। अमृत विचार

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

राजपुर में नाला व सीसी रोड निर्माण का लोकार्पण

कार्यक्रम को संबोधित करते निवर्तमान सांसद रामशंकर कठेरिया।। अमृत विचार

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अन्तर्गत नगर पंचायत के कई वार्डों व अन्य जगहों पर बनने जा रहे सीसी रोड व नाला निर्माण का लोकार्पण करने पहुंचे सांसद का राजपुर चेयरमैन ने चांदी का मुकुट पहना, गदा व प्रतीक चिंह देकर स्वागत किया।

शनिवार को सांसद रामशंकर कठेरिया ने नगर पंचायत राजपुर में करीब तीन करोड़ की लागत से बन रहे सीसी रोड व नाला निर्माण का विधिविधान के साथ लोकार्पण किया। चेयरमैन अंशू त्रिपाठी व सभासदों ने आए हुए अतिथियों को प्रतीक चिंह व भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर गौ रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष फूलचंद्र कठेरिया, सांसद प्रतिनिधि अरविंद कठेरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश सिंह चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष क्रांतिवीर सिंह, महेश सिंह चौहान, प्रधान प्रतिनिधि फतेहबहादुर सिंह मिंटू, सैयद जमाल अहमद, रामबली सिंह, राजनारायन सिंह, सुंदर सिंह छोटे, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक राजेश बाथम, सभासद प्रतिनिधि सोनू वर्मा, कौशल किशोर, सभासद आलोक मिश्रा, अजय शुक्ला, गोविंद कटियार आदि मौजूद रहे।

◆ नए नियम थोपने से पहले कारोबारियों की भी राय ली जाए ◆ मार्बल मार्केट में डिवाइडर का कारोबारी कर रहे विरोध

सांसद पूरे शहर का तो दक्षिण में आफिस क्यों नहीं?

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कारोबारियों ने विभागों के नियमों और बाजारों में उस नियम को थोपने का मुद्दा मुखरता से उठाया है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए विभिन्न विभागों की योजना कमेटी को कारोबारियों से भी सुझाव लेना चाहिए। यदि ऐसा संभव न हो तो जहां के लिए विकास संबंधी नियम बने, कम से कम उस जगह के लोगों से सुझाव लिये जाएं। कारोबारियों ने हाल ही में मार्बल मार्केट की सड़क पर डिवाइडर बनाए जाने का खुल कर विरोध किया है। कारोबारियों ने सांसद का एक कार्यालय दक्षिण इलाके में भी खोलने की मांग की है।

अमृत विचार के मार्बल मार्केट में हुए संवाद में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा, कानपुर मार्बल व्यापारी सेवा समिति के अध्यक्ष पवन गौड़, राजीव कुमार, आशुतोष दीक्षित, अशोक शुक्ला व अशोक केसरवानी ने कहा कि विभागों की ओर से अचानक नियमों को लागू कर दिया जाता है। समस्या कम होने के बजाए बढ़ जाती है। नियमों पर कारोबारियों की राय भी लेनी चाहिए। हाल ही में मार्बल मार्केट की मुख्य सड़क को आदर्श रोड बनाए जाने का आदेश सुनाया गया है। इसमें डिवाडर भी पास कर दिया गया है। कारोबारियों ने इसका खुलकर विरोध किया है।

अमृत विचार के 'जनता का मुद्दा' कार्यक्रम में संवाद करते कारोबारी। अमृत विचार

पांच फीसदी हो जीएसटी

कारोबारियों ने रोटी, कपड़ा और मकान पर जीएसटी की दर को कम किए जाने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि उनके उत्पाद मकान के तहत आते हैं। यह हर आम लोगों का सपना होता है। ऐसे में यह जरूरी है कि मार्बल कारोबार के 18 फीसदी तक लगने वाले टैक्स को घटाकर 5 फीसदी के दायरे में लाया जाए। स्लैब कम करने से यह उत्पाद भी आम लोगों की पहुंच पर आ जाएगा।

गाड़ियों को न रोका जाए

- कारोबारी विनोद शुक्ला, विशाल ओमर मोनू, पियूष दधीचि और टीटू शर्मा ने कहा कि बाजार की गाड़ियों को पेपर सही होने के बाद भी रोका जाता है। कई बार वाहन को दौड़ाकर भी पकड़ा जाता है। उनका उत्पाद अन्य राज्यों से आता है। ट्रकों को रोककर अनावश्यक चेकिंग की जाती है। कारोबारियों ने मांग की है कि यह चेकिंग शहर से बाहर ही होनी चाहिए। इसके अलावा ऐसे वाहन सिर्फ यहां से होकर गुजरते हैं, उनको रोकना भी गलत है। ऐसे वाहनों को रोकने से शहर की बदनामी होती है। शहर के भीतर लोडरों को भी चेकिंग के नाम पर रोककर उत्पीड़न किया जाता है।

दक्षिण में भी बैठें सांसद

- कारोबारी विनायक पोद्दार ने कहा कि शहर के दक्षिण इलाके में सांसद का कार्यालय नहीं है। कारोबारियों और यहां रहने वाले आम लोगों को अपनी शिकायत बताने के लिए दूर जाना पड़ता है। सांसद को शहर के दक्षिण इलाके में भी अपना कार्यालय खोलना चाहिए।

जाम का हो समाधान

- कारोबारियों ने बताया कि मार्बल मार्केट के आस-पास यातायात के लिए लागू की गई व्यवस्था से जाम लगता है। इसका असर बजार पर भी पड़ रहा है। आनंदपुरी के पास नया जाम प्वाइंट बन गया है। इससे कारोबार पर असर पड़ने लगा रहा है।

ऑनलाइन कारोबार पर लगे अंकुश

- कारोबारियों ने सरकार से मांग की है कि ऑनलाइन कारोबार पर जल्द रोक लगाए। यदि जल्द ऐसा नहीं होता है तो ऑनलाइन कारोबार धीरे-धीरे कर पूरा रिटेल बाजार खत्म कर देगा। यदि सरकार ऑनलाइन के लिए नियमावली बनाती है तो उससे ऑनलाइन कारोबारी और रिटेल कारोबारी दोनो को ही लाभ होगा।

कलक्टरगंज गल्ला मंडी में बनेगा कॉमर्शियल कांप्लेक्स

नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा के बाद संशोधित मूल बजट पास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कलक्टरगंज गल्ला मंडी में 29 सौ वर्ग मीटर जमीन पर कॉमर्शियल कांप्लेक्स बनेगा। धनकुट्टी में जच्चा बच्चा अस्पताल की 700 वर्ग मीटर खाली जमीन पर महिला छात्रावास बनाया जायेगा। शनिवार को कानपुर नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में इन दो अहम प्रस्तावों पर मुहर लग गई। इस दौरान नगर निगम के मूल बजट में पार्षदों की निधि को जोड़ते हुये 24-25 वित्तीय वर्ष का अनंतिम बजट 1866.10 करोड़ रुपये भी पास कर दिया गया। गृहकर की कुल वसूली पर हर पार्षद को 34 लाख रुपये विकास के लिये दिये गये।

नगर निगम समिति कक्ष में पहले से निर्धारित समय दोपहर एक बजे शुरू हुई बैठक में सबसे पहले बजट को पास करने पर चर्चा शुरू हुई। इस दौरान पार्षदों की मांग पर गृहकर वसूली में 20 फीसदी का प्रावधान कर कार्यकारिणी ने सहमति दे दी। महापौर प्रमिला पांडेय बताया कि 16 मार्च 2024 तक 181 करोड़ रुपये की नगर निगम ने वसूली की है। इसके तहत नियमानुसार हर पार्षद को विकास कराने के लिये 34 लाख रुपये दिये गये हैं।

महापौर ने बताया कि अब वसूली के हिसाब से तय होगा कि हर वार्ड को कितना बजट मिलेगा। उन्होंने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में जो वसूली होगी उसे पार्षदों की मांग पर उनकी निधि में जोड़ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सदन में हर पार्षद को 50 लाख रुपये देने की सहमति बनी थी। इसमें अभी 16 लाख रुपये कम हैं। आगे गृहकर की वसूली कर इसको भी पार्षद निधि में जोड़ा जायेगा।

कार्यकारिणी की बैठक में महापौर प्रमिला पांडेय व अन्य सदस्य। अमृत विचार

- बैठक में दो अहम प्रस्तावों पर लगाई गई मुहर, कई और मुद्दों पर चर्चा हुई
- धनकुट्टी में जच्चा- बच्चा अस्पताल की खाली जमीन पर महिला छात्रावास बनेगा

म्यूनिसिपल बांड के जरिए बनाया जाएगा कांप्लेक्स

- कलक्टरगंज गल्ला मंडी में प्रस्तावित कॉमर्शियल कांप्लेक्स म्यूनिसिपल बांड के जरिये बनाया जायेगा। 100 करोड़ रुपये से तीन मंजिला कामर्शियल कांप्लेक्स का नगर निगम निर्माण कराएगा। कार्यकारिणी की बैठक के बाद महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि धनकुट्टी में जच्चा-बच्चा अस्पताल की 700 वर्ग मीटर खाली जमीन पर महिला छात्रावास बनाया जायेगा। नगर निगम अवस्थापना निधि से यह कार्य कराएगा। अधिकारियों से सर्वे कराकर स्टीमेट बनाने के निर्देश दिये गये हैं।

100 करोड़ से तीन मंजिला कॉमर्शियल कांप्लेक्स

34 लाख रुपये हर पार्षद को विकास के लिये

700 वर्ग मीटर जमीन पर महिला छात्रावास

291 पार्कों से कब्जे हटाने के निर्देश दिए

पार्कों से हटेगा अतिक्रमण

महापौर ने बताया कि पूरे शहर में 792 पार्क हैं। इसमें से अधिकतर पार्कों में कब्जे कर लिये गये हैं। इनको हटाने के निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों से कहा है कि सर्वे कर कब्जों को चिन्हित किया जाए और हटाया जाये। अधिकारियों के अनुसार 291 पार्कों में कब्जे हैं। बैठक में नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, कार्यकारिणी सदस्य व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

साइबर ठग ने पार किए 90 हजार रुपये

कानपुर। साइबर ठग ने महिला को एलआईसी का पैसा ट्रांसफर करने का झांसा देकर खाते से 90 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़िता ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

सनिगवां, संदीप नगर निवासी फराह खुर्शीद ने बताया कि 26 दिसंबर 2023 को उनके पास अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने युवक खुद को एलआईसी कर्मचारी बताते हुए पिता की पॉलिसी मेच्योर होने की बात कही। युवक ने 20 हजार और 50 हजार रुपये का स्क्रीनशॉट भेज कर पांच के बजाए गलती से 50 हजार भेजने की बात कह कर 45 हजार लौटाने को कहा। झांसे में आकर उन्होंने 45 हजार वापस कर दिए। बताया कि इसके बाद युवक ने पैसे न आने की बात कह कर दोबारा पैसे भेजने को कहा, जिस पर उन्होंने दोबारा 45 हजार रुपये खाते में डाल दिए। बैलेंस चेक करने पर उन्हें ठगी की जानकारी हुई।

विधायक ने सड़कों का किया लोकार्पण

संवाददाता, रसूलाबाद

अमृत विचार। विधायक निधि से बन रही सड़कों का क्षेत्रीय विधायक ने नारियल तोड़कर व फीता काट कर लोकार्पण किया। जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

शनिवार को रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माल का पुरवा ग्राम पंचायत के मजरा गोपालपुर में लंबे अरसे से कच्ची पड़ी सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। जिसका विधिविधान से फीता काटकर क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार ने लोकार्पण किया। ग्रामीणों ने बताया कि कच्चे मार्ग के चलते बरसात में इन सड़कों पर निकलना बहुत ही मुश्किल हो जाता था। पहली सड़क गोपालपुर संपर्क मार्ग से जिंदा निवादा गांव को जाती है, जो अंगदपुर वाली सड़क में मिलती है।

सड़क का लोकार्पण करतीं विधायक पूनम संखवार। अमृत विचार

- सड़क बनने से गोपालपुर व आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में होगी सहूलियत

वहीं दूसरी सड़क गोपालपुर गांव से इंटर कॉलेज होते हुए इटैली संपर्क मार्ग को जोड़ती है। दोनों सड़के बन जाने से गोपालपुर व आसपास के ग्रामीणों को काफी सुविधाएं होंगीं।

इस मौके पर अमित सिंह, राजेश सिंह, राहुल सिंह तोमर, शिवमंगल कठेरिया, गौरव सिंह, सचिन गुप्ता, राघव वाजपेई, योगेंद्र सिंह, समीर श्रीवास्तव, खुशी लाल, गणेश तिवारी शंखवार, रामशरण, राजेंद्र, कपिल आदि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में चमके कंपोजिट स्कूल के छात्र

कानपुर देहात। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में अकबरपुर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल बिगाही के छात्र छात्राओं ने विजेता बन टॉप टेन में अपना स्थान बनाने में सफलता हासिल की। बीईओ ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, टी शर्ट व नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विषय पर ब्लॉक स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन यूपीएस किशुनपुर माती विद्यालय में किया गया था। जिसमें कंपोजिट स्कूल बिगाही के कक्षा छह, सात व आठ के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कक्षा आठ के छात्र सिद्धांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इसी कक्षा की छात्रा तुलसा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लुटेरों ने छात्रा व युवक का मोबाइल फोन लूटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रावतपुर व किदवई नगर में हुई वारदात

अमृत विचार। शनिवार को नवाबगंज व किदवई नगर थानाक्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों ने युवक व छात्रा के मोबाइल लूट लिए। किदवई नगर में थाने से 100 कदम की दूरी पर वारदात हुई।

रावतपुर कालोनी निवासी राजन धूरिया ने बताया कि शुक्रवार देर शाम वह घर लौट रहा था तभी रावतपुर कालोनी के पास बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं किदवई नगर थाना से 100 कदम की दूरी पर बाइक सवार तीन लुटेरों ने छात्रा का मोबाइल लूट लिया। साकेत नगर स्थित सुभाष स्मारक कॉलेज के पास रहने वाली श्रद्धा पीएसआईटी कॉलेज में एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा है।

श्रद्धा ने बताया कि शनिवार दोपहर वह किदवई नगर थाने के सामने बस से उतर कर घर की ओर बढ़ीं इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार तीन लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें तीन लुटेरे दिख रहे हैं। किदवई नगर थाना प्रभारी ने बताया कि लुटेरों की तलाश की जा रही है।

धर्म-अध्यात्म

अलियापुर गांव में आचार्य ने सुनाई कथा, 22 मार्च को होगा विशाल भंडारे का आयोजन

श्रीमद्भागवत कथा को जीवन में उतारें तभी सुनना सार्थक

संवाददाता रनियां

अमृत विचार। अलियापुर में चल रहीश्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन गोकरन ऋषि की कथा सुनाई गई है। अयोध्या से आए आचार्य प्रेमजी महाराज ने कहा कि कथा को जीवन में उतारें। तभी इसका सुनना सार्थक है। जिस पर परमात्मा की कृपा नहीं होती है। वह पास रहते हुए भी भागवत कथा श्रवण से वंचित रह जाते हैं।

उन्होंने कहा कि धुंधकारी को भगवान की मनोहारी कथा श्रवण से ही परमधाम की प्राप्ति हो सकी थी। धुंधकारी की माता का नाम धुंधती था। जो एक ब्राह्मण की पत्नी थी। उन ब्राह्मण को कोई संतान नहीं थी। एक दिन एक ऋषि वहां से गुजरे तो उन्हें दुखी देख कारण पूछा। ऋषि ने उन्हें एक फल दिया और कहा कि वह अपनी पत्नी को खिला दें। ब्राह्मण ने वह फल अपनी पत्नी को दे दिया और ऋषि के बताए अनुसार उसे खाने के लिए कहा। लेकिन धुंधती ने वह फल गाय को खिला दिया। कुछ समय बाद धुंधती ने एक बालक को जन्म दिया, जो धुंधकारी के नाम से जाना गया और उसी समय गाय ने भी एक बच्चे को जन्म दिया। जिसका पूरा शरीर मनुष्य का और सिर गाय का था। जिसका नाम गोकर्ण पड़ा।

अलियापुर में आचार्य प्रेम जी महाराज का माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

कथा के दौरान रघुनाथ सिंह चौहान, रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर राजपाल सिंह चौहान, युवा समाजसेवी विकास सिं, भानु प्रताप सिंह ने कथा वाचक आचार्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया। आयोजक विकास सिंह चौहान ने बताया कि 22 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रामप्रताप सिंह बंगाली, गजेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, रणवीर सिंह, गुड्डू सिंह, नन्हे सिंह, राजपाल सिंह चौहान, रघुनाथ सिंह मौजूद रहे।

परमात्मा के चरणों में ही शांति मिलना संभव

संदलपुर। भौतिक साधनों से सुख तो प्राप्त किया जा सकता है, लेकिन शांति परमात्मा के चरणों में ही संभव है। यह बात संदलपुर क्षेत्र के कौरू गांव में मानस तीर्थ गौरियापुर से आए पंडित शिवम कृष्ण महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए कही। उन्होंने प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीला के बारे में बताया कि जिस समय ब्रज की सखियां नहा रही थीं। उस समय श्रीकृष्ण ने वस्त्र चुरा लिए। लीला करते-करते जब उन्हें अपने कत्वर्य का बोध हुआ तो भगवान श्रीकृष्ण भक्तों का उद्धार के लिए आगे बढ़े। कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन सफल नहीं हुआ। बाद में श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर पाप का अंत किया। उन्होंने बताया कि पाप करने वाला ज्यादा दिन नहीं टिक सकता। उसका अंत निश्चित है। ग्राम प्रधान निधि कटियार, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कटियार, किरन देवी, छोटेलाल, फूल सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

दुर्घटनाओं में दो लोगों की गई जान

रनियां। रनिया थाना क्षेत्र थाना के खानचंद्रपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर मौत हो गई। कानपुर अकबरपुर लेन पर शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की युवक को टक्कर मार दी। एसओ रनियां महेंद्र पटेल ने बताया कि युवक की शिनाख्त नही हो सकी है। शव को मोर्चरी में रखा गया है।

उधर, भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हांसेमऊ गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति के टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह व्यक्ति का शव क्षत विक्षत हो गया जिससे उसकी पहचान व उम्र का कोई पता नही चल सका। सूचना पर पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मै विनोद कुमार पुत्र राम सरन, निवासी-रहरामऊ, नियामतपुर, जिला बाराबंकी यह कि मेरे 2 पुत्र तथा 2 पुत्री है जिसमे दीपक कुमार मेरा सबसे बड़ा बेटा है। मेरे पुत्र दीपक कुमार का चाल चलन ठीक न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। उसके द्वारा भविष्य में किये गए किसी भी कृत्य/कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी / जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना

मैं अभिषेक कुमार तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी आज से अपना नाम बदल कर अभिषेक तिवारी रख रहा हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। – **अभिषेक कुमार तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी 538 का /565 त्रिवेणी नगर-2 अलहुदा विद्यालय के पास निराला नगर लखनऊ उ0प्र0 –226020**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने पुत्र शहनवाज खां और उसकी पत्नी के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से पुत्र शहनवाज खां एवं उसकी पत्नी नायदा को बेदखल करती हूं। **–मुरादी निशां पत्नी रजाउद्दीन, ग्राम-सलेमपुर डिहुवा , हथगाम, फतेहपुर**

दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई
में आवश्यकता है
स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद
योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।
आवेदन – divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें
प्रबन्धक श्री राकेश कुमार वर्मा मो–9919486606

शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी
आवश्यकता है
प्रवक्ता पद हेतु
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार
नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
प्रबन्धक प्रबीन कुमार सिंह मो–9793367812

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **गुडिया कनौजिया पुत्री ईश्वरदीन कनौजिया, निवासी– ग्राम पंचायत काजीपुर, थाना– नवाबगंज** का हाईस्कूल अनु.2458329, इंटरमीडिएट अनु.1904780 व छह सेमेस्टर का पालिटेक्निक अनु.2122093436037 यात्रा करते समय ट्रेन में गुम हो गया है।

सूचना

सूचित हो, कि मैं FOUZIYA पत्नी शेर अफगन निवासनी ग्राम बडनपूर पो. अलियावाद जि. बाराबंकी की हूँ। मैंने अपने नाम की Spelling FOUJIYA से बदलकर FOUZIYA रख लिया है, आज से मेरे नाम की spelling FOUZIYA ही लिखी जाए और इसी नाम से जाना व पहचाना जाए.

सूचना

सूचित हो कि मैं **कविता पत्नी गुलशन कुमार, निवासिनी– म0नं0 414, वायु विहार, हरजेन्दर नगर, कानपुर नगर** 208007,मेरी हाई स्कूल व इण्टर की मार्कशीट में मेरा नाम कविता रानी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम कविता अंकित है। अतः मुझे कविता रानी के स्थान पर कविता के ही नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाईस्कूल के अंक पत्र,प्रमाण पत्र में बिनय कुमार (Binay kumar) पुत्र राम लखन सिंह (Ram lakhan Singh) लिखा हुआ है जब कि अन्य अभिलेखों में विनय कुमार वर्मा (Vinay kumar verma) पुत्र राम लखन वर्मा है। मुझे विनय कुमार वर्मा के नाम से ही जाना जाता है। अतः अब मुझे विनय कुमार वर्मा के नाम से ही जाना जाए। **विनय कुमार वर्मा पुत्र राम लखन वर्मा निवासी ग्राम चितवनिया, पोस्ट बैंती, थाना–शिवगढ़, जनपद रायबरेली**

होटल कार्य हेतु

मेदांता अस्पताल लखनऊ के अपोजिट साइड रेड एक्वायर कालोनी में 11 कमरे अच्छी कंडीशन में होटल कार्य हेतु, किराए पर खाली है, जिसमे एयरकंडीशन रूम, मेज टेबल, आलमीरा, कुर्सी, 10×12 व 10×14 के कमरे हैं, कंटीन भी है, किराए के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मोबाइल नम्बर– 9455261143

सूचना

सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र, वर्ष 2007, अनुक्रमांक 1917304 कहीं खो गया है। अगर किसी को मिला हो तो इस पते पर भेजनें का कष्ट करें। **–शशांक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी निवासी धन्नीपुरवा, नेवादा, थाना राम गांव, जनपद– बहराइच**

एक नजर

पति ने पीटकर किया घायल, केस दर्ज

बिंदकी। घरेलू विवाद के चलते पति ने पत्नी को लाठी डंडो से पीट पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला पुलिस के पास पहुंची और पति के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पति के खिलाफ केस दर्ज कर घायल महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जाफरगंज थाना क्षेत्र के नयापुरवा गांव निवासी रस्मी देवी (30) को उसके पति अमर पटेल ने घरेलू क्लेश के लाठी डंडो से पीट-पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

थरियांव। बाइक सवार को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के खड़गपुर मजरे चितिसापुर गांव निवासी हंसराज पुत्र बबुल्ली बाइक से कहीं जा रहा था। वह जैसे ही थरियांव थाना क्षेत्र के पूर्वी बाईपास से हाइवे पर चढ़ा वैसे ही पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। थाना पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा। परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए।

धड़ल्ले से बेचा जा रहा मिलावटी खोवा, खाद्य सुरक्षा विभाग मौन

होली के रंग कहीं हो न जाएं बदरंग, बाजारों में खपाया जा रहा नकली खोवा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। होली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में मिलावटी खोवा की भी आवक शुरू हो गई है। बाजारों में मिलावटी दूध से लेकर खोवा तक धड़ल्ले से बेंचा जा रहा है। खरीदते समय यदि आप संजीदगी नहीं दिखाई तो आपके सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। मिलावट का गोरखधंधा बिंदकी, जहानाबाद समेत अन्य क्षेत्रों में फलफूल रहा है। बावजूद इसके खाद्य सुरक्षा विभाग गंभीर नहीं नजर आ रहा है।

बिंदकी नगर की आबादी के आधार पर प्रतिदिन लगभग 40 से 50 हजार लीटर दूध की खपत होती है। ऐसे में त्योहारों के समय दूध की डिमांड दोगुनी हो जाती है। डिमांड के बढ़ते ही मिलावटखोर दूध में केमिकल आदि मिला कर बढ़ी डिमांड को पूरा करते हैं। होली में सबसे अधिक डिमांड दूध खोवा के अलावा पापड़ की अधिक रहती है। डिमांड को पूरा करने में मिलावटखोर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने से भी नहीं चूकते हैं। कार्रवाई न होने से इनके हौसले बुलंद रहते हैं।

बाजारों में भारी मात्रा में पहुंचने लगा खोवा। अमृत विचार

ऐसे तैयार किया जाता नकली दूध-खोवा

इस क्षेत्र के जानकार बताते हैं कि यूरिया, डिटर्जेंट पाउडर, सोडा, स्टार्च, फॉर्मेलिन से सिंथेटिक दूध बनाया जाता है। इसी प्रकार शकरकंद, सिंघाड़े का आटा, आलू व मैदा के जरिए मिलावटी खोवा तैयार होता है। वजन बढ़ाने के लिए भी कई तरह की सामग्री मिलाई जाती है। इसके बाद असल खोवा दिखाने के लिए केमिकल का प्रयोग किया जाता है।

मिलावटी सामग्री बिगाड़ सकती है सेहत

मिलावटी खादय सामग्री के प्रयोग से डिहाइड्रेशन, डायरिया, फूड प्वाइजनिंग, केमिकल टॉक्सिसिटी, किडनी डिजीज के अलावा जो पहले से बीमार हैं, बीमारी और बढ़ सकती है। डॉक्टर की मानें तो दूध, खोवपा की खरीदारी में विशेष ध्यान रखे। मिलावट के खाद्य पदार्थ से बीमारियों हो सकती हैं। बचाव और सतर्कता की आवश्यकता है।

ऐसे हो सकती है पहचान

डॉ. रघुनाथ सिंह बताते हैं कि आयोडीन के विलयन को खोवा या दूध पर डाला जाए तो असली नकली की पहचान की जा सकती है। यदि मिलावटी हुआ तो वह अपना रंग छोड़ देगी। इससे इसकी पहचान की जा सकती है।

औरों की पिचकारियों में हैं रंग विशेष...

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- न वह संस्कृति रही और न ही फाग की गूंजः वेद प्रकाश मिश्र
- फागुन का होली से और होली का फाग से है अटूट संबंध

अमृत विचार। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, समाज के सुख-दुःख उसके स्वयं के सुख-दुःख होते हैं। होली का त्योहार और चुनाव जल्द ही आने वाला है। शिक्षक एवं कवि वेद प्रकाश मिश्र ने सरल भाव में आने वाले होली के त्योहार और लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के विषय में वर्णन करते हुए अपने उदगार पेश किया है।

होली के त्यौहार एवं लोकसभा चुनाव के संबंध में बिंदकी नगर के मीरखपुर के निवासी वेद प्रकाश मिश्र ने अपने कविता के माध्यम से अपने उदगार पेश किए। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार फागुन का होली से और होली का फाग से अटूट रिश्ता होता है, उसी प्रकार चुनाव का प्रत्याशी और प्रत्याशी का मतदाताओं से रिश्ता होता है। होली आने वाली है, सो फाग की चर्चा होना स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में बिंदकी नगर की गल्लामंडी, राइस मिलें दूर-दूर तक जानी जाती थीं। यहां व्यापारियों के साथ-साथ किसानों की भी पर्याप्त संख्या थी। आज से सात दशक पहले सिद्धपीठ डूंडेश्वर का मंदिर खेत-खलिहानों और बागों के बीच में अवस्थित था। किसान अपनी फसल की रक्षा के लिए उन्हीं की पूजा करते थे और अपनी उपज की पहली अंजुरी उन्हीं के नाम की निकालते थे।

योगी निकले भवन से, लेकर भगवा रंग...

आगामी लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों की होली के रंग में भारतीय जनता पार्टी के बारे श्री मिश्र ने बोल रखे कि योगी निकले भवन से, लेकर भगवा रंग, मतदाता भी मूड में, रंगवाने को अंग। वहीं बहुजन समाज पार्टी के लिए बोले कि नीला रंग भर सूंड में, बिन पहुंचाए चोंट, गली-गली हांथी फिरै, खोजे अपना वोट। उधर समाजवादी पार्टी पर बोले कि टांग साइकिल में चटक, लाल रंग का घोल, वोटर रंगने में जुटे, बता रंग अनमोल। तो उधर कांग्रेस के लिए कांग्रेस के अलग हैं, रंग तीन त्रय-बोल, अपने ढंग से रंग रहे, मतदातयी कपोल। उसी प्रकार अन्य दलों पर बोले कि औरों की पिचकारियों, में हैं रंग विशेष, कोई रंगता वक्ष तो, कोई रंगता फेस। अंत में उन्होंने कहा कि नए जमाने अर्थात डिजिटल भारत के आगे अब सभी सामाजिक त्यौहारों का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। फाग तो अब मात्र किसी गांव में ही सुना और गाया जाता होगा।

साहित्यिकार वेद प्रकाश मिश्रा।

फाग गायन अब नहीं होता

सिद्धपीठ बाबा के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा को व्यक्त करते हुए एक फाग की तरह रचते हुए श्री मिश्र ने व्यक्त किया कि डूंडेश्वर बाबा भला करे, भरे रहे भंडार अन्न से, कांडी-मसूर चला करें। वहीं दूसरी फाग के बोल में कहा कि चारा को कतरैं मोरे भाई, पहुंटा छोट गंडसिया भारी, मूंठा धरा न जाई। उक्त दोनों फागों में प्रयुक्त कांडी-मसूर और पहुंटा-गंडसिया आज कृषि संस्कृति से बाहर हो चुके शब्द और यंत्र हैं। इसीलिए ये फागें भी गायन से गायब हो गईं।

निपुण प्रदेश बनाना हमारा संकल्पः बीईओ

कार्यशाला में भाग लेते अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

संवाददाता, खागा फतेहपुर

अमृत विचार। शिक्षा क्षेत्र के धाता इंटर कॉलेज में शनिवार हमारे आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह के संयोजन में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रतिनिधि अनीता देवी एवं बीईओ धाता द्वारा किया गया।

परिषदीय विद्यालयों व बाल वाटिका के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन एआरपी हनुमान प्रताप सिंह ने किया। आंगनबाड़ी के अंतर्गत बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए उन्मुखीकरण एवं भाषा व गणित में सीखने के लिए प्रेरित किया गया। बाल वाटिका की कक्षा एक, दो एवं तीन में पढ़ रहे बच्चों को न्याय पंचायत स्तर पर पांच निपुण बच्चों को पुरस्कृत किया गया। बच्चों के उत्साह संवर्धन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को कॉपी, पेन पेंसिल इरेजर, ड्राइंग बॉक्स आदि सामग्री प्रदान की।

खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह कहा कि आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक शिक्षकों की सहायता से बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए निपुण भारत लक्ष्य के सपनों को पूरा करना का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्रेरक प्रदेश बनाने के लिए हम सब ने संकल्प लिया है, जिसे हमें समय से पूरा करना है। इसके लिए हमें पूरी लगन से प्रयास करना होगा। एआरपी जयशंकर प्रसाद एवं नरेश सहगल द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को अपने-अपने विषयों की जानकारी दी।

लोकसभा चुनावः शराब की मांग बढ़ी, देना होगा ध्यान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- ढाबा व होटल संचालकों ने स्थिति भांपकर अपना अवैध स्टाक बढ़ाया

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। प्रत्येक चुनाव की तरह इस बार भी शराब का इस्तेमाल किया जा सकता है। पुलिस व आबकारी की टीम सक्रिय हैं लेकिन कितना अंकुश लग सकेगा, यह तो समय ही बताएगा। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार इस शौक को भुनाने के लिए न केवल आर्डर बुक कर रहे हैं बल्कि मॉल को इकट्ठा भी करना शुरू कर दिया है।

लोकसभा का चुनाव होने के कारण शराब के कारोबारी भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। तमाम ढाबा व होटल संचालकों ने भी मौके की नजाकत भांपते हुए अपना यह नाजायज स्टाक बढ़ा लिया है। चूंकि आज की राजनीति में हरेक तरह के हथकंडे आजमाए जाते हैं। ऐसे में शराब रूपी हथकंडा को इस चुनाव से कैसे दूर किया जा सकता है। यही कारण है कि इसे जीत दिलाने वाले असलहे के तौर पर इस्तेमाल करने को कई दावेदारों ने तैयारी कर रखी है या करनी शुरू कर दी है। राजनैतिक पंडितों का कहना है कि शराब के शौकीन को बोतल थमाकर उसका समर्थन हासिल किया जा सकता है। ऐसे में यह हथकंडा इस्तेमाल करने में हर्ज ही क्या है।

आबकारी विभाग कुछ लीटर शराब पकड़ने तक सीमित

जिले के ग्रामीणांचलों में कई जगह पर कच्ची व अवैध देशी शराब बनाई जा रही है। बिंदकी कोतवाली, जहानाबाद थाना क्षेत्र के कंजरनडेरा तो अवैध शराब के लिए बदनाम है। इसके बावजूद आबकारी विभाग की अभी इस तरफ नजर पड़ने के बजाय कुछ लीटर शराब की पकड़ तक सीमित नजर आ रही है।

नमी कम होने से गेहूं कमजोर किसान चिंतित

फतेहपुर। फरवरी माह से ही अचानक सर्दी कम होने से गेहूं की फसल पर संकट के बादल छाने लगे हैं। कभी बेमौसम बारिश तो कभी अन्ना मवेशियों की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए मौसम की बेरुखी भी भारी पड़ रही है। बदले मौसम के मिजाज से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे उभर रही हैं। मार्च में ही 30 डिग्री तापमान को गेहूं के लिए सही नहीं माना जा रहा है।

किसानों का मानना है कि यदि मौसम का मिजाज इसी तरह रहा तो निश्चित रूप से गेहूं की बाली में दाने कमजोर होंगे। फाल्गुन माह में ही सर्दी गायब होने से गेहूं की फसल प्रभावित हो रही है। गेहूं में अभी बाली आ रही हैं। ऐसे में यदि गर्मी का रुख तेज होता है तो गेहूं के दाने का रस सूख जाएगा। इससे गेहूं पतला और कमजोर होने की संभावना है।

सार-संक्षेप

दहेज हत्या में दोषी पति को 10 साल की कैद

फतेहपुर। दहेज हत्या के मामले में आरोपी को 10 साल की कैद के साथ आर्थिक दंड भी लगाया गया है। जहरीले पदार्थ के सेवन से 27 जुलाई 2014 को विवाहिता की मौत हुई थी। मृतका के पिता की ओर से दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। दहेज हत्या में जिला जज रणंजय कुमार वर्मा की अदालत ने पति कमलेश सोनकर को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की कैद और आठ हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। शासकीय अधिवक्ता अनिल दुबे व सहायक शासकीय अधिवक्ता शिव किशोर वर्मा ने बताया कि जाफरगंज थाने के खोटिला गांव निवासी राकेश सोनकर की पुत्री रजनी देवी की शादी 23 मई 2014 को डाडा अमौली निवासी कमलेश के साथ हुई थी। रजनी की जहरीले पदार्थ के सेवन से 27 जुलाई 2014 को मौत हो गई थी। मृतका के पिता ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पांच गवाह कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत हुए। कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई के बाद कमलेश को दोषी मानकर सजा सुनाई है। साथ आठ हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

दो पालियों में कराई जाएंगी परिषदीय परीक्षाएं

फतेहपुर। परिषदीय विद्यालयों के कक्षा एक से आठ तक के शैक्षिक सत्र 2023-2024 की वार्षिक परीक्षा अब 16 मार्च की बजाय 20 मार्च से शुरू हो रही हैं। जिनका समापन 27 मार्च को होगा। बेसिक शिक्षा विभाग ने वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा दो पालियों में सुबह 9.15 बजे से 11.45 तक तथा दोपहर 12.15 बजे से 2.45 बजे तक कराई जाएगी। कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होंगी। कक्षा दो व तीन में परीक्षा लिखित एवं मौखिक होगी। लिखित व मौखिक परीक्षा का अधिभार 50-50 प्रतिशत रखा जाएगा। कक्षा चार व पांच की परीक्षा लिखित एवं मौखिक होगी, लेकिन लिखित व मौखिक परीक्षा का अधिभार 70 एवं 30 प्रतिशत होगा। इसके अलावा कक्षा छह से आठ तक की परीक्षा लिखित होगी। लिखित वार्षिक परीक्षा 50 अंकों की होगी, जिसमें बहुविकल्पीय, अति लघुउत्तरीय, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। कक्षा पांच की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन संकुल स्तर पर अन्य विद्यालय के अध्यापकों से कराया जाएगा। कक्षा आठ की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विकास खंड स्तर पर अन्य संकुल के अध्यापकों से कराने के निर्देश शासन की ओर से दिए गए हैं।

रमजान माह में बढ़ जाता कई गुना शबाब

फतेहपुर। शहर काजी कारी फरीदउद्दीन कादरी ने रोजा के बारे में बताया कि रमजान माह में इसका शबाब कई गुना बढ़ जाता है। रमजान माह में घरों से लेकर मस्जिदों तक सजदे किए जा रहे हैं। मस्जिदों में तरावीह का आयोजन भी किया जा रहा है। शहर काजी ने तकरीर करते हुए कहा कि इस्लामी कलेंडर के 12 महीनों में एक माह रमजानुल मुबारक का होता है। इस माह को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें से पहला रहमत, दूसरा मगफीरत तथा तीसरा जहन्नम से आजादी का परवाना है। अरकाने इस्लाम में से रोजा भी एक रुक्न है जो रमजानुल मुबारक के महीने में फर्ज किया गया। नफिल नमाज का सवाब फर्ज के बराबर और फर्ज का सवाब 70 गुना ज्यादा होता है। इसी माह में खास नमाज 20 रकात तरावीह भी पढ़ाई जाती है।

मांगों को लेकर किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

जाफरगंज। गांव डांडा अमौली में शनिवार को छह सूत्रीय मांगों को लेकर किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में पहुंचे थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। पदाधिकारियों ने कहा कि हर घर जल हर घर नल योजना के तहत गांवों-गांवों में खोदी गई पाइप लाइन से गांवों की गलियों को कार्यदायी संस्था द्वारा खोद कर बर्बाद कर दिया गया है, जिन्हे शीघ्र बनवाने की मांग की गई। पंचायत में तहसील अध्यक्ष सुधीर प्रताप उर्फ बबलू सिंह, अंगद सिंह, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

जानलेवा बनी टूटी सड़क हादसे में युवक की मौत

संवाददाता, थरियांव फतेहपुर

- थरियांव थाना क्षेत्र के मलाव गांव के समीप हुई घटना

अमृत विचार। अरसे से ध्वस्त पड़ी सड़क एक युवक की जान लील गई। जर्जर सड़क पर बाइक सवार मृत अवस्था में पड़ा मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क बेकार होने के कारण बाइक सवार दुर्घटना का शिकार हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उनके परिजनों को सूचना दी।

थरियांव थाना क्षेत्र के थरियांव-मलाव रोड पर सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ है। गांव के ग्रामीण अपने खेतों की तरफ जा रहे थे। तभी उनकी नजर युवक और गिरी बाइक पर पड़ी देख सभी हक्का बक्का हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह और उनकी टीम मौके पर पहुंच कर पड़ताल की तो युवक मृत मिला। पुलिस ने युवक के पास से मोबाइल और और आधार कार्ड बरामद किया।

पुलिस ने आधार कार्ड के जरिए युवक के परिजनों तक सूचना पहुंचाई। मृतक की पहचान राजेश लोधी (30) पुत्र राम विशाल निवासी मुसईपुर मजरे रामपुर थरियांव के रूप में हुई है।

गेहूं बेचने पर 48 घंटे में भुगतान

फतेहपुर। इस बार गेहूं खरीद के लिए शासन के निर्देश पर एक मार्च से ही क्रय केंद्र खोल तो दिए गए हैं लेकिन अभी गेहूं की फसल तैयार न होने से किसी भी केंद्र में बोहनी तक नहीं हुई है। हालांकि इस बार किसानों की सहुलियत के लिए समर्थन मूल्य में बढोत्तरी समेत 48 घंटे में किसानों द्वारा बेंची गई उपज का भुगतान भी किए जाने का दावा किया जा रहा है।

जिला विपणन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गेहूं उत्पादक किसान गेहूं की फसल काटकर क्रय केंद्र पर बेचें और सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य का लाभ लें।

पोस्टर के माध्यम से मतदान की अपील

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला चल रहा है। शनिवार को स्कूली बच्चों ने रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों में जागरुकता फैलाते हुए मतदान अवश्य करने की अपील की।

मलवां बाजार स्थित सरस्वती ज्ञान विद्या मंदिर पर नेहरू युवा केंद्र व युवा विकास समिति द्वारा लगातार मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत लोगों में जागरूकता को लेकर स्वीप एक्टिविटी के तहत स्कूली छात्राओं के लिए रंगोली और पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली छात्राओं ने मलवां क्षेत्र में आकर्षक रांगोली तथा पोस्टर के जरिए मतदान जागरुकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता के तहत सर्वश्रेष्ठ रंगोली और पोस्टर बनाने वाले छात्रों को पुरुस्कार दिया गया। युवा विकास समिति के संगठन प्रमुख संजय दत्त द्विवेदी, अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा, प्रधानाचार्य अवधपाल, मुकेश, किरन, आरुषि, रिया, अर्चना आदि मौजूद रहे।

रंगोली व पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करतीं छात्राएं। अमृत विचार

कम उपस्थिति | जिले के 426 स्कूलों के जिम्मेदारों से जवाब- तलब

शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- बीएसए ने नोटिस जारी कर मांगा तीन दिन में स्पष्टीकरण
- फरवरी में 35 स्कूलों के स्टाफ का रोका गया था वेतन

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की कम उपस्थिति पर संबंधित प्रधानाध्यापकों समेत पूरे स्टाफ पर लगाम कसी जा रही है। मार्च माह एक से 13 तारीख के बीच 60 प्रतिशत से कम छात्र उपस्थिति वाले 426 बेसिक स्कूलों के समूचे स्टाफ को नोटिस जारी करते हुए बीएसए ने स्पष्टीकरण तलब किया है।

बीते दिनों डीएम ने कई स्कूलों में मानक अनुरूप छात्र उपस्थिति न होने पर नाराजगी जाहिर की थी। इसे देखते हुए विभाग ने 60 फीसदी छात्र उपस्थिति न होने पर 426 परिषदीय विद्यालयों में सभी शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण तलब किया है।

इससे पहले बीएसए पंकज यादव ने फरवरी माह में 40 प्रतिशत से कम छात्र उपस्थिति वाले विभिन्न ब्लॉकों के 35 परिषदीय स्कूलों के स्टाफ का मार्च माह का वेतन अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध कर दिया था। सीएम डैशबोर्ड में फरवरी माह में एमडीएम ग्रहण करने वाले जिले के परिषदीय छात्रों की औसत उपस्थिति करीब 67 फीसदी रही। अनेक विद्यालयों की औसत छात्र उपस्थिति राज्य औसत उपस्थिति से भी कम पाई गई है।

कम उपस्थिति वाले शिक्षकों का रुकेगा वेतन

बीएसए ने बताया कि यदि निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है तो न्यून उपस्थिति वाले शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया जाएगा। जबकि संबंधित बीईओ को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। समस्त स्टाफ का वेतन अवरूद्ध होने की खबर को लेकर शिक्षकों में अफरा-तफरी दिखी।

अन्यथा की स्थिति में होगी कार्रवाई

संबंधितों को दी गई नोटिस में सपष्ट किया गया है कि तीन दिन के अंदर अपने ब्लाक के खंड शिक्षाधिकारियों को तथ्य परक स्पष्टीकरण उपलब्ध करा दें। अन्यथा की स्थिति में अग्रिम कार्रवाई कर दी जाएगी।

सभी परिषदीय स्कूलों में लगेंगे फोटो फ्रेम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- फोटो फ्रेम में दर्ज होगा सभी शिक्षकों का परिचय
- अभिभावकों को मिल सकेगी शिक्षकों से संबंधित जानकारी

अमृत विचार। शिक्षकों की विशेषता को सार्वजनिक करने के लिए अब परिषदीय स्कूलों में फोटो फ्रेम लगवाए जाएंगे। हमारे शिक्षक फोटो फ्रेम में फोटो, शैक्षिक योग्यता, आवंटित कक्षा, मोबाइल नंबर और जीते गए पुरस्कारों का विवरण अंकित किया जाएगा। शिक्षकों के साथ साथ शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों का भी ब्योरा दर्ज रहेगा।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी परिषदीय विद्यालय समेत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को शामिल किया गया है। फोटो फ्रेम लगाए जाने से शिक्षकों के प्रति न सिर्फ सम्मान का भाव बढ़ेगा बल्कि उनकी उपलब्धियां भी सभी के सामने आएंगी। राज्य शिक्षक पुरस्कार व राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेताओं के बारे में अभिभावक व आसपास के लोगों को जानकारी मिल सकेगी।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन्हें शीघ्र विद्यालयों में लगवाया जाए। शिक्षकों की उच्च गुणवत्ता की फोटो खिंचवाई जाए और उसे अच्छे फोटो फ्रेम में लगवाया जाए। विद्यार्थी, अभिभावक और निरीक्षण करने वाले अधिकारी इसे आसानी से देख सकेंगे। अच्छे शिक्षकों को छांटकर उन्होंने किस तरह यह उपलब्धि हासिल की यह दूसरे शिक्षकों को भी बताया जाएगा और उन्हें पुरस्कार जीतने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए दूसरे शिक्षकों का भी मनोबल बढ़ सकेगा।

महिला सिपाही का बैग काटकर पार किए लाखों के जेवर

फतेहपुर। रोडवेज बस से ससुराल जा रही महिला सिपाही का बैग काटकर टप्पेबाज जेवर चोरी कर ले गए। जाफरगंज थाने में तैनात महिला सिपाही आभा देवी बिंदकी कस्बे के ललौली रोड स्थित स्टेट बैंक के सामने वाली गली में किराए का मकान लेकर रहती हैं। बीते दिनों वह कस्बे के ललौली चौराहे से रोडवेज बस से ससुराल औरैया जाने के लिए निकली थीं।

उन्होंने अपना जेवर भरा बैग बस के अंदर रख लिया। बताया कि बैग में चार लाख कीमत के जेवर रखे थे। ससुराल पहुंचने पर देखा कि बैग अंदर से कटा हुआ है और जेवर गायब हैं। महिला के अनुसार चार लोग चौडगरा कस्बे के समीप बस से उतरे थे। आशंका है कि वही जेवर चोरी कर के ले गए हैं। एसएसआई सत्यदेव गौतम ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

मौसम बदलने से जुकाम और बुखार के मरीज बढ़े

सरकारी और निजी अस्पतालों में भारी संख्या में पहुंच रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। इन दिनों मौसम में उतार चढ़ाव का सेहत पर बड़ा असर पड़ रहा है। सुबह-शाम सर्दी और दिन में गर्मी का जो असर बढ़ रहा है उससे खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों समेत निजी कलीनिकों में मरीजों की भीड़ देखी जा रही है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर कक्ष तक मरीजों की भीड़ रही। 926 मरीजों ने अपने-अपने पर्चे बनवाए। डॉक्टर को दिखाने के लिए बीमारों को इंतजार करना पड़ा। सुबह 8 बजे के बाद अस्पताल में मौसमी बीमारी के मरीजों की भीड़ बढ़नी शुरू हो रही है। पर्चा काउंटर पर भी लाइनें लग रही हैं।

पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टरों को दिखाने के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। कई डॉक्टर देर से बैठते हैं इसलिए मरीज परेशान हो रहे हैं। सुबह 9 बजे के बाद कई रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर ओपीडी में बैठे। एक घंटे मरीजों को देखा फिर राउंड पर चले गए। इस कारण मौसमी बीमारी के मरीजों को दवा लेने के लिए इंतजार करना पड़ा।

पैथोलॉजिस्ट के पास मौसमी बीमारी के मरीजों की भीड़ थी। दूर दराज से जो मरीज पहुंचे उन्हें देखा गया और दवा दी गई। साथ ही साथ डॉक्टर ने बचाव के तरीके भी बताए। उन्होंने बताया कि खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज आ रहे हैं जिन्हें देखकर दवा दी जा रही है। कोई गंभीर मरीज नहीं हैं, जिसे भर्ती किया जा सके। ओपीडी में हड्डी रोग के डॉक्टर के पास भी भीड़ रही। पुरानी चोटों का जो दर्द उभर रहा है उसके मरीज सबसे ज्यादा इलाज को पहुंचे।

जिला अस्पताल में मरीजों की लगी भीड़। अमृत विचार

अधिसूचना लगते ही सड़क पर उतरीं डीएम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- वर्मा तिराहा से ज्वालागंज तक पैदल चलकर प्रचार सामग्री हटवाई

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता लागू होने के बाद शनिवार की देरशाम जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने शहर के वर्मा तिराहा से ज्वालागंज तक पैदल चलकर राजनैतिक पार्टियों के स्टेंडी, होर्डिंग, बैनर, पंपलेट, पोस्टर, वाल पेंटिंग पुताई आदि प्रचार सामग्रियों को अपने समक्ष उतरवाई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी क्षेत्रों में प्रचार सामग्रियों को तत्काल हटवाने के निर्देश संबंधितों को दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सदर वीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर समीर कश्यप सहित भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा।

चुनाव को लेकर अफसरों के साथ डीएम ने शहर का लिया जायजा। अमृत विचार

नगर निकायों ने हटाए होर्डिंग व पोस्टर

संवाददाता टीम, फतेहपुर

- सदर नगर पालिका समेत सभी नगर निकायों में चलाया गया अभियान
- नगर पालिका परिषद की टीम की सुरक्षा को लेकर मौजूद रहा पुलिस बल

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही सदर नगर पालिका समेत सभी नगर निकायों के अधिकारियों कर्मचारियों ने सक्रियता दिखाते हुए नगरीय क्षेत्र में लगे होर्डिंग पोस्टर उखाड़ दिए और चेतावनी दी गई कि अधिसूचना के बाद कोई भी राजनीतिक दल का व्यक्ति होर्डिंग व पोस्टर ना लगाए, वरना कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को दिन में करीब 3:00 बजे लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई। उसके बाद सदर नगर पालिका, बिंदकी नगर पालिका समेत सभी नगर पंचायतों की टीम हरकत में आ गईं और क्षेत्र के होर्डिंग पोस्टर उतारने में जुट गए। बिंदकी नगर पालिका की टीम पुलिस बल की मौजूदगी में नगर के मोहल्ला ललौली चौराहा, मुगल रोड, तहसील रोड, गांधी चौराहा, खजुहा चौराहा, मेन बाजार, बजाजा गली, ललौली रोड, कुंवरपुर रोड, खजुहा रोड सहित विभिन्न मार्ग में सभी दलों के लगे होर्डिंग व पोस्टर उखाड़ दिए और ट्रैक्टर में लादकर ले गए।

अधिसूचना लगने के बाद हटाई गई प्रचार सामग्री। अमृत विचार

इसी तरह से सदर नगर पालिका क्षेत्र में शहर के पटेल नगर, शादीपुर, पत्थरकटा चौराहा, हरिहरगंज समेत अन्य मार्गो में देर शाम तक प्रचार सामग्री हटाते रहे। इसी तरह से धाता नगर पंचायत में चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान करते ही आचार संहिता लागू होने पर अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी एक्शन में आ गए और प्रचार होर्डिंग की सारी सामग्री को हटाने के निर्देश दिए। चुनाव प्रचार सामग्री को हटाने में अधिशाषी अधिकारी के अलावा थाना अध्यक्ष वृंदावन राय ने पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर मौजूद रहे।

किसी भी हाल में न बिकने पाएं प्रतिबंधित दवाएं :डीएम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की ली बैठक
- आबकारी निरीक्षकों के कार्यों की भी हुई समीक्षा दिए गए दिशा-निर्देश

अमृत विचार। डीएम सी. इंदुमती ने शनिवार को जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि किसी भी हालत में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री नहीं होने पाए।

कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने ने कहा कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री रोकने के लिए समय-समय पर संबंधित विभाग के अधिकारी, पुलिस अधिकारी छापेमारी करते रहें और जांच रिपोर्ट से भी अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि आबकारी निरीक्षक कार्ययोजना बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवर्तन, निरीक्षण का कार्य करें। अवैध शराब निर्माण किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। इसके लिए लगातार छापेमारी की जाए।

बैठक में निर्देश देतीं डीएम सी .इंदुमती। अमृत विचार

उन्होंने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि उपजिलाधिकारी व पुलिस अधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर जिन मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, उसमें लगवाना सुनिश्चित करें और रिपोर्ट से अवगत कराएं। साथ ही मेडिकल स्टोरों में छापेमारी करते हुए प्रतिबंधित दवाओं व एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाएं। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों में अवैध मादक पदार्थों बिक्री रोकने के लिए अभियान चलाया जाए। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बिना अनुमति के जुलूस सभा, रैली पर लगी रोक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जनपद में 29 अप्रैल तक लागू रहेगी धारा 144
- अपर जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश

अमृत विचार। आगामी पर्व होली, जमात-उल-विदा (अलविदा), रमजान का अंतिम शुक्रवार, ईद-उल-फितर, रामनवमी एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपर जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अविनाश त्रिपाठी ने जिले में धारा-144 लागू कर दिया है।

उन्होंने बताया कि जनपद में 16 मार्च से 29 अप्रैल तक धारा लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान सार्वजनिक स्थल पर 5 से अधिक व्यक्तिओं को एक साथ इकट्ठा होना पूर्णतः प्रतिबंधितत रहेगा। किसी भी प्रकार के जुलूस, सभा, रैली एवं सार्वजनिक कार्यक्रम सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही आयोजित किए जाएंगे। वहीं कोई भी व्यक्ति अग्नेयास्त्र, लाईसेंसी शस्त्र धारक अपने शस्त्रों एवं लाठी, डण्डा, चाकू स्टिक, हाकी, भुजाली, खुखरी, तलवार अथवा अन्य कोई तेज कुन्दाल धार वाला शस्त्र, पटाखे, विस्फोटक तथा अन्य किसी प्रकार का बारूद अथवा बिना बारूद वाला शस्त्र लेकर नहीं चलेगा।

सार-संक्षेप

कार्यों का शिलान्यास करते जिला पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

अधिसूचना के ठीक पहले जिपंअ ने 21 कार्यों का किया शिलान्यास

फ़तेहपुर। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के कुछ ही घंटे पहले शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ने 21 कार्यों को शिलान्यास किया। जिला पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अभय प्रताप सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत ने हाई मास्ट एवं स्ट्रीट लाइटों के कार्यों का अनावरण करते हुए शिलान्यास किया। कुल 21 कार्यों का अनावरण कर शिलान्यास किया गया। इस दौरान ज़िला पंचायत के कई सदस्य व अधिकारी मौजूद रहें। चेयरमैन श्रीसिंह ने डबल इंजन की केंद्र व प्रदेश सरकार और शासन की जनहित वाली योजनाओं के सफ़ल क्रियान्वयन और पारदर्शी व्यवस्था होने की बात कही। इस दौरान प्रमुख रूप से ज़िला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश गिहार, अपर मुख्य अधिकारी ज्ञानधन सिंह, कार्य अधिकारी नीरज कुमार, अभियंता डीबी सिंह, कर अधिकारी शशिकान्त, मुख्य लेखाकार मुर्री सिंह, लेखाकार बीरेन्द्र कुमार शर्मा, अवर अभियंता द्वय आनंद कुमार राय व ज्योत्सना श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी सुदेश कुमार सिंह समेत कार्यालय स्टाफ़ व ठेकेदार मौजूद रहे।

समाधान दिवस : एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

बिन्दकी फतेहपुर। आचार संहिता लागू होने के पूर्व आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर सदर एसडीएम ने पहुंच कर जन समस्याएं सुनीं। कई समस्याओं को बार-बार आने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। कहा कि समस्याओं को जल्द निस्तारण किए जाएं। नगर के तहसील परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी शुभेन्द्र कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। दर्जनों समस्याओं की बार-बार पुनरावृति होने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। वहीं नगर के मोहल्ला जहानपुर निवासी प्रीति देवी पत्नी शिवम गुप्ता ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 2 फरवरी को जेठ व बहनोई ने महिला के पति से बंधन बैंक से 30 हजार को लोन निकलाया, इसके बाद से पति को कहीं गायब कर दिया। साथ ही अधिकारियों से गुहार लगाई की जल्द पति की खोज कराया जाए। वहीं सैरपुर ग्राम मजरे डीघ निवासिनी सुशीला पत्नी छोटे लाल व देवरति ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनकी प्रधानमंत्री आवास का 40-40 हजार रुपये की किस्त आयी थी, जिसे ग्राम विकास अधिकारी ने मकान निर्माण सामग्री दिलवाने की बात कहते हुए निकलवा लिया था, पर अभी तक निर्माण सामग्री नहीं दिलवाई। जिसके मकान निर्माण कार्य नहीं शुरू हो कराया जा सका।

कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

किशनपुर। थाना क्षेत्र के लोहगपुर मजरे गढ़ा गांव में शनिवार को पुलिस ने छापेमारी करते हुए 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त के साथ दबोचा है। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। लोहगपुर मजरे गढा गांव निवासी मनोज सिंह पुत्र चुन्नू सिंह काफी दिनों से कच्ची शराब बनाने का कारोबार करता था। कच्ची शराब बनाने की सूचना मुखबिर के जरिए पुलिस को लगी थी। चंदापुर चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने शनिवार को अपने हमराही सिपाहियों के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को अभियुक्त के घर से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। जिसके खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया है। पुलिस शराब के विरुद्ध अभियान चला रही है।

छेड़खानी से परेशान किशोरी ने दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। छेड़खानी से परेशान एक किशोरी ने आग लगा कर जान दे दी। मां की गोद में दम तोड़ने से पहले किशोरी ने गांव के ही दो लड़कों के नाम लिए। जिन पर अक्सर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। जिसके बाद पुलिस जांच में तेजी से जुट गई है।

मामला हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अभैया लक्ष्मणपुर का है। कुसमा देवी, दोपहर, पशुओं को घर के बगल में चारा खिला रही थीं। तभी घर से धुएं के गुबार उठते देखा। किसी अनहोनी की आशंका पर वह अंदर दाखिल हुई तो नजारा देखकर उनके मुंह से चीख निकल पड़ी। 16 साल की बिटिया को पड़ोसी मदद से आग से आजाद कराने वाली यह अभागी मां जीवन देने में नाकाम रहीं। बेटी ने दम तोड़ने से पहले गांव के दो लड़कों का नाम लिया। मां ने बताया कि पहले भी यह दोनों बेटी को परेशान कर चुके हैं। बेटी ने दम तोड़ने से पहले यह बात बताई। कहा कि बेटी छेड़खानी से तंग आकर जान दी है। इसकी सजा, कुसुरवारों को दी जाए। उधर पोस्टमार्टम हाउस में मौसेरे भाई जितेंद्र कुमार ने बताया कि गांव के दो लड़कों की हरकत के कारण बहन ने यह कदम उठाया है।

- हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अभैया लक्ष्मणपुर का मामला
- मां की गोद में दम तोड़ने से पहले दो लड़कों का लिया नाम

अब बटाईदार भी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे अपना गेहूं

फतेहपुर। किसानों के साथ-साथ बटाईदार भी क्रय केंद्रों में गेहूं बेंच सकेंगे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत जनपद में संचालित सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय के लिए किसान पंजीकरण की प्रक्रिया एक जनवरी से शुरू है। इस बार बटाईदार किसानों द्वारा भी पंजीकरण कराते हुए गेहूं बिक्री कर सकते हैं। बटाईदार किसान व मूल किसान के मध्य लिखित सहमति से मूल किसान के अभिलेख तथा उसके आधार लिंक्ड मोबाइल पर ओटीपी प्रेषित कर पंजीकरण कराया जाएगा। मूल स्वामी के दूरभाष नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाएगी। उसकी जमीन का पंजीकरण बटाईदार श्रेणी में किया गया है।

बिंदकी क्षेत्र में खनन माफिया बेखौफ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- एक जिला पंचायत सदस्य अवैध खनन कराने के लिए चर्चा में
- कटरी क्षेत्र में धड़ल्ले से किया जा रहा बालू का अवैध खनन

अमृत विचार। बिंदकी के गंगा कटरी क्षेत्र में अवैध बालू खनन का धंधा बेरोकटोक चल रहा है। अवैध खनन के जगह-जगह निशान भी दिखते हैं। खनन माफिया के गुर्गे शाम होते ही जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर उतर जाते हैं और अवैध बालू खनन पूरी रात चलता है। बावजूद इसके अफसर अवैध खनन करने वालों को पकड़ने के लिए धरातल पर उतरने को तैयार नहीं हैं। अफसर कार्रवाई के नाम पर सड़क पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ कर रस्म अदायगी निभा दी जाती है।

बिंदकी तहसील के औंग थाना क्षेत्र के आशापुर इलाके में अवैध खनन जारी है। मामले की शिकायत ग्रामीणों ने प्रशासनिक अफसरों से की तो डंपर पकड़ कर मामूली जुर्माने की कार्रवाई करके छोड़ दिया गया। जबकि थानों के सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध खनन का बालू लाद कर निकलती हैं।

अवैध खनन में सत्ता के रसूखदार शामिल

आशापुर क्षेत्र में हो रही अवैध खनन में सत्ता के रसूखदार एक जिला पंचायत सदस्य इन दिनों चर्चा में है। ग्रामीणों की शिकायत मिलते एसडीएम बिंदकी मौके पर पहुंचे तो खनन माफिया के गुर्गे भाग निकले। सत्ता के ओहदेदारों का संरक्षण प्राप्त होने से दोषियों के खिलाफ कोई कठोर कार्यवाही नहीं हो पाती है। वहीं खनन विभाग ने अवैध हुए खनन का सीमांकन तक नहीं किया।

पट्टा किसी के नाम, खनन करता कोई और

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गुनीर-मवइया क्षेत्र में खनन का पट्टा किसी के नाम हुआ और खनन कोई और कर रहा है। सूत्रों की माने तो बिना खनन माफिया का संरक्षण मिले पट्टे धारक के लिए खनन कराना आसान नहीं रहा। खनन दिन में होनी चाहिए थी लेकिन कारोबारी रात में मशीनों से बेखौफ होकर मनमाने ढंग से खनन करते हैं। जिससे एनजीटी नियम तार-तार हो रहे हैं।

खनन माफिया एक दिन में लाखों का कारोबार करते हैं। कटरी क्षेत्र में अवैध बालू खनन कर माफिया मालामाल हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो खनन विभाग के लोग इस खेल में शामिल हैं जिस कारण अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है। आशापुर गांव के लोगों ने अवैध खनन के विरोध में आवाज उठाई तो डंपर को पकड़ रस्म अदायगी भर कर दी गई। लाखों की राजस्व चोरी होने के बाद जेसीबी को खाकी बरामद नहीं कर सकी। अवैध खनन होने से बारिश के दिनों में गांवों के कटान का खतरा बढ़ गया है।

यूपी बोर्ड चार केंद्रों पर चल रहा मूल्यांकन कार्य, पहले दिन जांची गईं 12 हजार से अधिक कॉपियां

नमूना कॉपियों के साथ मूल्यांकन कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन अफरा तफरी के बीच डीएचई द्वारा 20-20 नमूना कॉपी चेक की गईं। उसके बाद परीक्षकों ने कॉपियों का मूल्यांकन तेजी से शुरू किया। पहले ही दिन चारों केंद्रों पर 12 हजार से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन किया गया।

इस बार भी बोर्ड की परीक्षा की तर्ज पर मूल्यांकन कार्य भी कड़ी चौकसी के बीच कराया जा रहा है। सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन के लिए हाईस्कूल में दो केंद्र तथा दो केंद्र में इंटरमीडियट की कॉपियों का मूल्यांकन किया जाना है। पहले दिन सभी केंद्रों में डीएचई एवं परीक्षकों की अनुपस्थिति भी रही। राजकीय इंटर कॉलेज में उप नियंत्रक के नेतृत्व में, 734, जीजीआईसी में निधि अवस्थी के नेतृत्व में 2928, सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार में 1280 तथा एएस इंटर कॉलेज में उप नियंत्रक के नेतृत्व में 7002 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया।

राजकीय इंटर कॉलेज में सूची में अपना नाम देखते परीक्षक। अमृत विचार

कहां कितने परीक्षक पहुंचे

जीआईसी में 347 के सापेक्ष 198 परीक्षक उपस्थित, जीजीआईसी में 305 के सापेक्ष 180, सदाशिव इंटर कालेज में 667 के सापेक्ष 451 एवं एएस इंटर कॉलेज में 586 परीक्षकों के सापेक्ष 338 परीक्षक ही उपस्थित रहे। शेष की अनुपस्थिति दर्ज की गई।

- सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस तैनात

मूल्यांकन की कंट्रोलरूम से निगरानी

हाईस्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य की भी कंट्रोल रूम से नजर रहेगी। मूल्यांकन कार्य को लेकर एक स्टेटिक और एक पर्यवेक्षक को नामित किया गया है। वहीं कॉपियों को जांचने के लिए 1904 परीक्षक और 197 उप प्रधान परीक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। जिले के चार मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल इंटरमीडिएट की कॉपियां जांची जा जा रही हैं। 31 मार्च तक कैमरे की निगरानी में कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

माफिया ने किया तालाब पर कब्जा, शिकायत की गई

खागा फतेहपुर। खखरेरु थाना अंतर्गत हरचन्द्रपुर गांव में एक दबंग द्वारा काफी समय से तालाबी नंबर को कब्जे में लेकर उसमें कई किस्म की खेती कर रहा है। फिलहाल की स्थति में चना की फसल खड़ी बताई जा रही है। तालाब का बड़ा रकबा होने की वजह से चारों तरफ अतिक्रमण कर रखा है। जिसको लेकर गांव के ही निसार अहमद पुत्र मो. सुबराती ने खागा एसडीएम को शिकायती पत्र देते हुए तालाबी नंबर को मुक्त कराने की मांग की है। इन्होंने अपने शिकायती पत्र में यह भी बताया कि गांव में भू-माफियाओं का एक गैंग है, जो सरकारी भूमि में अवैध कब्जा कर लिए हैं जिसमें तालाब, खलियान व खाद के गड्ढे शामिल हैं।

शिकायती पत्र में बताया गया है कि खखरेरु थाना क्षेत्र के गांव हरचन्द्रपुर में पूर्वजों के समय से एक पुराना तालाब है। गांव के ही कई लोग उसमें कब्जा कर रखा है। जिसकी लिखित शिकायत खागा एसडीएम से की गई है। शिकायत कर्ता ने बताया कि पूर्व में माफिया की भाभी गांव की प्रधान थी, तभी सुनियोजित ढंग से गैंग बनाकर ग्रामसभा की सुरक्षित भूमि कब्जा कर लिया गया था। जो आज तक कब्जा बना हुआ है। क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि मौके पर जाकर भूमि की पैमाइश की गई है। जहां तालाब में अतिक्रमण तो नहीं है बल्कि खाद गड्ढा में जरूर लोग कब्जा कर लिए हैं जिसे जल्द मुक्त किया जाएगा।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अल्लीपुर बहेरा में चार दिन पूर्व अनियंत्रित होकर पिकअप पलट जाने से 45 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात सदर अस्पताल में मौत हो गई।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के छेऊंका गांव निवासी स्व. सुखदेव के पुत्र राम बहादुर 11 मार्च को पिकअप में बैठकर इलाहाबाद जा रहा था। बताते हैं कि जब पिकअप अल्लीपुर बहेरा के समीप पहुंची तभी अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार की रात उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

कन्नौज लोकसभा के मतदाता 13 मई को चुनेंगे 'भाग्यविधाता'

18 से 25 अप्रैल तक होंगे नामांकन, चार जून को होगी मतगणना, जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में मातहतों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। जिले में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा, जिसके लिए 18 अप्रैल से नामांकन प्रारंभ होंगे, जो 25 अप्रैल तक चलेंगे। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दीं हैं। चार जून को मतगणना निगम मंडी परिसर में होगी।

शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई, जिसके तहत कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा। इसके लिए 18 अप्रैल को नोटीफिकेशन जारी होगा और नामांकन 25 अप्रैल तक होंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 29 अप्रैल तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके बाद जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1519 बूथों पर 13 मई को वोट डाले जाएंगे। इसके बाद ईवीएम को निगम मंडी में बने स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखा जाएगा और चार जून को मतगणना की जाएगी। चौथे चरण में ही कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में शामिल कानपुर देहात जिले की रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र व औरैया जिले की बिधूना विधानसभा क्षेत्र में भी वोट डाले जाएंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

12 जोनल मजिस्ट्रेट किए गए तैनात

151 बर्नेवल बूथ किए गए चिह्नित

140 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी रहेंगे मुस्तैद

167 संवेदनशील बूथ की पहचान

- दो पड़ोसी जिलों के भी विधान सभा क्षेत्र शामिल

1519 बूथों पर किया जाएगा मतदान, कड़ी सुरक्षा में निगम मंडी में बने स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी ईवीएम

मतदान केंद्र व बूथों की स्थिति

विधानसभा क्षेत्र	विधायक	दल	मतदान केंद्र	बूथ
196-छिबरामऊ	अर्चना पांडेय	भाजपा	348	547
197-तिर्वा	कैलाश राजपूत	भाजपा	399	487
198-कन्नौज सदर	असीम अरुण	भाजपा	305	485
205-रसूलाबाद	पूनम शंखवार	भाजपा	259	384
202-विधूना	रेखा वर्मा	सपा	391	425

यह है चुनाव कार्यक्रम

अधिसूचना की तिथि : 18 अप्रैल
नामांकन पत्रों की बिक्री : 18-25 अप्रैल
नामांकन जमा करने की तिथि : 18-25 अप्रैल
नामांकन पत्रों की जांच : 26 अप्रैल
नाम वापसी की तिथि : 29 अप्रैल
मतदान करने की तिथि : 13 मई
मतगणना की तिथि : 04 जून

मतदाताओं की स्थिति

विधानसभा क्षेत्र	मतदाता	पुरुष	महिला	अन्य
छिबरामऊ	476207	253093	223095	19
तिर्वा	380814	204061	176729	24
कन्नौज सदर	429763	228125	201438	14
रसूलाबाद	323836	173437	150381	18
विधूना	365084	199184	165888	12
योग	1808886	1000035	808799	87

कन्नौज में अब तक सांसद

लोकसभा	वर्ष	पार्टी	सांसद का नाम
चौथी	1967	प्रजा सोशलिस्ट पार्टी	डॉ. राममनोहर लोहिया
पांचवी	1971	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	सत्यनारायण मिश्र
छठीं	1977	भारतीय जनसंघ	रामप्रकाश त्रिपाठी
सातवीं	1980	जनता पार्टी (एस)	छोटे सिंह यादव
आठवीं	1984	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	शीला दीक्षित
नौवीं	1989	जनता दल	छोटे सिंह यादव
दसवीं	1991	जनता पार्टी	छोटे सिंह यादव
ग्यारहवीं	1996	भारतीय जनता पार्टी	चन्द्रभूषण सिंह
बारहवीं	1998	समाजवादी पार्टी	प्रदीप कुमार यादव
तेरहवीं	1999	समाजवादी पार्टी	मुलायम सिंह यादव
उपचुनाव	2000	समाजवादी पार्टी	अखिलेश यादव
चौदहवीं	2004	समाजवादी पार्टी	अखिलेश यादव
पंद्रहवीं	2009	समाजवादी पार्टी	अखिलेश यादव
उपचुनाव	2012	समाजवादी पार्टी	डिंपल यादव (निर्विरोध)
सोलहवीं	2014	समाजवादी पार्टी	डिंपल यादव
सत्रहवीं	2019	भारतीय जनता पार्टी	सुब्रत पाठक

"भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में 18 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और चतुर्थ चरण में 13 मई को मतदान होगा। इसके बाद चार जून को निगम मंडी में मतगणना की जाएगी। आचार संहिता के अनुपालन के लिए टीमों का गठन किया गया है।

-विनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

दिग्विजय सिंह सदर कोतवाल, आनन्द मिश्रा बने इंदरगढ़ थानाध्यक्ष

कन्नौज। एसपी ने दो निरीक्षकों व चार दरोगा के कार्यक्षेत्र बदल दिये हैं। ठठिया थाने के इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह को सदर कोतवाली की कमान सौपी गई है। जबकि गुरसहायगंज से दरोगा आनन्द मिश्रा को इंदरगढ़ थाने का चार्ज सौपा गया है।

प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह।

एसपी अमित कुमार आनन्द ने शुक्रवार की देर रात सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी को हटा दिया है। उनको अपराध शाखा भेजा गया है। ठठिया थाने के इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह को सदर कोतवाली का चार्ज दिया गया है। इसी तरह इंदरगढ़ थानाध्यक्ष किशनपाल को ठठिया थानाध्यक्ष बनाया है। गुरसहायगंज की चौकी सराय प्रयाग के प्रभारी आनन्द मिश्रा को इंदरगढ़ थानाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा इसके अलावा ठठिया थाने की चौकी खैरनगर के प्रभारी राहुल को गुरसहायगंज कोतवाली की चौकी सराय प्रयाग का प्रभारी बनाया गया। ठठिया थाने में तैनात दरोगा भूप सिंह को ठठिया थाने की चौकी खैर नगर का प्रभारी बनाया गया है। सभी ने स्थानांतरण आदेश आने के बाद चार्ज संभाल लिया है।

डीएम व एसपी ने नवीन मंडी का किया निरीक्षण

छिबरामऊ, कन्नौज

- स्ट्रांग रूम में व्यवस्था का जायजा लिया

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही जिला प्रशासन चुनाव की तैयारी में जुट गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने नवीन मंडी स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने नवीन मंडी स्थल का निरीक्षण किया। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर यहां की व्यवस्थाओं व सुविधाओं को देखते हुए डीएम ने अधीनस्थों को तैयारियों के निर्देश दिए। मतपेटियों के लिए स्ट्रांग रूम, चुनाव पर्यवेक्षकों के ट्रेनिंग देने के स्थल का चयन करने के साथ मंडी के नीलामी चबूतरे को मतगणना के लिए चयनित करते हुए समिति सचिव को सफाई व मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह, लेखपाल विमल आदि मौजूद रहे।

एसडीएम-सीओ ने ली बैठक

कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेयी व एसडीएम तिर्वा अशोर कुमार ने थाना तिर्वा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों के सम्बन्ध में थाना तिर्वा पर समीक्षा गोष्ठी की गई। इस दौरान अति संवेदनशील मतदान केंद्रों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस चौकी इंचार्ज मौजूद रहे।

आचार संहिता लागू होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की राजनीतिक दलों की बैठक

बिना अनुमति चलने वाले प्रचार वाहन होंगे सीज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वाहनों पर झंडे लगाने तथा लाउडस्पीकर के बारे में दी गई जानकारी

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने के उद्देश्य से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान कहा कि आदर्श आचार संहिता के तहत एक काफिले मे 10 बाइकें, (सुरक्षा को मिलाकर) से अधिक की अनुमति नहीं होगी। बाइक पर एक झण्डे की अनुमति होगी जिसका साइज एक या दो फ़ीट का होगा। बिना अनुमति प्रचार वाहन सीज होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि झंडे के साथ लगे डंडे की लंबाई तीन फीट होगी। रोड शो के लिए सक्षम प्राधिकारी से पूर्वानुमति ली जाएगी। रोड शो में शामिल होने वाले व्यक्तियों व वाहनों की संख्या पूर्व से सूचित की जाएगी। आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोड शो सड़क की आधी से अधिक चौड़ाई को कवर नहीं करेगा। रोड-शो में प्रयोग किए जाने वाले वाहनों की संख्या के काफिले को प्रत्येक दस वाहनों के बाद ब्रेक किया जाएगा तथा 100 मीटर का अंतराल पर रखा जाएगा। कहा कि जुलूसों चुनावी सभाओं मे लाउडस्पीकर का प्रयोग रात्रि दस से प्रातः छह बजे तक प्रतिबन्धित रहेगा। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा अनुमति प्राप्त वाहनों पर ही लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है।

मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घण्टे की अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के या किसी अन्य तरीके से किसी भी वाहनों पर लगे किसी भी लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। कहा कि कौन से बूथ पर कौन सी मशीन जा रही है इसकी सूचना राजनीतिक दलों को होगी। उन्होंने कहा कि मतदाता को डराने धमकाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीडियो निगरानी टीम एवं उड़नदस्ता टीमें एक्टिव दिखेंगीं। बैठक के दौरान उप जिलानिर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राजनीतिक दलों की बैठक में निर्देश देते डीएम व एडीएम। अमृत विचार

बिना अवकाश के गायब वीडीओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ग्राम तिखवा में खर्च के अभिलेख भी डीपीआरओ कार्यालय में नहीं दिए
- विकास कार्यों को प्रभावित करने के आरोप में डीडीओ ने की कार्रवाई

अमृत विचार। बिना अवकाश स्वीकृत कराए तैनाती वाले क्षेत्र से गायब चल रहे ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) को निलंबित कर दिया गया है। उन पर विकास कार्यों को प्रभावित करने व ग्राम पंचायत तिखवा में खर्च किए बजट के अभिलेखों को मुहैया न कराने का आरोप है।

डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने जारी किए ग्राम विकास अधिकारी विनीत कुमार के निलंबन आदेश में कहा है कि वह उमर्दा विकास खंड में संबद्ध रहेंगे। जांच अधिकारी प्रभारी बीडीओ/डीसी मनरेगा दयाराम यादव को बनाया गया है। 15 दिन में आरोप पत्र भी मांगे गए हैं। बताया गया है कि ग्राम विकास अधिकारी के पास मेहंदीपुर व गुखरू समेत अन्य ग्राम पंचायतों का चार्ज था। कई दिनों से गैरहाजिर रहने की वजह से माना जा रहा था कि कार्रवाई तय है।

निलंबन आदेश में पांच मुख्य कारणों से कार्रवाई होने की बात कही गई है। इसमें बिना अवकाश स्वीकृत कराए ब्लॉक कन्नौज व तैनाती वाले क्षेत्र से गलत तरीके से पहली फरवरी से लगातार अनुपस्थित रहना व चिकित्सा अवकाश के लिए अपूर्ण व बिना समक्ष अधिकारी से प्रमाणित कागज न देना भी शामिल है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत तिखवा में व्यय के अभिलेख डीपीआरओ कार्यालय में देने, ऑडिट जैसे महत्वपूर्ण कार्य व ग्राम पंचायतों के समस्त विकास कार्य को जानबूझकर प्रभावित करने का भी आरोप है। बताया गया है कि निलंबन के बाद रिक्त हुई ग्राम पंचायतों में दूसरे सचिव की तैनाती कर दी गई है।

बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटा घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम घिलोई के पास दो बाइकों की हुई भिड़ंत में मां-बेटा घायल हो गए। आस पास के लोगों ने सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद महिला की हालत में सुधार न देख चिकित्सक ने तिर्वा के लिए रेफर कर दिया।

जिला फर्रुखाबाद थाना जहानगंज के ग्राम गगनपुर तुर्रा निवासी राधा पत्नी सुबोध पाण्डेय बेटे अक्षय पाण्डेय के साथ बाइक से चौकी प्रेमपुर क्षेत्र के ग्राम लोधापुर स्थित अपने मायके अंत्येष्ठि संस्कार में शामिल होने जा रहीं थी। रास्ते में ग्राम घिलोई के पास बेवर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों मां-बेटा घायल हो गए। आस पास मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस से नगला दिलु स्थित सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया।

शासन की अनुमति से स्थापित हुई रानी अवंतीबाई की प्रतिमा

तिर्वा, कन्नौज। राजमाता वीरागंना रानी अवंतीबाई प्रतिमा हटने के बाद समाज के लोगो मे आक्रोश देखकर विधायक ने उसे लगाने की जिद पर आ गए। विधायक की जिद के आगे चौबीस घंटे के अंदर शासन ने अनुमति दे दी। प्रतिमा को आचार सहिता के पहले उसी स्थान पर स्थापित कर दी गई।

लोधी समाज के लोगो ने राजमाता वीरागंना रानी अवन्तीबाई की प्रतिमा लगवाने की कई बार प्रशासन समेत सत्तापक्ष के विधायक से की। विधायक कैलाश राजपूत ने समाज के लोगों को विधान सभा चुनाव के दौरान प्रतिमा लगवाने का आश्वशासन दिया था। गुरुवार की शाम को विधायक ने अपने समर्थकों के साथ कस्बे के इंदरगढ़ तिराहा पर ढाचा बनवाकर प्रतिमा को स्थापित कर दिया। बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापना की जानकारी पर पहुचे प्रशासन ने उसे हटवा दिया। रानी अवंतीबाई की प्रतिमा लगकर हटने की जानकारी होते ही समाज के लोगो मे सत्तापक्ष को लेकर आक्रोश उत्पन्न होने लगा। समाज के लोगो का आक्रोश देखकर विधायक ने शासन से प्रतिमा लगवाने की अनुमति लेने की ठान ली। शनिवार की दोपहर मे शासन ने प्रतिमा लगवाने के लिए अनुमति पत्र जारी कर दिया। अनुमति पत्र जारी होने के बाद विधायक के समर्थको ने आचार संहिता लगने के कुछ देर पहले प्रतिमा को उसी जगह स्थापित कर दिया।

तिर्वा में लगाई जा रही महारानी अवंतीबाई की प्रतिमा। अमृत विचार

चुनाव की तैयारी | ग्राम चौकीदारों को मिली ड्यूटी की सामग्री, एसपी ने बांटा सामान

सीटी बजाते निकलेंगे चौकीदार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने रिजर्व पुलिस लाइन में ग्राम चौकीदारों को आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनपद में बेहतर कार्य करने वाले ग्राम चौकीदारों को उनकी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति करने के लिये जैकेट, जर्सी, टॉर्च, जूते, सीटी, आई-डी कार्ड, साफा, साइकिल इत्यादि वस्तुएं प्रदान की गयी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ग्राम चौकीदार ग्राम पुलिस व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। इनके पास गांव में होने वाली हर गतिविधियों की जानकारी रहती है। थाना, कोतवाली पुलिस इनके साथ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम व्हाट्सएप के जरिये सम्पर्क बनाये रखा जाता है, जिनके द्वारा पुलिस को महत्वपूर्ण सूचनाऐं प्राप्त होती रहती है। जिससे कानून-व्यवस्था बनाये रखने में सकारात्मक सहयोग प्राप्त होता है। आगामी चुनाव में अवैध शराब, मादक पदार्थ, अवैध शास्त्र के संबंध में सूचना एकत्रित करेंगे। इस सूचना को चौकीदार पुलिस को सौपेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये ग्राम चौकीदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस कार्यको करने में वह किसी तरह की लापरवाही न करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन डॉ. प्रियंका वाजपेयी, सीओ छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सुखपाल सिंह व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में चौकीदारों के साथ में खड़े एसपी, तिर्वा व छिबरामऊ के सीओ।

पहले दिन 1105 परीक्षक, 66 डीएचई गैरहाजिर रहे

कन्नौज। शहर के दो इंटर कॉलेजों में यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो गई। पहले दिन 1105 परीक्षक और 66 उप प्रधान परीक्षक (डीएचई) गैरहाजिर रहे। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कुल 8587 कॉपियां जांची गईं। इससे पहले मूल्यांकन करने की बारीकियां भी बताई गईं।

केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो गया। उप नियंत्रक/प्रधानाचार्य एके शर्मा ने बताया कि कि केंद्र पर एक लाख 51 हजार 942 कॉपियों का आवंटन मिला है, उसके सापेक्ष एक लाख 42 हजार 776 उत्तरपुस्तिकाएं आ गईं हैं। पहले दिन आवंटित 628 परीक्षकों के सापेक्ष 168 ही उपस्थित हुए और 460 गैरहाजिर रहे। उप प्रधान परीक्षक 69 तैनात किए गए हैं, उसके सापेक्ष 16 ही मूल्यांकन करने पहुंचे। यहां इंटरमीडिएट की कुल 1530 कॉपियां जांची गईं।

सार-संक्षेप

तिर्वा क्रॉसिंग जीटी रोड पर होर्डिंग उतारते नगर पालिका कर्मचारी। अमृत विचार

तिर्वा क्रॉसिंग पर प्रशासन ने उतारी राजनीतिक होर्डिंग

कन्नौज। चुनाव आचार संहिता लागू होते ही पुलिस प्रसासन एलर्डमोड में आ गया है। शाम के समय एसडीएम सदर के नेतृत्व में पुलिस व नगरपालिकी की टीम ने राजनैतिक दलों की लगी हेर्डिंगों को हटवा दिया है। शनिवार को एसडीएम अविनाश कुमार गौतम, सीओ कमलेश कुमार, कोतवाल दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में होर्डिंग हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीवी पर सवार होकर नगरपालिका कर्मचारियों ने होर्डिंग उतारने का काम किया। अभियान देख लोग पुलिस व प्रसासन की इस कार्रवाई को दूर खड़े होकर देखते नजर आये। एसडीएम ने कहा कि शहर ही नहीं मुख्य मार्गों पर टंगी होर्डिंगे हटाई जायेगी। दीवारों पर लिखे राजनैतिक दलों की पेंटिग को भी हटाया जायेगा।

होर्डिंग बैनर हटवाते एसडीएम तिर्वा व अन्य। अमृत विचार

सड़क पर उतरा प्रशासन

तिर्वा। लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए एसडीएम अशोक कुमार, सीओ डाक्टर प्रियंका बाजपेयी, तहसीलदार अवनीश कुमार ने फोर्स के साथ कस्बे मे लगी राजनीतिक फोटो व होर्डिंग को उतरवाकर आचार संहिता का पालन कराने मे जुट गए। एसडीएम ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। बिना अनुमति के कोई कार्य नही होगा।

होर्डिंग व बैनर उतारते नगर पालिका कर्मचारी। अमृत विचार

छिबरामऊ में चला प्रचार सामग्री हटाने का अभियान

छिबरामऊ। चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही नगर पालिका प्रशासन आचार संहिता का पालन कराने को सख्त दिखा। शनिवार की शाम प्रशासन ने नगर के मुख्य बाजार में लगे पार्टी के नेताओं के होर्डिंग, बैनर को उतरवा दिया। शनिवार को चुनाव आचार संहिता लगते ही नगर पालिका ने कर्मचारियों की टीम गठित कर राजनैतिक दलों से जुड़े बैनर, पोस्टर उतारने का काम शुरू कर दिया। दोपहर बाद आचार संहिता लागू होने की खबर आते ही इसमें तेजी बरती गई। शाम तक नगर के सभी मार्गों से प्रचार सामग्री हटाई नहीं जा सकी थी। ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि रविवार शाम तक नगर के सभी जगहों पर लगे होर्डिंग, बैनर हटवा दिए जाएंगे।

थानाध्यक्ष बनने पर दी गई विदाई

तेराजाकेट-कन्नौज। शनिवार को स्थानीय सराय प्रयाग चौकी पर विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों सहित पुलिस कर्मियों ने चौकी प्रभारी रहे आनंद कुमार मिश्रा को इंदरगढ़ थानाध्यक्ष बनने पर फूलमाला पहनाकर विदाई दी और हर्ष व्यक्त किया। पूर्व प्रधान राजीव दुबे ने कहा कि स्थानांतरण विभागीय प्रक्रिया है। लेकिन व्यक्ति के कार्य सदैव लोगों के बीच रहते है। इस दौरान उप निरीक्षक ओम सिंह, कांस्टेबल राजेन्द्र, सुभाष कुमार, रत्नेश पटेल, अंकित यादव, गोलू सिंह मौजूद रहे।

दस एमवीए का ट्रांसफार्मर बदला गया, 10 घंटे गुल रही बिजली

आज बदला जायेगा दूसरे ट्रांसफार्मर का स्थान, फिर 10 घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मकरंदनगर विद्युत उपकेंद्र पर लगे दो 10-10 एमवीए के ट्रांसफार्मरों के स्थान बदलने का कार्य तेज कर दिया गया है।शनिवार को 10 घंटे बिजली कटौती के साथ एक ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। अब दूसरा ट्रांसफार्मर रविवार को दूसरे स्थान पर स्थापित किया जायेगा। इससे दूसरे फीडरों की बिजली 10 घंटे के लिये काटी जायेगी।

ट्रांसमिशन सेंटर के अंदर लगे मकरंदनगर उपकेंद्र के 10-10 एमवीए के ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है। इसमें से एक ट्रांसफार्मर को दूसरे स्थान पर स्थापित कर दिया गया। इससे करीब 10 घंटे हर समेत ग्रामीण क्षेत्र की बिजली में मामूली कटौती की गई।

मकरंदनगर उपकेंद्र पर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित करते इंजीनियर व अन्य।

- खाली प्लेटफार्म पर रखा जायेगा 60 एमवीए का ट्रांसफार्मर

एक्सईएन मगन सिंह ने बताया कि रविवार को दूसरा 10 एमवीएका ट्रांसफार्मर का स्थान बदला जायेगा। इससे रविवार 17 मार्च को कन्नौज टाउन फीडर, नगरकोट फीडर, कलक्ट्रेट फीडर के अलावा कोल्ड स्टोरेज फीड़रों की बिजली सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक कटेगी। शनिवार को ट्रांसफार्मर स्थापित करने से मकरंदनगर, जसोदा समेत कई अन्य फीडरों की बिजली 10 घंटे तक काटी गई, जब कि शहर को काट-काट कर बिजली की आपूर्ति की गई है। इन दो ट्रांसफार्मरों के हट जाने के बाद खाली हुए प्लेटफार्म पर 60 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थिपत किया जायेगा। इस के लग जाने के बाद आधे जिले को भरपूर बिजली मिलेगी। गर्मी होने पर भी किसी तरह की कटौती नहीं की जायेगी। मालुम हो कि मकरंदनगर ट्रांसमिशन सेंटर पर करीव एक वर्षसे क्षमता वृद्धि के लिये ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। समय के भाव में इसे स्थापित नहीं किया जा रहा था। इसका मुख्य कारण मकरंदनगर उपकेंद्र के दो ट्रांसफार्मर थे, जो ट्रांसमिशन सेंटर में रखे थे। इनके हट जाने के बाद क्षमता वृद्धि का रास्ता साफ हो जायेगा।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कन्नौज। नाबालिग को बंधक बना कर बलात्कार व वीडियो वायरल करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय से जेल भेजा गया है।

थाना सौरिख पर पंजीकृत रिपोर्ट के आधार आरोपी मोनू पुत्र लाखन सिंह राजपूत थाना सौरिख जनपद कन्नौज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एसपी अमित कुमार आनन्द ने बताया कि पीड़ित की भतीजी के साथ बलात्कार किया गया। जब उसने शिकायत की तो उसे धमकी दी गई।

यही नहीं, दो अज्ञात लोगों ने अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर देने की भी धमकी दी थी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में सौरिख थाने के निरीक्षक सचिन कुमार सिंह व दरोगा आलोक कुमार सिंह, हेड कांसटेबल अरविन्द कुमार, मनोज कुमार शामिल रहे।

सांसद का एक और वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तिर्वा में रानी अवंतीबाई की प्रतिमा के मामले में कार्यकर्ताओं से झड़प
- वायरल वीडियो में कह रहे वोट खरीदने की बात, सांसद पाठक ने दी सफाई

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले सांसद का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक बिरादरी का वोट खरीदने की बात कहते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि अमृत विचार समाचार पत्र इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं, सांसद ने सफाई देते हुए बताया कि वह 2014 के लोकसभा चुनाव में सपा द्वारा वोट खरीदने की बात कह रहे हैं, जिसमें कुछ हिस्सा काटकर विरोधियों ने वायरल कर दिया।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। तिर्वा कस्बे में रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा को प्रशासन द्वारा हटाए जाने के दौरान वहां कई कार्यकर्ता एकत्र हो गए, जिन्हें सांसद सुब्रत पाठक व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया समझा रहे हैं। कार्यकर्ता प्रशासन द्वारा प्रतिमा हटाए जाने का विरोध कर रहे हैं, जिसमें सांसद पर आरोप लगाया कि वह प्रशासन का पक्ष क्यों ले रहे हैं, क्या वोट प्रशासन ने दिया था! इस पर सांसद उत्तेजित होकर बोले कि- वोट खरीदे हैं महाराज, प्रशासन ने नहीं डलवाए। सांसद का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस बारे में सांसद ने बताया कि वह कार्यकर्ता सूरज से बात कर रहे हैं, जिसमें वह 2014 के चुनाव में सपा द्वारा वोट खरीदने की बात कह रहे हैं। विरोधियों ने वह हिस्सा वीडियो से काट कर वायरल कर दिया। उन्होंने शासन से अनुमति लेकर रानी अवंतीबाई की प्रतिमा को इंदरगढ़ तिराहे पर स्थापित करा दिया है।

तिर्वा में कार्यकर्ताओं से बात करते निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक। वीडियो ग्रैब

सांसद, विधायक ने रानी अवंतीबाई प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

तिर्वा। शासन के आदेश पर स्थापित की गई रानी अवतीबाई प्रतिमा पर पहुच सांसद विधायक ने माल्यार्पण किया। समर्थको ने खुशी से नारेबाजी की। कस्बे के इंदरगढ़ तिराहा पर शासन के आदेश पर आचार संहिता के कुछ पल पहले लगाई गई रानी अवंतीबाई प्रतिमा स्थल लखनऊ से वापस पहुचे सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष वीर सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाज के लोगों की जीत बताई।

तीन व्यक्तियों के रुपये वापस कराये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। साइबर सेल थाना छिबरामऊ पुलिस ने साइबर फ्रॉड के शिकार तीन व्यक्तियों के 95,250 रुपये वापस कराये। इस पर पीड़ितों ने साइबर सेल टीम के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह, सिपाही सागर की सरहाना की है।

घटना 01 आवेदक राजेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामेश्वरदयाल निवासी मो शास्त्रीनगर थाना छिबरामऊ द्वारा आनलाइन माध्यम से सूचना दी गई कि अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा डिजिटल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से उनके साथ साइबर फ्रॉड करके उसके बैंक खाते से ऑनलाइन 25000, 25000 व 25250 रुपये के तीन अलग अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 75,250 रुपये ट्रांसफर कर लिये गये थे। इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज ने त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन कर एवं बैंक अधिकारी व पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारियों से वार्ता कर पीड़ित उपरोक्त के बैंक खाता में 75,250 रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की गई ।

घटना 02 आवेदक अभिषेक यादव पुत्र सुनील कुमार निवासी विशुनगढ़ रोड बैजूरामपुर थाना छिबरामऊ द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सूचना दी गई कि अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा डिजिटल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से उनके साथ साइबर फ्रॉड करके उसके बैंक खाते से ऑनलाइन 10,000 रुपये ट्रांसफर कर लिये गये थे। इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन कर एवं बैंक अधिकारी या पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारियों इत्यादि से वार्ता कर पीड़ित उपरोक्त के बैंक खाता में 10,000 रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की गई । अपने रूपये वापस पाकर पीड़ित द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए साइबर सेल की प्रशंसा की गई ।

घटना 03 आवेदक शरद गुप्ता निवासी कस्वा छिबरामऊ द्वारा आनलाइन माध्यम से सूचना दी गई कि अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा डिजिटल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से उनके साथ साइबर फ्रॉड करके उसके बैंक खाते से ऑनलाइन 10,000 रुपये ट्रांसफर कर लिये गये थे। इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित के खाता में 10,000 रूपये वापस कराई गई।

भाजपा में आये पूर्व चेयरमैन का स्वागत

छिबरामऊ, कन्नौज। सपा छोड़ भाजपा में शामिल हुए तालग्राम के पूर्व चैयरमैन दिनेश यादव का भाजपा विधायक अर्चना पाण्डेय ने अपने आवास पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

शनिवार को मोहल्ला बजरिया स्थित अपने आवास पर प्रेसवार्ता के दौरान अर्चना पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास नीति से कार्य कर रही है। जिससे लोगों का रुझान भाजपा की ओर बढ़ रहा है। दिनेश के भाजपा में शामिल होने से भाजपा को और मजबूती मिलेगी। इस दौरान पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, प्रशान्तनंद चंदन, अजय चतुर्वेदी, अंगद सिंह, इमरान, अंशु यादव उपदेश यादव, विवेक दुबे, अंकित दुबे, ऋषभ द्विवेदी छवि आदि मौजूद रहे।

इंजीनियरिंग कॉलेज के दो पूर्व छात्रों को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीटेक पास विपिन कुमार व नीलेश पाल करेंगे भारत सरकार के अधीन सेवा

अमृत विचार। तिर्वा तहसील क्षेत्र के विधईपुर्वा में बने राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के दो पूर्व छात्रों का सरकारी सेवाओं में चयन हो गया है। बताया गया है कि वर्ष 2020 में बीटेक पास कर चुके छात्र विपिन कुमार ने दिल्ली विकास प्राधिकरण भारत सरकार में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। छात्र नीलेश पाल ने डीएफसीसीआईएल (भारत सरकार के रेल मंत्रालय) में कार्यकारिणी के पद पर चयनित होकर राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम रोशन किया है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण के तहत दिल्ली के विकास को बढ़ावा देने और सुरक्षित करने के लिए बनाया गया है। यह आवास परियोजनाओं की योजना, विकास और निर्माण वाणिज्यिक भूमि, भूमि प्रबंधन, भूमि निपटान, भूमि पूलिंग और भूमि लागत आदि के लिए जिम्मेदार है। यह शहर 11 मिलियन से अधिक लोगों की पसंद का निवास बन गया है। डीएफसीसीआईएल को भारत सरकार ने सरकारी कंपनी के रूप में नामित किया है। यह रेल मंत्रालय उद्यम और समर्पित फ्रेट कॉरिडोर की योजना और विकास, वित्तीय संसाधनों को जुटाने और निर्माण, रखरखाव और संचालन करने के लिए बनाया गया है। कॉलेज की निदेशक डॉ. रचना अस्थाना, कुलसचिव डॉ. बीडीके पात्रों और डीन डॉ. अनुराग शुक्ला, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष रिषभ कश्यप, पूर्व छात्र संघ प्रभारी मुकुल सक्सेना तथा सहायक प्राध्यापक अरस्तु गौतम ने चयन पर खुशी जताई है।

छात्र-छात्राओं ने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए : राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के चार छात्र-छात्राओं आकृति सिंह, रुचि मौर्या, अनुज कमल, अंशुमान त्रिपाठी ने दो दिवसीय कार्यक्रम में रिसर्च पेपर प्रस्तुत कर जनपद का नाम रोशन किया है। बताया गया है कि दो दिवसीय 75वीं वीमेन इंडियन जियोटेक्निकल कॉन्फ्रेंस (डब्लूआईजीसी) इंडियन जियोटेक्निकल सोसाइटी, आईआईटी मद्रास और सीईजी अन्ना यूनिवर्सिटी की ओर से चेन्नई मे कार्यक्रम हुआ था।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर शोध पूरा, पत्रिका जल्द आएगी

सिविल इंजीनियरिंग विभाग के बीटेक चतुर्थ वर्ष के चार छात्र-छात्राओं अंशुमान त्रिपाठी, आकृति सिंह, अनुज कमल और रुचि मौर्या ने प्राध्यापकों के साथ मिलकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर शोध किया। बताया गया है कि लखनऊ में बढ़ रहे ठोस अपशिष्ठ पदार्थों का बेहतर प्रबंधन न होने की वजह से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। समस्या के निदान के लिए विभागाध्यक्ष ऋषभ कश्यप, सहायक प्राध्यापक मुकुल सक्सेना व सहायक प्राध्यापक अरस्तू गौतम के निर्देशन में शोध किया गया। छह महीने की मेहनत के बाद शोध पूरा हुआ। उसके बाद शोध पत्र को स्प्रिंजर कॉन्फ्रेंस में भेजा है, जिसका प्रेजेंटेशन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग गिंडी, अन्ना विश्वविद्यालय की ओर से सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस पत्रिका को जल्द प्रदर्शित किया जाएगा।

बार ने रिक्त पदों पर जजों की नियुक्ति की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने किया जनपद न्यायालय का निरीक्षण

अमृत विचार। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को जनपद न्यायालय का निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति ने वादकारियों को त्वरित न्याय प्रदान करने व अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। बार एसोसिएशन ने रिक्त पदों पर न्यायाधीशों की नियुक्ति की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। न्यायमूर्ति ने विभिन्न कार्यों का लोकार्पण भी किया।

शनिवार को प्रशासनिक न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम जनपद न्यायालय का निरीक्षण करने पहुंचे। न्यायमूर्ति ने विभिन्न न्यायालयों का निरीक्षण किया व आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने न्यायालय परिसर में वादकारियों को बारिश व धूप से बचने के लिए नवनिर्मित टीन शेड मार्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने ने वादकारियों के लिये लगाये गये वाटर कूलर का उद्घाटन किया। प्रशासनिक न्यायमूर्ति को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज़िले में रिक्त न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव दिया। इससे पूर्व प्रभारी ज़िला जज लोकेश वरुण, सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति का स्वागत किया। न्यायमूर्ति ने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर वादकारियों को सुलभ व त्वरित न्याय प्रदान करने के निर्देश दिये।

कई पीढ़ियों के बदलाव की नींव है बुनियादी शिक्षा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों को पूर्ण करने और निपुण भारत मिशन अभियान को गति देने के लिए ब्लॉक तालग्राम में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया, जिसका बीईओ ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में निपुण छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को सराय प्रयाग स्थित बीआरसी तालग्राम में आयोजित कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र चौधरी ने कहा कि बच्चों को शिक्षित करना कई पीढ़ियों के बदलाव की नींव बन सकता है। इसलिए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त कराने में सहयोगी बने। उन्होने निपुण भारत मिशन के तहत प्री प्राइमरी शिक्षा व प्राइमरी शिक्षा के विषय में जानकारी दी। ब्लाक के 12 संकुल से 60 निपुण छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमें निपुण भारत मिशन के तहत दक्षता हासिल करने पर 02 विद्यार्थी आंगनबाड़ी और कक्षा 1, 2, 3 से एक-एक विद्यार्थी चयनित किए गए। उनको निपुण बालक और बालिका के रूप में प्रमाण पत्र व ज्यामिति बॉक्स देकर सम्मानित किया गया। जबकि अभिभावकों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सविता ने प्री प्राइमरी शिक्षा के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। बीईओ ने प्री प्राइमरी शिक्षा के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों द्वारा शैक्षिक नवाचार की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रतिभागी शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र व मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। संचालन आशुतोष दुबे ने किया। इस दौरान अरविंद चैहान, नवीन मिश्रा, आदित्य यादव, राहुल दुबे, पियूष गुप्ता, विक्रम शाक्य, संदीप यादव, जयवीर सिंह, वीरपाल कुशवाहा, अंजली सिंह, शैलजा, शिवानी आदि मौजूद रहे।

प्रमाण पत्र व मोमेंटो के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं व अभिभावक। अमृत विचार

अलर्ट हुआ प्रशासन हटवाई प्रचार सामग्री

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। आदर्श चुनाव आचार संहिता लगते ही हरकत में आए प्रशासन ने पालिका व पुलिस कर्मियों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया और विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री, होर्डिंग, पोस्टर आदि को उतरवा कर कब्जे में ले लिया। इसके बाद कर्मियों ने प्रचार सामग्री को पालिका परिसर में पहुंचा दिया।

शनिवार को निर्वाचन आयोग द्वारा आचार संहिता की घोषणा कर दी गई। इसके बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। एसडीएम उमाकांत तिवारी के नेतृत्व में कोतवाल जयप्रकाश शर्मा, अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित, कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह ने पुलिस व पालिका कर्मियों के साथ नगर में भ्रमण कर प्रचार सामग्री को हटवाया।

टीम ने नगर के जीटी रोड, फर्रुखाबाद रोड, रेलवे रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर लगी विभिन्न राजनीतिक दलों की होर्डिंग एवं प्रचार सामग्री को युद्ध स्तर पर हटाते हुए कब्जे में ले लिया।

एसडीएम ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगते ही सार्वजनिक स्थानों पर राजनैतिक दल या उनके समर्थकों की प्रचार सामग्री नहीं लग सकती है। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अशोक कुमार, राजन राजपूत, कांस्टेबल सुधीर चौहान, समर वर्मा, डेविड, आयुष्मान, गजेन्द्र, प्रशांत, अमन सिंह, विनय, दीपांशु, जिनेन्द्र आदि मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस | सदर तहसील में बुजुर्ग ने लगाई गुहार, अधिकारियों ने फरियादियों के दर्द को समझा और समाधान किया

साहब! बेटियों की शादी करनी है, बेटा-बहू कर रहे घर पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। गांव कलिया किराए पोस्ट सतौरा निवासी 75 वर्षीय रामचंद्र कटियार शनिवार को तहसील सदर सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। उन्होंने कहा कि दो लड़के व तीन लड़कियां हैं। छोटे पुत्र ने पत्नी के साथ मिलकर मारपीट की और घर पर ताला लगा दिया। पुत्र खेती व मकान पर कब्जा करना चाहता है। साथ ही बेटियों को भगा दिया। लेकिन उसे तीनों लड़कियों की शादी करनी है। बेटे बंटवारा चाहते हैं पर शादी के बाद ही वह ऐसा कर सकता है। रामचंद्र कटियार ने कार्रवाई की मांग की है।

शनिवार को कुछ इस तरह की शिकायतें अधिकारियों के पास पहुंचीं। सुबह एडीएम आशीष सिंह फरियादियों से रूबरू हुए। उनके किसी कार्य से जाने के बाद एसडीएम अविनाश गौतम ने समस्याएं सुनीं। शहर के अकबरपुर सरायघाघ निवासी सुमनलता ने बताया कि वह बुजुर्ग निराश्रित महिला है। हैवतपुर कटरा निवासी एक व्यक्ति ने 11 नवंबर 2020 को 1.40 लाख रुपये उधार लिए थे और रुपये बढ़ाकर देने की बात कही थी। अब तक रुपये वापस नहीं किए गए हैं। एसडीएम ने कोतवाल सदर को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मोहल्ला काजीपुरा निवासी शालिनी ने बताया कि उसका राशन कार्ड बना है लेकिन कोटेदार खाद्यान्न नहीं दे रहा है।

जेरकिला निवासी शिवशंकर सिंह ने बताया कि कन्नौज कछोहा में मनरेगा के तहत चकरोड का निर्माण कार्य कराने को लेकर कई बार मांग की गई। जमीन की पैमाइश भी हो चुकी लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। बताया गया है कि कुल 45 मामले आए, जिसमें छह का निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को लोकसभा क्षेत्र के चुनाव का ऐलान हो जाने से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस वजह से जून में ही अब अगला संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हो सकेगा।

कन्नौज तहसील में शिकायतें सुनते एडीएम आशीष सिंह व अन्य अधिकारी।

साल भर पुरानी समस्या कुछ देर में निपटाई

- बेहरिन के अड़गापुर गांवा निवासी रामकली ने बताया कि वर्ष 2023 में वृद्धावस्था पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। बैंक खाता भी एनपीसीआई है। आधार कार्ड भी लगा है, उसके बाद अब तक पेंशन नहीं आई है। इसको लेकर पूर्व में कई बार शिकायत भी कर चुकी हूं। एसडीएम अविनाश गौतम ने एडीओ समाज कल्याण को जांच सौंपी। एसडीएम ने बताया गया कि आवेदक की केवाईसी नहीं थी। अब केवाईसी करा दी गई है। अगली किस्त में पेंशन आ जाएगी।

रुपये नहीं मिले तो आलू की आमदपर्ची ले ली

- कोतवाली गुरसहायगंज क्षेत्र के वैसावारी गांव की सुमन देवी ने बताया कि पति एक कंपनी में फर्रुखाबाद में अभिकर्ता का काम करते थे। उनकी सीनियर गांव की ही प्रीती कटियार रहीं। वैसावारी निवासी गिरजेश उर्फ सूरज ने रुपया जमा किया था, उसकी पर्ची भी दी गईं। उसके बाद कंपनी बंद होने से जमा रुपया वापस न मिला तो 14 मार्च को 87 पैकेट आलू की आमदपर्ची ले ली और कागज पर समझौता लिखा लिया। आलू की पर्ची वापस दिलाने की मांग हुई है।

सीडीओ और एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

तिर्वा। संपूर्ण समाधान दिवस सीडीओ रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। एसडीएम अशोक कुमार ने भी समस्याएं सुनीं। कुल 45 मामले अधिकारियों के पास आए। इस मौके पर डीसी मनरेगा दयाराम यादव, तहसीलदार अवनीश कुमार, एसडीओ कुलदीप राजपूत मौजूद रहे।

तिर्वा तहसील में शिकायतें सुनते सीडीओ रामकृपाल चौधरी व एसडीएम अशोक कुमार।

फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसपी अमित आनंद।

91 शिकायतों में 19 का मौके पर निस्तारण

छिबरामऊ। लोकसभा क्षेत्र के चुनाव ऐलान वाले दिन आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 91 शिकायतें आईं जिसमें 19 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को डीएम शुभ्रांत शुक्ल ने अध्यक्षता करते हुए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस विभाग से संबंधित मामले देखे। दोनों अधिकारियों के जिला मुख्यालय जाने के बाद एसडीएम उमाकांत तिवारी ने मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के साथ ही सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। बताया गया है कि समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 51, पुलिस की 19, विकास की छह, पूर्ति विभाग की दो, बिजली की पांच, समाज कल्याण की चार, ईओ छिबरामऊ की दो, पीडब्ल्यूडी व एलडीएम की एक-एक समेत 91 शिकायतें आईं। शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व लेखपालों की टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया जिसमें राजस्व की नौ, पुलिस की पांच, विकास की दो, पूर्ति की एक, बिजली व समाज कल्याण की एक-एक शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया।

फरार आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर किया फायर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कम्पिल थाना क्षेत्र में फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर बदमाशों ने जान से मारने के नियत से फायर झोंक दिया। बदमाशों की गोली लगने से सिपाही घायल हो गया। इस दौरान हुई मुठभेड़ के दौरान को बदमाशों को पुलिस ने घेरा बंदी करके गिरफ्तार कर लिया। अंधेरे का फायदा उठा एक बदमाश घटना स्थल से फरार हो गया। सिपाही सहित तीनों घायलों को डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसा में फरार चल रहे राहुल पुत्र जयनंदन शस्त्र फैक्ट्री पकड़े जाते समय फरार हो गया था। शुक्रवार की रात राहुल के घर पुलिस ने दबिश दी। उस समय उसके घर पर बुआ का पुत्र स्वदेश पुत्र रघुराज निवासी गांव मनिकापुर थाना सोरौं जिला कासगंज, राहुल के चाचा विनोद पुत्र दुर्विजय मौजूद थे। थाना अध्यक्ष कपिल जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने जैसे ही दबिश दी उसी समय पुलिस का बदमाशों से आमना सामना हो गया। फरार चल रहे राहुल, स्वदेश और विनोद को पुलिस ने घेर लिया ।अपने आप को पुलिस से घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस के ऊपर फायरिंग कर दी । बदमाशों की फायरिंग में गोली लगने से थाना कंपिल में तैनात सिपाही धर्मेंद्र गुर्जर चेहरे पर गोली लगने से घायल हो गया। मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाश राहुल व स्वदेश को दबोच लिया। वहीं बदमाश विनोद रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। मुठभेड़ के दौरान गिरने से दोनों बदमाश राहुल व स्वदेश एवं गोली लगने से सिपाही धर्मेंद्र गुर्जर घायल हो गया । तीनो घायलों को सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टर ने दोनों घायल बदमाशों समेंत सिपाही को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया । जिसके बाद उपनिरीक्षक शिव बहादुर सिंह ने पुलिस बल के साथ घायल दोनों बदमाश राहुल, स्वदेश व सिपाही धर्मेंद्र गुर्जर को जिला अस्पताल लोहिया फर्रुखाबाद में भर्ती कराया। जहां ईएमओ ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जयसिंह ने घायल बदमाश राहुल व स्वदेश समेत सिपाही धर्मेंद्र गुर्जर को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया । एसपी विकास कुमार ने बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल बदमाश। अमृत विचार

घायल सिपाही।

- मुठभेड़ में गोली लगने से सिपाही घायल, दो बदमाश गिरफ्तार, एक मौके से फरार
- छत से गिरकर दोनों बदमाश घायल हुए, लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया

घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर खाक

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- ईद के बाद आयेगी पीड़ित की बड़ी लड़की की बारात

अमृत विचार। अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई, जिससे गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने स्थानीय सुविधाओं से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक गृहस्थी का सामान जल चुका था। ईद के बाद पीड़ित की लड़की की शादी होनी है।

कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव इकलहरा निवासी ताज खां की झोपड़ी मे शनिवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। थोड़ी ही देर मे ताज खां की तीनो झोपड़ियों मे आग लग गई। ग्रामीणों ने समर सर्विल चलाकर आग पर काबू पाया। इस दौरान रखा अनाज, लड़की की शादी के लिए रखें 45 हजार रूपये, गृहस्थी का सामान, लड़की की शादी में देने के लिए रखे जेवर जलकर खाक हो गये। ताज खां ने बताया की ईद के बाद पास के गांव बहबलपुर निवासी युवक के यहां से बारात आनी थी ।गोद भराई हो चुकी है। पीड़ित के तीन लड़की व चार लड़के है ।घटना के समय ताज खां गांव मे मजदूरी करने गये थे। पत्नी बसीमा उपले पाथने खेत पर गई हुई थी। बच्चे भी उनके साथ गये थे। ग्रामीणों की सूचना पर ज़ब तक ताज खां पहुंचे तब तक तीनो झोपड़िया जलकर खाक हो चुकी थी ।ताज खां की पत्नी वसीमा का भी रो रो कर बुरा हाल हो गयाथा। पत्नी बार बार रो रो कर कह रही थी की अब परिवार का गुजारा कैसे होगा। लड़की की शादी कैसे होगी।

जैन श्वेतांबर मंदिर में ध्वजा महोत्सव मनाया

कंपिल फर्रुखाबाद। जैन श्वेतांबर मंदिर पर ध्वजा महोत्सव मनाया गया। नगर के जैन श्वेतांबर मंदिर में 13 वां ध्वजा महोत्सव शनिवार को विधि विधान से हुआ। मंदिर में आकर्षक साज सज्जा के साथ सुबह विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, सत्रह भेदी पूजन शुरू हुआ। फल, नैवेद्य, अक्षत, केसर, चंदन, जल, आंगी, वस्त्र, श्रीफल, धूप, दीप आदि से पूजन के बाद में नंबर के पूजा में विधिवत ध्वज पूजा के बाद मंदिर के शिखर पर कायमी शिखर ध्वज के शुभ अवसर पर विजय पनवड़ की देख रेख में लाभार्थी विणाजी बसन्तराज वीरावत परिवार की तरफ से ध्वजा चढ़ाई गई। इसके बाद शिखर पर नया ध्वज लहराया। इसी के साथ मंदिर के अंदर विराजमान ध्वजारोहण के बाद अन्य धार्मिक क्रियाए, पूजन वंदन, आरती हुई। सत्रह बेदी पूजन सहित अन्य अनुष्ठान हुए।

फर्रुखाबाद का सांसद चुनेंगे 13.82 लाख मतदाता

आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन ने हटवाने शुरू किए बैनर-पोस्टर, लोगों को नियम की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही जिला प्रशासन ने दीवारों पर लिखा इश्तिहार और लगे साइन बोर्ड को हटाना शुरू कर दिया है। फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र से चार विधानसभाओं से 13,82,099 मतदाता अपने मताधिकारों का प्रयोग करेंगे। जिनमें 7,42,298 पुरुष तथा 6,39,769 महिला व 32 अन्य अपने मताधिकार का प्रयोग कर उम्मीदवार का चुनाव करेंगे।

क़ायमगंज विधान सभा क्षेत्र में 2,06,782 पुरुष,1,78,857 महिला 5 अन्य 385644 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अमृत पुर विधान सभा क्षेत्र में 169973 पुरुष ,144400 महिला 9 अन्य कुल 313882 मतदाता सांसद का चुनाव करेंगे। सदर विधान सभा क्षेत्र194319 पुरुष 169322 महिला 15 अन्य 363656 मतदाता अपने वोट का प्रयोग कर चुनाव करेंगे। भोजपुर विधान सभा क्षेत्र में 171724 पुरुष 147190 महिला 3अन्य कुल 318417 मतदाता अपने मताधिकारो का प्रयोग करेंगे।इन सभी मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने के लिए जिला प्रशासन ने आज से ही चुनाव आचार संहिता का पालन करना शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत बेनर पोस्टर हटाने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। हमारे अमृत पुर प्रतिनिधि के अनुसार लोकसभा चुनावकी आचार संहिता लागू होते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रचार सामग्री हटवाना शुरू कर दिया है। आज शाम तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने तहसील परिसर मे लगी सामग्री हटवाकर अपने कर्मचारियों को क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों से प्रचार सामग्री हटाने के निर्देश दिए।

आचार संहिता लगने के बाद हटाये जा रहे बैनर- पोस्टर। अमृत विचार

अभियान चलाकर हटाए राजनीतिक दलों के पोस्टर

कायमगंज फर्रुखाबाद। आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने ही पुलिस प्रशासन ने राजनीति पार्टियों के बैनर, पोस्टर हटाए। चुनाव आयोग की लोकसभा चुनाव को लेकर घोषणा के बाद ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इस पर कायमगंज में पुलिस प्रशासन मुख्य मार्गो पर निकला। जहां ट्रांसपोर्ट, पुलगालिब, गल्ला मंडी, सीपी तिराहा, कंपिल रोड समेत कई जगह नगर पालिका कर्मचारियों ने स्काई लिफ्ट से राजनीतिक दलो के लगे बैनर, पोस्टर हटवाए।

चुनावी महाभारत के लिए सज गए रणक्षेत्र

चन्द्रपाल सिंह सेंगर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिले में होने जा रहे चुनावी संग्राम के लिए रण क्षेत्र सजने लगे हैं। भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत के पक्ष में पार्टी की 143 बिंग के कार्यकर्ता चुनावी समर कूद कर वोट मांगने में जुट गए हैं। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य भी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं।

बताते चले कि इस बार फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार आमने सामने है। इंडिया गठबन्धन के उम्मीदवार पहली बार चुनावी समर में उतरे हैं। इससे पहले वह कभी भी जिला पंचायत सदस्य का भी चुनाव नहीं लड़े हैं। भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत इस संसदीय क्षेत्र में दो बार जीत का डंका बजा चुके हैं। उन्होंने तीसरी बार फर्रुखाबाद संसदीय क्षेत्र के चुनावी समर में उतर कर चुनावी बिगुल फूंक दिया है। समाजवादी पार्टी से अमृतपुर विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवार रह चुके डाक्टर जितेंन्द्र सिंह यादव ने नवल किशोर की पैठ बनाने के लिए अपने आवास मेडिकल कालेज परिसर में दालबाटी का कार्यक्रम रखा। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, सपा से चार बार विधायक रहे जमालुद्दीन सिद्दीकी तथा पूर्व विधायक की पत्नी पूर्व पालिकाध्यक्ष दमयंती सिंह, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव यूनुस अंसारी, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा सहित एक सैकड़ा दिग्गज नेताओं को बुला कर गठबन्धन के उम्मीदवार नवल किशोर से मुलाकात कराई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी किए गए विकास कार्यों को हवाला दे कर वोट मांग रही है और उसे मतदाताओं का समर्थन मिल रहा है। वहीं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव का कहना है कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य को मुस्लिम मतदाताओं तथा अन्य पिछड़ा जाति समर्थन मिल रहा है।

मुकेश राजपूत।

नवल किशोर शाक्य।

- भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में पार्टी की 143 बिंग के कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुटे
- पहली बार चुनावी समर में कूदे हैं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार नवल किशोर

आचार संहिता लागू होने के बाद गांव में किया पैदल मार्च

कंपिल फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर फ्लैग मार्च निकाला। फोर्स ने घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास करने वालों की खैर नहीं। साथ ही आमजन को यह विश्वास दिलाया कि वे निडर होकर मतदान करें। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पुलिस प्रशासन अपनी तैयारी को पुख्ता बनाने में जुट गया है। इसी के चलते सोमवार को बीएसएफ जवानों की एक कंपनी कंपिल थाने पहुंची और कटिया, निजामुद्दीनपुर, जीजौटा बुजुर्ग, रुदायन करीब आधा दर्जन गांवों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान कंपिल थानाध्यक्ष और बीएसएफ कमांडेंट ने ग्रामीणों से वार्ता की और भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी तरह की अफवाह फैलाता है, किसी को डराने-धमकाने की कोशिश करता है, तो उसके संबंध में तुरंत पुलिस को सूचित करें। जिससे उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

कंपिल थाना अध्यक्ष जितेंद्र चैधरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फ्लैग मार्च निकाला गया है। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए असामाजिक तत्वों पर अभी से कड़ी नजर रखी जा रही है।

फर्रुखाबाद में 13 मई को होगा मतदान

फर्रुखाबाद। चुनाव आयोग ने फर्रुखाबाद सहित 13 जनपदों के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। घोषणा के मुताबिक 18 अप्रैल को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। 25 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल होंगे। 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 29 अप्रैल को नामांकन पत्र वापस लिए जाएंगे। 13 मई को मतदान एवं 4 जून को वोटो की गिनती की जाएगी।

भाजपा प्रत्याशी का कार्यालय खुला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार मुकेश राजपूत का चुनाव कार्यालय खुला। भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता ने हवन पूजन किया गया। आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर लोकसभा संचालन समिति की बैठक हुई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता ने कहा प्रधानमंत्री अपने इस तीसरे दौर में ऐतिहासिक निर्णय लेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में और अधिक मेहनत करके प्रत्येक बूथ पर 370 वोट अतिरिक्त डलवाने का कार्य करना है। भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने कहा जिले का सर्वांगीण विकास सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। इस मौके पर पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, डीएस राठौर,जितेंन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी के कार्यलय में हवन -पूजन करते भाजपा नेता। अमृत विचार

ठेका हटाने को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

कायमगंज फर्रुखाबाद। जिजपुरा गांव में शराब ठेका हटाने की शिकायत पर जांच करने पहुंचे आबकारी टीम के सामने ग्रामीणों ने हंगामा किया। कई दिन पहले जिजपुरा के करतार सिंह समेत कई ने देशी शराब ठेका हटाने आबादी के पास से हटाने की शिकायत उच्चाधिकारियों से की थी। इसकी जांच करने शनिवार को आबकारी इस्पेक्टर राजेश चैबे टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां काफी संख्या में महिलाए व पुरुष एकत्र हो गए। उन्होंने कहा यह ठेका रायपुर खास में आवंटित है।

ट्रैक्टर से गन्ना खींचने को लेकर हुई मारपीट

कंपिल फर्रुखाबाद। ट्रैक्टर से गन्ना खींचने को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे ईंट पत्थर चले। हसिया लगने से दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। पुलिस चार युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी ।पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी मुनीश का दस वर्षीय पुत्र धुन्ना व सत्यपाल के पुत्र मयंक में शुक्रवार शाम नौ बजे ट्रैक्टर से गन्ने खींचने को लेकर विवाद हो गया। दोनों में मारपीट होने लगी। बच्चों की चीखपुकार सुन दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग इकट्ठे हो गए। जमकर लाठी डंडे ईंट पत्थर व हसिया चले। जिसमें एक पक्ष से सत्यपाल व दूसरे पक्ष से सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी। दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया गया। दोनों पक्षों ने थाने पहुंच मामले की तहरीर दी। पुलिस ने शनिवार दोपहर राजा व अनुज का शांति भंग में चालान कर दिया ।शेष दो को रात्रि के अंधेरे मे छोड़ दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

गर्भवती महिलाओं को वितरित किए फल

कायमगंज फर्रुखाबाद। सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सीएचसी में गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर प्रसव पूर्व 72 गर्भवती महिलाओं की पूर्ण जांच की गई। जांच के बाद 14 हाईरिस्स प्रेगनेंसी की पाई गई। वही 12 महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भेजा गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को अधीक्षक डा. शोभित कुमार ने केला संतरे आदि फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं को जागरूक किया।

दो नाबालिग बहनों के साथ दुष्कर्म का आरोप

कायमगंज, फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र में एक महिला ने उसकी दो नातिन के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। एसडीएम ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए है। कंपिल क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है, 27 फरवरी को 12 बजे उसकी दो नाबालिग नातिन एक नर्सरी में घास छील रही थी आरोप है जहां गांव के चार आरोपित आए और दोनों नातिन का मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। जब उन्होंने चीखपुकार मचाई तो आरोपित गाली गलौज व धमकी देकर भाग गए। जब उसकी पुत्रबधू घर पर शिकायत करने गई तो आरोपित के परिजनों ने गाली गालौज कर मारपीट की। जब उसने 1 मार्च को कंपिल थाने में शिकायत की तो न ही उसकी रिपोर्ट दर्ज हुई न ही कोई कार्रवाई हुई। महिला की शिकायत पर तहसील में एसडीएम ने पुलिस को विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए।

मार्ग दुर्घटना में एक घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव सिवारा निवासी हरिकांत मार्ग दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया। जहां उसका इलाज किया गया।

सुबह से पहुंचे पीड़ित | जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह ने सुनीं समस्याएं, कर्मचारियों को दिए शीघ्र के समाधान के निर्देश

समाधान दिवस : 64 शिकायतें आईं, पांच का निस्तारण

संवाददाताअमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने संपूर्ण समाधान दिवस मे पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस मे कुल 64 प्रार्थना पत्र आए। जिसमे 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।21 राजस्व विभाग,7 पुलिस विभाग,17 विकास विभाग, 3 विद्युत,14 अन्य विभागों से आईं। ग्राम गढ़िया भुसेरा निवासी एक ही नाम के दो व्यक्तियों और उन दोनो व्यक्तियों के पिता का भी एक ही नाम होने से लेखपाल द्वारा 2 बार विरासत निरस्त करने पर जिलाधिकारी ने लेखपाल रामजी यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। अनूप कुमार निवासी नगरिया जवाहर ने प्रधान मंत्री आवास मे रुपए लेने के बाद भी धनराशि खाते मे न भेजने, स्वीटी पत्नी रतीपाल निवासी हुसैनपुर राजपुर ने जबरन मिट्टी डालने वनिर्माण करने, राजेश्वर पुत्र भग्गा निवासी कड़क्के ने पेड़ काटने, प्रेमलता पत्नी आशीष निवासी अमृतपुर ने खेत पर कब्जा करने के संबंध मे प्रार्थना पत्र दिया। सीडीओ अरविंद मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू यादव,एसडीएम रविन्द्र सिंह, तहसीलदार कर्मवीर सिंह, एसओ अमृतपुर मिनेश पचौरी, एसओ राजेपुर रणविजय सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्णसमाधान-दिवस,कुल110 शिकायतें आयीं,13 मौके पर निस्तारण कर दिया गया।उन्होंने आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। क्षेत्र के बृजेश कुमार पुत्र कुंवर सिंह निवासी शाहीपुर कंपिल ने तहसील दिवस में शिकायती पत्र दिया है उन्होंने कहा कि कि हमारी पट्टे की जमीन शाहीपुर में है। है जिस पर गांव के दबंग लोगों ने अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। उपजिलाकारी यदुवंश कुमार,क्राइम प्रभारी राजेश कुमार,नायब तहसीलदार सृजन कुमार,जल निगम विनोद कुमार,शमसाबाद विकास खंड अधिकारी शमीम अशरफ,उपखंड अधिकारी मोहम्मद शमीम,कानूगो विजयपाल आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।कुल 110 शिकायती पत्र आये जिसमें 13 शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

फरियाद सुनते जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह। अमृत विचार

अधिकारी का वीडियो वायरल

कायमगंज फर्रुखाबाद। कायमगंज तहसील के सभागार में जिस समय फरियादी अपनी समस्याएं लेकर समाधान की उम्मीद से पहुंच रहे थे। सक्षम अधिकारी फरियाद सुनकर निराकरण का प्रयास कर रहे थे या फिर संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उसी समय शमशाबाद के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी अपनी चेयर पर बैठे अपने ही मोबाइल से बहुत ही मनोरंजन सीन देखने में व्यस्त थे। उनकी इस लापरवाही तथा ऐसे समय में भी मनोरंजन की स्थिति का एक वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें ऐसे समय में उनकी घोर लापरवाही होती देख लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं ।कुछ का तो यहां तक कहना है कि यह अधिकारी अश्लील वीडियो देख रहे थे ।तो कुछ मनोरंजक वीडियो देखने की बात कह रहे हैं। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

दो बहनों ने एडीएम के सामने आत्मदाह का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- एडीएम ने सरकारी जीप से अस्पताल में भर्ती करवाया
- चबूतरे को काटकर सड़क बनवा देने से पीड़ित हैं बहनें

अमृत विचार। तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी और एसडीएम सदर के सामने दो सगी बहनों ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। वहां मौजूद लोगों ने महिलाओं के हाथ से माचिस छीन ली। अपर जिलाधिकारी ने दोनों महिलाओं को सरकारी जीप से लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। बताते चले कि थाना मोहम्मदाबाद के पिपर गांव की रहने वाली जाफरी बेगम 75 पत्नी अलादीन और उसकी बहन अकबरी बेगम 58 पत्नी एहसान खान के चबूतरे को काटकर ग्राम प्रधान कुंटेश यादव ने सड़क निकलवा दी। जिसकी शिकायत इन दोनों बहनों ने थाना मोहम्मदाबाद से लेकर जिलाधिकारी और न्यायालय तक की। कोई सुनवाई न होने पर आज दोनों बहने तहसील समाधान दिवस में तहसील सदर पहुंची। जहां अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति और एसडीएम सदर गजराज सिंह की मौजूदगी में दोनों बहनों ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया। वहां मौजूद लोगों ने उनके हाथों से माचिस छीन ली। एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति ने नायब तहसीलदार शनि कनौजिया और महिला सब इंस्पेक्टर साधना सिंह को बुलाकर सरकारी जीप से दोनों बहनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। दोनों बहनों के अपने ऊपर पेट्रोल डालने से जिला प्रशासन के हाथों भूल गए। और तहसील समाधान दिवस में अफरा तफरी का माहौल उतपन्न हो गया।

लोहिया अस्पताल में भर्ती आत्मदाह का प्रयास करने वाली दोनों बहनें। अमृत विचार

चुनावी व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा

एक साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारंभ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है,लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधानमंडलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधानमंडल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनु. 324) बना।

संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ.आंबेडकर ने कहा, ''आयोग के पास कम काम होगा।" शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, "संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।" उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अक्सर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था।

लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ-साथ चुनाव का

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी।

विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, ''एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा,लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।"

1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निर्माताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किए गए। थोक दल-बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया। साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी,लेकिन कुछ दलों की चिंता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है। माकपा,भाकपा जैसे वामपंथी दल स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय विचारधारा का दल बताते हैं,लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्र राज्यस्तरीय भी नहीं बचा। चुनाव आयोग ने बेशक केन्द्रीय विधि मंत्रालय के एक संदर्भ के जवाब में दोनों चुनाव एक साथ कराने पर बहुत पहले ही सहमति व्यक्त की थी,लेकिन सभी दलों की सहमति प्राप्त करना आसान नहीं। कुछेक दल वर्तमान स्थिति को ठीक मानते हैं और चुनाव अलग-अलग ही चाहते हैं।

लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। संशोधन में केन्द्र व राज्य सरकारों के सुनिश्चित कार्यकाल देना होगा। सदन में बहुमत खो जाने की स्थिति में सरकारी कार्यकाल की समस्या का निराकरण जरूरी होगा। दसवीं अनुसूची के अनुसार दल से भिन्न मतदान के कारण सदन की सदस्यता खो जाने की विधि प्रवर्तन में है। मूलभूत प्रश्न किसी भी कारण से सदन में बहुमत खो चुकी सरकार को पूरा कार्यकाल देने की नई व्यवस्था का है। क्या वैकल्पिक सरकार बनाने का अधिकार संसद या विधानसभा को दिया जा सकता है? क्या हमारा दलतंत्र स्थिर कार्यकाल और संवैधानिक जवाबदेही को एक साथ चला सकता है? क्या संवैधानिक जवाबदेही को छोड़कर स्थिरता को ही अपनाया जा सकता है? अमेरिका में ऐसा ही है। प्रश्न ढेर सारे हैं। ऐसे प्रश्नों का उत्तर संविधान संशोधन और वैधानिक नैतिकता से ही जुड़ा हुआ है। डॉ.आम्बेडकर ने संविधान सभा में इतिहासकार ग्रोट को उद्धृत किया था। 'वैधानिक नैतिकता' का अर्थ संविधान और उसकी संस्थाओं के प्रति निष्ठाभाव है। ग्रोट ने लिखा है कि समाज की वैधानिक नैतिकता ही विधान की शक्ति है।

भारत का जनसामान्य विधान का आदर करता है लेकिन दलतंत्र में वैधानिक नैतिकता का अभाव है। इसलिए सरकारें बहुधा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पातीं। तब लोकसभा और विधानसभा के मध्यावधि चुनाव का कोई विकल्प नहीं होता। संसदीय जनतंत्र का मुख्य उपकरण दलतंत्र है। जनतंत्र खूबसूरत विचार है। दलतंत्र ही इसे गतिशील बनाता है। समाज व्यवस्था निरंतर परिवर्तनशील है। लेकिन राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक सुधार की गति उत्साहवर्द्धक नहीं है। दलतंत्र प्रतिपल चुनाव चिन्तन में ही व्यस्त रहता है। चुनाव चिन्तन को राष्ट्रचिन्तन के खूंटे से बांधना ही होगा। साथ साथ चुनाव एक राष्ट्रहितैषी प्रगतिशील वैकल्पिक विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक यही हुआ था, तब कोई पहाड़ नहीं टूटा तो अब इसे अपनाने में कठिनाई क्या है?

सभी राजनैतिक दलों को खुले मन से विचार करना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा के साथ पंचायती व नगरीय संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव पर भी। सभी एक साथ नहीं तो विधानसभा के साथ पंचायतों व नगर पंचायतों के चुनावों को जोड़कर विचार करना चाहिए। कहीं न कहीं से शुरुवात तो करनी ही होगी। हर समय चुनाव ही चुनाव का तनाव समाज नहीं झेल सकता और न ही चुनाव संचालन में खर्च होने वाली भारी धनराशि का बोझ ही। आमजन भी ऐसी राजनीति से ऊबे हुए हैं। इसलिए राजनीति को दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य से जोड़ना चाहिए। चुनावी जीत-हार के अल्पकालिक लक्ष्य से नहीं। दल या नेता स्थाई नहीं होते। राष्ट्र स्थाई सत्ता है। सभी सामाजिक, राजनैतिक या संवैधानिक संस्थाएं राष्ट्र का ही विस्तार हैं। राष्ट्र के लिए ही हैं। एक साथ चुनाव राजनैतिक सुधार है। राजनैतिक सुधार लोकतंत्र को गुणवान बनाते हैं। व्यापक राजनैतिक सुधारों का कोई विकल्प नहीं।

होलाष्टक पर्व के उद्देश्य

नारायण से अपने भाई की मृत्यु का बदला लेने के लिए हिरण्यकशिपु जब देखता है कि उसका बेटा प्रहलाद नारायण ही जपता है तो क्रोध में वह अपनी बहन से उसकी हत्या की बात करता है तथा गोद में बैठाकर आग में भस्म होने की योजना बनता है। बड़े असमंजस में है होलिका। प्रहलाद की बुआ है। नारी हृदय। अबोध बच्चे के प्रति ममता। तैयार नहीं होती है। जब हिरण्यकशिपु उसकी ही हत्या की धमकी देता है तो वह यह सोच होती है कि मरना है तो प्रहलाद को बचाकर मरे। आठ दिनों में वह अपने को तैयार करती है। इसी आठ दिनों को होलाष्टक कहते हैं। होलाष्टक से विवाह आदि के शुभ मुहूर्त समाप्त हो जाते हैं। आठवें दिन वह पूरी ताकत से सबके सामने प्रहलाद को लेती है और खुद कूद जाती है तथा प्रहलाद को बाहर फेंक देती है। प्रहलाद को चाहने वाले होलिका को माता कहकर जयकारा लगाते हैं तो हिरण्यकशिपु के लोग होलिका को गाली देते हैं। तब से दोनों जयकारा और होलिका को अपशब्द होलिका दहन में लगता है।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

हिरण्यकशिपु जब निर्दयी था और अपने ही बेटे को मारना चाहता था तो कोई भी रास्ता अपना सकता था। यह तो होलिका की चाह थी कि वह अपनी आंखों से प्रहलाद की मृत्यु नहीं देखे। जहां तक होलिका के वरदान की बात है तो नारी के आठ अवगुण जो तुलसीदास ने भी गिनाए वह नहीं जल सकते। ऐसे पुरुषों के भी अवगुण नहीं जल पाते। आग में कुछ डाला जाए, न जले, यह असंभव है। आग का गुण ही ज्वलनशीलता है। ऐसे में यह असंभव है कि होलिका आग में बैठती तो उसका शरीर बच जाता और प्रह्लाद जल जाता। होलिका को जलाने की विधि : होली के एक दिन पहले होलिका जलाने के निमित्त शिवरात्रि पर्व से होलिका की स्थापना शुरु जाती है। होलिका के प्रतीक स्वरूप आसपास उपलब्ध पेड़ लगाए जाते हैं। बहुत से स्थानों पर रंगभरी एकादशी को इसकी स्थापना होती है। होलिका की स्थापना एवं होली की पूर्व रात्रि जलाने के समय एवं विधि-विधान के संबंध में शास्त्रों में विशेष सावधानी का उल्लेख किया गया है। निर्णय सिंधु में उल्लिखित है कि स्थापना और जलाने के समय विधिवत पूजन हो। जलाते समय भद्रा काल से रहित समय में आग लगाने का निर्देश दिया गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि भद्रा में होलिका जलाने पर संबंधित क्षेत्र पर संकट आता है। इसके अलावा होलिका पूजन की विधि भी बताई गई है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इसमें कूड़ा करकट, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक आदि नहीं डालकर गोबर की उपली, सरसों के उबटन का अवशेष डालना चाहिए। शास्त्रों की इस व्यवस्था का मेडिकल साइंस की दृष्टि से भी महत्व है। प्लास्टिक, पालीथिन, टायर-ट्यूब डालने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। सरसों के उबटन के जलने से पर्यावरण शुद्ध होता है। ऐसा न करने पर होलिका के आसपास के निवासी ही प्रभावित होते हैं। होलिका जलाने का उद्देश्य पर्यावरण को पवित्र करना भी होता है,लेकिन वर्तमान समय में जगह-जगह जितना अधिक कूड़ा करकट इसमें देखा जाता है, वह चिंतनीय है। संक्रामक बीमारियों के आक्रमकता के दौर में इस तरह के आत्मघाती कदम से बचना चाहिए। मूलतः होलिका जलाने का उद्देश्य मनीषियों ने प्रकृति में व्याप्त हिरण्यकशिपु स्तर के विषाणुओं को जलाने का है। क्योंकि प्रकृति में व्याप्त विषाणु मनुष्य के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने की ही होती है। ग्रंथों में ढूंढा नामक एक राक्षसी का भी उल्लेख आता है। इस राक्षसी के वध का निर्देश दिया गया है। चैत्र-वैशाख महीने में चेचक का प्रकोप बढ़ जाता है। इस रोग को प्राचीन काल में ढूंढा नाम पुकारा गया प्रतीत होता है। इसीलिए माताएं बच्चों को इस रोग से बचाने के लिए शीतला माता की पूजा करती हैं। बच्चे बाल भगवान कहे जाते है। इसलिए होलिका दहन भी विधि विधान से करना चाहिए।

क्वांटम सिद्धांत से हमारे दृष्टिकोण में आया परिवर्तन

ब्रह्मांडीय प्रकृति की विज्ञान प्रसूत क्वांटम 'माया' से साक्षात्कार तथा पदार्थ एवं ऊर्जा के एकत्व के एहसास के बाद हम कपिल के सांख्य,बादरायण और शंकर के अद्वैत वेदांत की ओर अभिमुख हुए थे।

क्वांटम के साथ माया का शब्द युग्म जरूर नया है, किंतु इसमें निहित विचार शीर्ष वैज्ञानिकों का है। नोबल पुरस्कार सम्मानित डेनमार्क के भौतिकशास्त्री नील्ज बॉ (1885-1962) का एक चुटकुला नुमा कथन प्रसिद्ध है-'अगर कोई व्यक्ति कहता है कि उसके दिमाग में चक्कर आए बिना वह क्वांटम भौतिकी के बारे में सोच सकता है तो इससे यही जाहिर होता है कि उसने इसका कुछ भी नहीं समझा तो उपाय क्या है? इस संदर्भ में ब्रिटिश अमेरिकन भौतिकशास्त्री और गणितज्ञ फ्रीमैन डाइसन 1923-2020 की एक अर्थगर्भित उक्ति है-'किसी न किसी रूप में ब्रह्मांड को पता रहा होगा कि हम (मनुष्य गण) आने वाले हैं।" मतलब तो यही हुआ कि ब्रह्मांड की रचना इस तरह हुई है कि उसे मनुष्य और केवल मनुष्य समझ सकता है। दूसरे शब्दों में ब्रह्मांड अपनी रचना और प्रकृति में मानव केंद्रित है,उसके पीछे एक प्रबुद्ध योजना है।

नोबल पुरस्कार से सम्मानित हंगेरियन भौतिकशास्त्री यूजीन विग्नर 1902-1995 का प्रसिद्ध कथन है-'प्रमुख बात यह है कि हमारी चेतना और विचार-प्रक्रिया मूलभूत अवधारणाएं हैं,दरअसल बाह्य जगत



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है।

हमारी चेतना का धारित है और इसलिए (उसे समझने में) चेतना (की भूमिका) को नकारा नहीं जा सकता।' यह कथन शंकर दर्शन के कितना निकट है। अमेरिकन भौतिकशास्त्री ओक जॉन ह्वीलर 1911-2008 ने क्वांटम यांत्रिकी के विस्तृत अध्ययन के बाद कहा था,'यह अकाट्य है कि प्रेक्षक उत्पत्ति (की प्रक्रिया) का सहभागी होता है। क्वांटम यांत्रिकी इसका प्रमाण है कि वास्तविकता की किसी भी उपयोगी अवधारणा को परिभाषित करने में हमें प्रेक्षक की अपरिहार्य भूमिका को ध्यान में रखना होता है।' नोबल पुरस्कार से सम्मानित ब्रिटिश भौतिकशास्त्री,गणितज्ञ और विज्ञान दार्शनिक रोजर पेनरोज जन्म :1931, आयु 93 वर्ष ने मानव मस्तिष्क की संरचना के बारे में एक अति महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिया। उनके अनुसार मानव-मस्तिष्क की सर्वोत्कृष्ट परतों में क्वांटम-संसक्त अवस्था चिपकी हुई है। एक खास तरह की क्वांटम-संसक्ति बड़े स्तर पर मस्तिष्क के काफी हिस्सों में काम करती है। आलेख के पहले भाग में हमने देखा था कि इलेक्ट्रॉन में विद्युत चुंबकीय विकरण को आत्मसात और विकीर्ण करने की प्रक्रिया निरंतर नहीं चलती,यह अविभाज्य ऊर्जा खंडों (क्वांटा) में चलती है,जिसे क्वांटम उछाल कहते हैं। इसी के समांतर निंद्रा में जाने से ठीक पहले का क्षण हमें कभी याद नहीं आता तो हमारी चेतना में भी क्वांटम उछाल का तत्व उसी तरह काम करता है जैसे परमाणु के भीतर इलेक्ट्रॉन में।

वस्तुतः क्वांटम सिद्धांत के विकास ने हमारे अकादमिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन ला दिया है। क्वांटम प्रयोगों में प्रयोगकर्ता की चेतना समान रूप से संभाव्य समांतर परिणामों में से किसी एक के चयन को प्रभावित करती है। इस तरह प्रेक्षक और प्रेक्षित बुनियादी स्तर पर जुड़ जाते हैं और उनमें सहभागिता का संबंध बन जाता है। चेतन मनुष्य क्या है? इस ब्रह्मांड (जड़+चेतन+रिक्त आकाश) का एक अविभाज्य अंग है,किंतु एक अनूठा और अनन्य अंग। मानव चेतना का एक अंतर्निहित गुण यह है कि उसमें जानने की अपरिमित एषणा अंतर्निहित है। वह स्वयं को और विश्व के हर अज्ञात को जान लेना चाहती है। यह पदार्थ से उद्भूत होने का गुण तो नहीं हुआ। पदार्थ से उत्पन्न चेतना में शरीर के भरण-पोषण और आराम-ऐश्वर्य की जैविक चाहत से परे ज्ञान के लिए ज्ञान की पिपासा क्यों होगी? फिर क्वांटम सिद्धांत के अनुसार मनुष्य का हर अवयव, उसके शरीर की हर कोशिका उन्हीं सूक्ष्म कणों से निर्मित है,जो ऊर्जा के क्वांटम क्षेत्र की उपज है और वह क्वांटम क्षेत्र ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है,उसमें ऊर्जा एवं कण के गुण एक साथ हैं और वह निरंतर गतिशील तथा ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटम क्षेत्र का सर्वस्व उसमें मौजूद है। यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे (चरक संहिता)।

इसके अतिरिक्त मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है,वैसे ही जैसे उसका रूपाकार अन्य मनुष्यों के रूपाकार से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है। कारण उसकी हर कोशिका में उसका खास जीन-समुच्चय मौजूद होता है जिसे लेकर वह पैदा होता है और जो मृत्यु पर्यंत उसे परिचालित करता है। जीनोम क्या है,क्या वह महज पदार्थ है? नहीं, जीनोम वह खाका है,जो मानव शरीर और मानव चेतना के विकास को एक खास अनुपात में बनाए रखते हुए उसकी मूलभूत क्रियाओं और भौतिक अस्तित्व को नियमित-संचालित करता है।

संगीत मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान

शेख निजामुद्दीन औलिया की दृष्टि में संगीत उपासना ही था, किंतु सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक से दिल्ली के कट्टर मुल्लाओं ने निजामुद्दीन औलिया की शिकायत की कि औलिया के स्थान पर संगीत होता है। गयासुद्दीन तुगलक स्वयं भी संगीत से नफरत करता था,उसका विश्वास था कि संगीत शरीयत के खिलाफ है। मजहर के दिन निजामुद्दीन औलिया सुल्तान के महल में पहुंचे तो शेखजादा हुसाम ने उन पर आरोप लगाया कि तुम्हारे यहां समां होता है। औलिया ने कहा कि जानते हो समां किसे कहते हैं? हुसाम ने कहा कि मुझे यह तो नहीं मालूम,पर आलिमों का कहना है कि समां हराम है। उस समय मजहर में सुहरावर्दी-संप्रदाय के सूफी संत मौलाना इल्मुद्दीन मौजूद थे। वे बोले अंतर है। हृदय से सुनने वाले के लिए संगीत हलाल है और वासना से सुनने वाले के लिए संगीत हराम है।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुलतान ने पूछा तो मौलाना इल्मुद्दीन ने बतलाया कि बगदाद में बुजुर्ग समां सुनते हैं। सूफियों में शेख जुनैद और शेख शिवली के जमाने से प्रचलित है। हैरतनामा मौलाना जिया उद्दीन बरानी में लिखा है कि औलिया ने अमीरखुसरो से कहा कि दिल्ली के उलेमा मुहम्मद साहब की हदीस को नहीं जानते। वे फिकह की रवायतों को श्रेष्ठ समझते हैं। मैं नहीं समझता कि उनकी इस्लाम पर श्रद्धा है। अमीर खुसरो भारतीय संगीत के इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय बन गये थे। वे मानते थे कि संगीत तो मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान है। यह सच है कि संगीत की एक परंपरा राज-दरबारों में पली और बढ़ी,किंतु उससे भी बड़ा सच है कि संगीत साधना है,संगीत उपासना है।

निजामुद्दीन औलिया का जन्म 1228 में और मृत्यु 1324 में हुई थी। बंगाल की विजय के बाद गयासुद्दीन तुगलक ने औलिया को हुक्म भेजा था कि मैं दिल्ली आ रहा हूं,मेरे पंहुचने से पहले आप दिल्ली छोड़ दें। निजामुद्दीन औलिया ने कहा- हनोज दिल्ली दूरस्त (दिल्ली दूर है)। कहने की जरूरत नहीं कि अपने ही बड़े बेटे की साजिश से सुल्तान की मृत्यु हो गई और वह दिल्ली नहीं पंहुच सका। जब औलिया की मृत्यु हुई तब अमीर खुसरो ने गाया था। गोरी सोयी सेज पर मुंह पर डाले केस। चल खुसरो घर आपने रैन भयी चहुंदेस।

मेल मिलाप और अपनापन

आप समझते हैं कि शादी-ब्याह के समारोह से अपनापन बढ़ता है, मेल मिलाप, रिश्तेदारी मज़बूत होती है। ये समारोह न हों तो आदमी अकेलेपन से मर जाएगा।

ये किस तरह की दलील है आखिर? रिश्तेदारी, मेल मिलाप और अपनेपन के लिए लड़की और लड़के का बाप क़र्ज़ लेता है। लाखों-करोड़ों लोग इस व्यवस्था से सारी उम्र के लिए अवसाद में चले जाते हैं और उसी में जीते हैं। आपके हिसाब से उनका अपनापन, मेलजोल, रिश्तेदारी बढ़िया और मज़बूत हो गई।

सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

आप कहते हैं कि ऐसा लिखिए कि खर्चा कम करें.. मगर करें ज़रूर.. क्यों भाई? क्यों लिखूं मैं ऐसा? आपके हिसाब से जो लेखक और सिनेमा वाले ये सीख देते हैं उससे समाज को फायदा होता है? मतलब आपके हिसाब से लोग ये समझ जायेंगे कि हां समारोह तो करना है मगर हल्का फुल्का, ऐसा लोग समझेंगे? और हल्का फुल्का से उनका क्या अभिप्राय होगा? अंबानी ने अपनी हैसियत का 0.01 प्रतिशत भी नहीं खर्च किया अनंत के पूर्व विवाह समारोह में, तो उनके हिसाब से तो वो हल्का फुल्का ही हुआ न? क्योंकि आपके लिए एक हज़ार करोड़ खर्च करना बहुत बड़ी बात है तो आपको लगता है कि आप बैलेंस वादी बनकर लोगों को समझा देंगे कि देखो बच्चों, समारोह तो करो, मगर हैसियत के हिसाब से, तो समाज में समरसता आ जायेगी और फिर लोग आपके हिसाब से कम खर्च करेंगे और क़र्ज़ नहीं लेंगे?

ऐसे लेखन और ऐसे सुझाव किसी काम के नहीं होते हैं। आपको लगता है कि कैंसर होने पर अस्पताल में भर्ती होने से ये फायदा होता है कि आपकी डॉक्टर से जान पहचान बढ़ती है। आपको कैंसर के बारे में जानकारी होती है। आपके नर्सों से अच्छे संबंध बन जाते हैं। ये सब लोगों को मैं सिखाऊं है न? नहीं, मैं बैलेंसवादी लेखक नहीं हूं। बैलेंसवाद ने ही सारा बेड़ा गर्क किया हुआ है। इस पृथ्वी का शादी और इस तरह के समारोह मेरे हिसाब से समाज का कैंसर हैं और इन्हें जड़ से ख़त्म होना होगा। बैलेंस बनाओगे आप तो ये समाज आने वाले कई हज़ार वर्षों तक इसी बीमारी में फंसा रहेगा। शादी-ब्याह के समारोह कोई अपनापन, रिश्तेदारी और मेलजोल नहीं बढ़ाते हैं। ये सब आपको बढ़ाना है तो सौ रुपये का ट्रेन का टिकेट लीजिए और कानपुर जाकर मौसी और मौसा से मिल आईये, उसके लिए क़र्ज़ लेकर, लाखों खर्च करके कोई समारोह रखने की ज़रूरत नहीं होती है।

व्यंग्य

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष है। दुनिया के सारे धतरकरम कर चुकने के उपरांत साहब अचानक कवि हो जाता है। कवि होना अस्थायी दौर है साहब के जीवन का, इसके बावजूद जब भी साहब कवि के चोले में होता है उससे दूर रहने में ही भलाई होती है।

आपकी यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि पता कैसे किया जाए कि साहब अब कवि भी हो चुका है? यह जानना ज्यादा कठिन है नहीं,जब भी साहब वैसी बातें न करें जिसकी आपको उम्मीद या आशंका होती है तो समझ लीजिए कि दाल मे कुछ काला है। जब वो दुनिया भर की, बिना काम की बातें करने लगें, गरीबी, भुखमरी, लाचारी, प्रेम, विरह, युद्ध, फूल-पत्तियां उसकी बातों में घुसपैठ कर जाए। जब वो अधिक सदाचारी,भला भला, नेक दिखने की पूरी कोशिश करता दिखे तो आप समझ सकते हैं कि साहब फिलहाल कवि हो चुका है।

कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता,वो आपके आर-पार देखता है। वो आपकी पीठ पीछे मौजूद खिड़की से दिखते नीले आसमान के नीचे लगे पंप और हैंडपंप से पानी भरती नहाती लड़की को देखता है। वो खुद तय कर लेता है कि वो लड़की सुंदर होने के साथ-साथ भूखी भी है। भावुक होता है। ऐसे में वो और उसके बारे में कविता करने के प्रयास में जुट जाता है और व्यस्तता वश सामने रखी प्लेट में मौजूद काजू अनदेखे रह जाते हैं। कवि हुआ साहब सरकारी वक्त में सरकारी कागज काले करता है। लगातार

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता, वो आपके आर-पार देखता है।

लिखता है,जो लिखता है उसे खुद नहीं पढ़ता। उसे अपनी लिखी सारी ही लाइनें कविता लगती हैं और अपनी सारी कविताएं प्रिय लगती हैं। वो अपनी कविताओं से उस मां की तरह व्यवहार करता है,जो अपने काले-कलूटे कुपोषित लड़के को दुनिया का सबसे सुंदर बालक मानती है। साहब मानता है कि उसकी कविताएं अवतार हैं,वो लिखी नहीं गईं, प्रगट हुई हैं और वो यह चाहता है बाकी दुनिया भी उससे सहमत हो।

आप यह भी जानना ही चाहेगें कि साहब कवि होने के झमेले में पड़ता ही क्यों है? होता ये है कि रिटायरमेंट के नजदीकी दिनों में जब वह किसी सुबह उठता है, करने को कुछ खास नहीं होता तो वह बोरियत दूर करने के लिए अपनी प्रसिद्धि का खाता टटोलता है। टटोलता है तो धक्क रह जाता है। नुकसान का अंदेशा होने लगता है उसे और इस नुकसान की शीघ्र भरपाई की उम्मीद लिए वह कवि हो जाता है। दरअसल यह बुढ़ापे की खब्त है। कवियों के कुसंग की व्याधि है ये। कविता उसे सम्मान,पहचान और अभिनंदन का शार्टकट सी लगती है। उसे लगता है कि जीवन में इसी भर की कमी रह गई है,वो अभिनंदन का आकांक्षी होने के प्रयोजन से कवि हो जाता है। अब ये बात अलग है कि असली घी से कवि भी इसके लिए तरसते हुए गुजर जाते हैं,पर चूंकि साहब को अपने काबिल होने पर रंचमात्र भी संदेह नहीं होता। फिर भी वो खुद को आजमाने के चक्कर में कविता भी करके देख लेना चाहता है। वो इस भरोसे मे कविता करता है कि उसका किया धरा कविता ही है। चूंकि वह कवि होना चाहता है इसलिए कवि हो जाता है,पर साहब लाख कोशिश कर ले वह कवि जैसा दिखने के बावजूद सच्ची-मुच्ची का कवि हो नहीं पाता। कवि होना उसकी साहबी साख का सत्यानाश करता है। नुकसान का सौदा है ये।

स्वाभाविक रूप से उसके अंदर का काईयां, मजबूत साहब इसका प्रतिरोध करता है,वो मौका देखते ही लाचार कवि को पटक भी लेता है। इसलिए साहब का कवि अवतार आमतौर पर क्षणिक ही होता है। एकाध कविता संग्रह प्रकाशित होने के बाद,किताबों के धूल खाते बंधे गठ्ठर उसके अंदर बैठे सुकुमार कवि की हत्या कर देते हैं। कवि हारता है और साहब जीतता है। साहब कभी-कभार पहना गया कुर्ता होली जैसे अवसरों के लिए अलमारी में रख देता है। अपने कवि हृदय को अपनी बिना बिकी किताबों के साथ स्टोर में पटककर भूल जाता है। हंसता है खुद पर और वापस साहब हो जाता है।

पत्र लेखन अब इतिहास की बात

सन् 1970 के आसपास के वर्षों में नौकरीपेशा लोग 300 रुपए के आसपास वेतन पाते थे,फिर भी संतुष्ट रहते थे। परिश्रम भी बहुत करते थे। व्यापारियों की कमाई भी उनके जीवनयापन के अनुरूप ही होती थी, पेट काट कर कुछ बचा लिया तो बच जाता था अन्यथा कल की चिंता कल पर छोड़ देते थे। स्त्री हो या पुरुष वे सब दिखावे से बहुत दूर रहते थे,बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनकर भी उनमें हीन भावना नहीं उपजती थी। न जेब में बहुत पैसे हुआ करते थे,न ही असीमित जरूरतें। जिनकी आय अपेक्षाकृत अधिक थी, उसका उन्हें कतई अभिमान न होता था,बल्कि दिखावा करने में उन्हें संकोच होता था।



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

उन दिनों संचार के साधन बहुत कम थे,पत्रों के माध्यम से जानकारियां दूर-सुदूर आती-जाती थीं। भारतीय डाक सेवा का जाल पूरे देश में फैला था। असंख्य डाक सेवक चिट्ठियों को एक से दूसरे स्थान पर ले जाते थे और खाकी पोषाक में लाखों डाकिए राह तकती अंखियों तक उनके संदेश पत्र पहुंचाते थे। डाकिया के समय से तनिक देर हो जाए तो लोगों में बेचैनी सी होने लगती-'क्या बात है? अभी तक डाकिया नहीं आया।'

महानगर, नगर, कस्बा हो या गांव, पोस्ट ऑफिस सबका सहारा हुआ करता था। मनीआर्डर के सहारे लाखों लोगों का भरण-पोषण जुड़ा हुआ था। तार के जरिए अति महत्व के संदेश शीघ्रता से मिल जाते थे, वैसे, तार आना अक्सर किसी अप्रिय घटना के समाचार की संभावना से भी जुड़ा रहता था। तार आने पर लोगों के मन में सबसे पहले यह भाव आता-'तार आया है, न जाने क्या हो गया?'लिफाफा पच्चीस पैसे में, अंतर्देशीयपत्र पन्द्रह पैसे में और पोस्टकार्ड पांच पैसे में मिलता था। परिवारों के रिश्ते,दुःख-सुख के समाचार,पति-पत्नी के उलाहने,प्रेमियों के दर्द,कवियों की कविताएं,लेखकों के लेख,सरकारी आदेश और व्यापारिक प्रपत्र उन्हीं लिफाफों की मदद से हस्तान्तरित होते थे। लिफाफे का उपयोग आवश्यक होने पर ही किया जाता था, क्योंकि वह महंगा था। आम तौर पर सस्ते होने के कारण कार्ड सबसे अधिक लोकप्रिय थे। पोस्टकार्ड का बहुआयामी उपयोग होता था,जैसे सामान्य सूचनाओं का आदान-प्रदान,व्यापारिक कामकाज एवं भावताव, विवाह संबंध की बातचीत,आवागमन की सूचना, साहित्यकारों की रचनाओं की स्वीकृति, अस्वीकृत रचनाओं की खबर,लाल स्याही से भरपूर राम राम राम राम का लिखित जप, पत्र प्रेषण से देवी-देवताओं की कृपा के आगमन की सूचना और वैसे ही पत्र अपने परिचितों को लिखकर न भेजने पर भीषण आर्थिक हानि और पुत्र शोक होने की धमकी,शोक संदेश जिसके कार्ड का एक कोना फटा रहता था आदि-आदि। पत्र लिखना अब इतिहास की बात हो गई,मोबाइल फोन ने उस अद्भुत विधा को एक किनारे लगा दिया।

याद है आपको वे मधुर गीत,'फूल तुम्हें भेजा है खत में,फूल नहीं मेरा दिल है, प्रियतम मेरे मुझको लिखना, क्या ये तुम्हारे काबिल है?' इस गीत की मधुरता में आप खो सकते हैं,परंतु इसे 'फील' केवल वे कर सकते हैं जिन्होंने अपनी किशोरावस्था में ऐसे पत्र किसी को लिखे हों। गांव-खेड़े में अनपढ़ लोग पोस्टमेन से आग्रह करके पत्र लिखवाते थे,सदाशयी पोस्टमेन उनकी मदद करते थे और स्वयं उस पत्र को पोस्ट भी कर देते थे।

हत्या के मामले में 12 आरोपियों को उम्रकैद

कोर्ट ने सभी पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● 11 साल तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट कमार प्रशांत ने ग्यारह साल पुराने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या करने व अन्य लोगों को घायल करने के मामले की सुनवाई करते हुए 12 लोगों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि चौबिया थाना क्षेत्र के गांव सीपुरी निवासी संजय कुमार पुत्र धीरज सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 20 मई 2012 को वह अपने परिवार के साथ घर पर था तभी गांव के लोगों ने एक राय होकर उसके दरवाजे पर आकर फायरिंग की। जिसमें उसके पिता धरज सिंह की मौत हो गई जबकि परिवार के आठ लोग घायल हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रधुवीर सिंह पुत्र विद्याराम संदीप पुत्र संतोष कुमार , ग्रीश पुत्र राम नाथ शर्मा , मान सिंह पुत्र बच्चन लाल , छोटे लाल पुत्र अनंत राम , संजू पुत्र भूप नारायण , अनिल पुत्र शमशेर बहादुर अनमोल शुक्ला पुत्र वीरेंद्र शुक्ला पुष्पेंद्र कुमार पुत्र बलबीर सिंह यादव , संदीप सविता पुत्र राम शंकर श्याम पुत्र शिव कुमार बनिया सुधीर पुत्रराम शंकर, सहित 15 लोगों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास के अलावा एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। बाद में पुलिस ने असलाह आदि की बरामदगी की थी। छानबीन के बाद में पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएटी एक्ट कोर्ट में हुई। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमा कांत चतुर्वेदी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गवाहों के अलावा साक्ष्य पेश किए। बचाव पक्ष के वकीलों ने भी पैरवी की। विशेष लोक अभियोजक के द्वारा पेश किए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने रघुवीर , संदीप , ग्रीश , मानसिंह , छोटे लाल , संजू, अनिल कुमार , अनमोल शुक्ला , पुष्पेंद्र कुमार, संदीप सविता , श्याम, सुधीर कुमार को दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर जुर्माना भी लगाया।

निर्माण कार्यों का भूमि पूजन करतीं नगर पंचायत अध्यक्ष फूलन देवी । अमृत विचार

1.32 करोड़ से इकदिल की संवरेगी तस्वीर

संवाददाता इकदिल, इटावा

अमृत विचार। आदर्श नगर पंचायत में शासन प्रशासन की स्वीकृति मिलने के बाद एक करोड़ 32 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ।

नगर पंचायत निधि, पंडित दीनदयाल आदर्श नगर पंचायत योजना से मिली धनराशि से विभिन्न वार्डों में हाई मास्ट लाइट, पोल लाइट एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों का निर्माण होगा । शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष फूलन देवी, अधिशासी अधिकारी उमेश कुमार सिंह ने पूर्वी चौराहा पर 16 मीटर हाई मास्ट लाइट एवं 9 मीटर डिवाइडर लाइट, इकदिल चौराहा पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सार्वजनिक शौचालय निर्माण का भूमि पूजन किया । अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगरीय विकास योजना के तहत आठ हाई मास्ट लाइट एवं डिवाइडर 9 मीटर पोल 54 लाइटें लगायी जाएंगी। कस्बा चौराहा पर शौचालय निर्माण होगा। सीमा विस्तार क्षेत्र वार्ड 9 गांधीनगर इंधोंआ, वार्ड 2 आंबेडकर नगर फूफई में सार्वजनिक शौचालय के निर्माण कार्यो का भी भूमि पूजन किया गया। इस मौके पर सभासद राम प्रबल, नीलम , सोमवती , इन्द्र पाल, अफजाल , रजनीदेवी ,प्रेम शंकर, दिलावर ,सुनील कुमार राजपूत ,नदीम, आशा देवी, रूबी, फिरोज अहमद ,चिराग आदि रहे।

कठेरिया के मुकाबले सपा से दोहरे

कार्यालय संवाददाता ,इटावा

● बसपा के कैडर वोट पर सपा की लगी हुई है निगाह

● भाजपा से डॉ. रामशंकर प्रत्याशी अब बसपा का है इंतजार

डॉ. रामशंकर कठेरिया।

जितेंद्र दोहरे ।

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही अब चुनावी सरगर्मियों ने तेजी पकड़ ली है। इटावा में चौथे चरण में 13 मई को मतदान कराया जाएगा। इटावा सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया को पहले ही प्रत्याशी घोषित कर दिया था। कांग्रेस से गठबंधन के बाद यह सीट सपा के खाते में है। इसलिए यहां कांग्रेस का प्रत्याशी नहीं होगा। सपा ने पार्टी के युवा चेहरे जितेंद्र दोहरे पर दांव लगाया है। जितेंद्र दोहरे की राजनैतिक करियर की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से हुई। वे बसपा के कैडर कार्यकर्ता के रूप में काम करने के बाद वे जिला अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 2019 में बसपा से नाराज होकर वे सपा में शामिल हुए। इसके बाद पंचायत चुनावों में जिले के सबसे बड़े विकास खंड महेवा में अपनी पत्नी पवित्रा दोहरे को बीडीसी चुनाव लड़वाया और इस समय पवित्रा दोहरे सपा की महेवा से ब्लाक प्रमुख हैं।

सपा में यूं तो पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व प्रत्याशी कमलेश कठेरिया, विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम के नाम की भी चर्चा होती रही लेकिन अंत में सपा हाईकमान की पसंद के रूप में जितेंद्र दोहरे का ही चुनाव किया गया। शनिवार को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने अपने गृह जनपद में जितेंद्र दोहरे के नाम पर अंतिम मोहर लगाई । इसके बाद उन्हें अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सपा ने इटावा जैसी महत्वपूर्ण सीट पर जितेंद्र दोहरे पर बड़ा दांव लगाया है। इटावा में बसपा के कैडर वोट में उनकी पकड़ काफी मजबूत मानी जाती है। इसी वजह से सपा ने अपने वोट बैंक के साथ बसपा के वोट बैंक में भी सेंध लगाते हुए भाजपा को कड़ी टक्कर देने का दांव खेला है।

सपा और भाजपा के बाद अब बसपा की बारी है। बसपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। वैसे इस समय पूर्व एमएलसी भीमराव अंबेडकर का नाम भी काफी जोरों पर चल रहा है। अंबेडकर बसपा के पुराने और वफादार कार्यकर्ता रहे हैं। लखना सुरक्षित सीट से विधायक भी रह चुके हैं। बसपा ने उनके समर्पण को देखते हुए ही एमएलसी भी बनाया था। अब बसपा में उनके नाम की चर्चा है। आने वाले दिनों में बसपा के प्रत्याशी की घोषणा होते ही चुनावी तस्वीर साफ हो जाएगी। इटावा की सरजमीं एक रोचक मुकाबले के लिए तैयार हो रही है।

कार्यकर्ताओं ने सीमा का किया स्वागत

संवाददाता बसरेहर, इटावा

अमृत विचार। शहर के शिवनारायण इंटर कालेज की प्रवक्ता सीमा शाक्य को राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। वे पूर्व सांसद और पूर्व विधायक रघुराज सिंह शाक्य की पत्नी हैं। शुक्रवार को उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद इटावा आते समय चौपला कट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया ।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय शाक्य , स्वदेश शर्मा , अश्विनी यादव,सुबोध गुप्ता , राहुल राज वर्मा , मुकेश शाक्य और तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीमा शाक्य एवं पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य को माला पहनकर स्वागत किया।



सीमा शाक्य और रघुराज शाक्य का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता । अमृत विचार

● शिक्षा सेवा चयन आयोग की बनीं सदस्य

इटावा जाते समय कस्बा बसरेहर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत करने वालों में सौरव शाक्य, अनिल शाक्य, रामेन्द्र सिंह यादव फौजी , विशाल सैनी ,गगन सविता , विवेक शाक्य शामिल रहे।

मधुमक्खी के हमले से किसान की मौत

महेवा, इटावा। ग्राम पुरावली निवासी मंगल सिंह कुशवाहा 85 वर्ष शुक्रवार की देर रात खेतों पर रखवाली के लिए गए थे । खेतों पर आम के पौधे में बड़ी मधुमक्खी ने हमला कर दिया,जिससे वह वहीं अचेत होकर गिर पड़े। अन्य किसानों ने जब चीख पुकार सुनी तो परिजनों को सूचना दी। घर वाले महेवा अस्पताल लेकर भागे तब तक रास्ते में ही उनकी मौत हो गई । उनका इकलौता बेटा वीर सिंह दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। किसान के निधन पर प्रधान नबाब सिंह राजपूत ,मण्डल अध्यक्ष सतेंद्र राजपूत , मण्डल उपाध्यक्ष सर्वेश बाजपेई ,भाजपा नेता सुरेंद्र भदौरिया ,समाज सेवी राजू दीक्षित , मुकेश ,रवीं कुशवाहा ,सुभाष आदि ने शोक जताया है।

नये भवन में पहुंचा बिजली ऑफिस

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। मैनपुरी रेलवे क्रासिंग पार जिला सहकारी बैंक के मुख्यालय के समीप विद्युत वितरण खंड प्रथम का कार्यालय अब नये भवन में पहुंच गया है। शनिवार को सदर विधायक सरिता भदौरिया ने इस नये कार्यालय का उद्घाटन किया। अब अप्रैल के महीने से बिजली विभाग के कार्यालय का संचालन इसी नये भवन से किया जाएगा।

नये कार्यालय भवन का उद्घाटन करते हुए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सबको निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो रही है। पूर्व की सरकार में कुछ ही जिलों में बिजली आपूर्ति मिलती थी। अब पूरे प्रदेश को पर्याप्त विद्युत आपूर्ति हो रही है जिससे डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में बिजली कोई मुद्दा ही नहीं बचा है इससे पूर्व बिजली पानी पर ही राजनीति होती थी। इससे पहले कार्यालय उद्घाटन के लिए पहुंचने पर अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार व अधिशाषी अभियंता श्री प्रकाश ने सदर विधायक का स्वागत किया। इस मौके पर एसडीओ गगन अग्निहोत्री, पीयूष मौर्य, आंनद पाल के साथ भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजू चौधरी, भाजपा नेता सागर दुबे, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री विकास भदौरिया, किसान मोर्चा के जिला मंत्री अशोक सिंह चौहान, टीटू, चंदन आदि मौजूद रहे।

विधायक सरिता भदौरिया का स्वागत करते एक्सईएन श्रीप्रकाश । अमृत विचार

● अब बिजली आपूर्ति में नहीं होता भेदभाव : विधायक

रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

महेवा, इटावा। आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप टीम महेवा के निर्देशन में उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालय अहेरीपुर के छात्र/छात्राओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली में छात्रों ने मम्मी पापा भूल न जाना,वोट डालने जरूर जाना, जैसे नारे लगाकर गली गली को गुंजायमान कर दिया। मतदाताओं को मतदान आमंत्रण पत्र भी दिए गए।

खंड शिक्षा अधिकारी उदय सिंह राज ने मतदाताओं को शपथ दिलाकर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। ग्राम प्रधान संगीता वर्मा, ग्राम सचिव सौरभ, प्रधानाध्यापक बृजेन्द्र सिंह कुशवाहा , सीमा सिंह , अनिकेश कुमार , वंदना रहीं।

संयुक्त टीमें करेंगी विवादों का निपटारा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● शिकायतकर्ता से मोबाइल पर बात भी करें : जिलाधिकारी

अमृत विचार। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली जन शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही अवैध कब्जा से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाए।

यह निर्देश जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील चकरनगर के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनने के दौरान दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायतों के प्रति गम्भीर रहकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि के अन्दर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वह अपने अधीनस्थों पर निर्भर न रहें बल्कि स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण की गुणवत्ता को देखें, शिकायतकर्ता द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर उससे बात कर शिकायत निस्तारण की जानकारी कर तत्काल निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर कुल 26 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर अधीनस्थों को निर्धारित समय सीमा के अन्दर निस्तारण करने को कहा।

18 लाख वोटर चुनेंगे इटावा का सांसद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। मतदाता सूची पहले ही तैयार कर ली गई है इस मतदाता सूची के अनुसार इटावा लोकसभा क्षेत्र का सांसद चुनने के लिए 18 लाख 15 हजार 864 मतदाता मतदान करेंगे।

इटावा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं जिनमें दो इटावा जिले की, दो औरैया जिले की और एक कानपुर देहात जिले का विधानसभा क्षेत्र शामिल है। इन्हें मिलाकर इटावा लोकसभा क्षेत्र बना है। इस पूरे क्षेत्र में कुल मिलाकर 18 लाख 15 हजार 864 मतदाता हैं जो सांसद का चुनाव करेंगे। जिला प्रशासन में इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली है। इन मतदाताओं में 977942 पुरुष मतदाता तथा 837894 महिला मतदाता शामिल हैं। इसके साथ ही लोकसभा क्षेत्र में थर्ड जेंडर के 28 मतदाता भी शामिल है जो मतदान करेंगे। विधानसभा क्षेत्र के हिसाब से देखा जाए तो सबसे ज्यादा चार लाख 14 हजार 977 मतदाता इटावा सदर विधानसभा क्षेत्र में हैं जबकि सबसे कम 3 लाख 24 हजार 461 मतदाता दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र में शामिल हैं। चुनाव आयोग की ओर से कार्यक्रम जारी हो जाने के बाद चुनाव की तैयारी में तेजी आ गई है ।

इस तरह हैं मतदाता

विधानसभा क्षेत्र	मतदाता
इटावा	414977
भरथना	411793
दिबियापुर	324461
औरैया	331242
सिकंदरा	333391

18 अप्रैल से नामांकन और 13 मई को पड़ेंगे वोट

इटावा। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार इटावा लोकसभा क्षेत्र में चौथे चरण में चुनाव कराए जाएंगे। चौथे चरण का जो कार्यक्रम घोषित किया गया है उसके अनुसार इस चरण में इटावा लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान कराया जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार ने बताया की आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार इटावा लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरे जाने का काम 18 अप्रैल से शुरू हो जाएगा और 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को की जाएगी और नाम वापसी के इच्छुक उम्मीदवार 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकते है। इसके बाद 13 मई को मतदान कराया जाएगा।

पिछले चुनाव में थे साढ़े 17 लाख वोटर

इटावा लोकसभा का पिछला चुनाव 2019 में कराया गया था। उस समय इटावा लोकसभा क्षेत्र में शामिल इन पांचों विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर कुल 17 लाख 52 हजार 343 मतदाता थे जिन्होंने वोट किया था। इस हिसाब से विधानसभा क्षेत्र में लगभग एक लाख मतदाताओं की बढ़ोतरी इटावा लोकसभा क्षेत्र में हुई है

सार-संक्षेप



राहुल पाल का स्वागत करते कार्यकर्ता । अमृत विचार

अपना दल ने रोड शो कर दिखाई ताकत

इटावा। अपना दल एस के जिलाअध्यक्ष राहुल पाल ने शनिवार को अपने काफिले के साथ रोड शो किया। उन्होंने सरदार पटेल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। काफिले के साथ पूर्व मंत्री बंशीधर धनगर के पौत्र गौरव धनगर, सत्यराम पाल, ठेकेदार विकास पाल, शोलू यादव, रविन्द्र कुशवाहा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला महासचिव डॉ सुधीर सविता, रविन्द्र सिंह, हरिशंकर पटेल, अवधेश पटेल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

1431 में से सिर्फ 806 परीक्षक पहुंचे कॉपी जांचने

इटावा। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं हो जाने के बाद मूल्यांकन का कार्य शुरू कर दिया गया। यह कार्य 16 मार्च से शुरू हो गया। पहले दिन काफी जांचने आए परीक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया जिससे कम संख्या में कापियां जांची जा सकीं, हालांकि पहले दिन पूरी संख्या में परीक्षक भी कापी जांचने के लिए नहीं पहुंचे। जिले के चार मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 1431 परीक्षक तैनात किए गए ही इनमें से पहले दिन सिर्फ 806 परीक्षक ही कापी जांचने के लिए मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंचे। आने वाले दिनों में इनकी संख्या में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। पहले दिन ज्यादा संख्या में कॉपी भी नहीं जांची जा सकी। चारों मूल्यांकन केंद्रों पर कापियों के मूल्यांकन का काम चल रहा है इनमें से दो मूल्यांकन केंद्र जीआईसी व जीजीआईसी में हाई स्कूल की कॉपियां जांची जा रही है। पहले दिन 4441 कापियों का मूल्यांकन किया गया। सनातन धर्म इंटर कॉलेज तथा इस्लामिया इंटर कॉलेज में इंटर की कॉपियां जांची जा रही है पहले दिन यहां 2333 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया।

अनियंत्रित ट्रक दो घरों में घुसा, मची अफरा-तफरी

भरथना,इटावा। इटावा कन्नौज हाईवे पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर दो घरों में जा घुसा। घर के अन्दर सो रहे परिजनों में तेज धमाके की आवाज सुनकर हड़कंप मच गया। उन्होंने घर से बाहर निकलकर देखा,तो ट्रक का अगला हिस्सा उनके घर की दीवार तोड़ चुका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के सहयोग से ट्रक को घरों से बाहर निकलवाया। चालक व हेल्पर दोनों मौके से फरार हो जाने में सफल रहे। कस्बा के मुहल्ला मन्दिर दानसहाय में रात के समय घरों में परिजन सोये हुए थे। मध्य रात्रि तेज धमाकेदार आवाज सुनकर परिजन सहम गये। उन्होंने घर से बाहर देखने का प्रयास किया,तो देखा कि एक ट्रक उनके घर की दीवार में घुस गया। जिससे दोनों ही घर क्षतिग्रस्त हो गये। गृहस्वामी विकास ने बताया कि उसके व उसके पड़ोसी के घर में शुक्रवार रात्रि करीब एक बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर घुस गया।

घर बुलाकर किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी फरार

चकरनगर, इटावा । एक गांव की पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि गुरुवार रात्रि समय आरोपी युवक ने किशोरी को अपने घर बुलाया और उसके साथ छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी को मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने परिजनों को घटना से अवगत कराया। लिस ने जांच पड़ताल करते हुए भरेह थाना के गांव पथर्रा निवासी सुधीर उर्फ बड़े पुत्र मंगल सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर धर पकड़ की कार्रवाई शुरू कर दी।

चौकसी शुरू | लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही जिला प्रशासन ने शुरू किया अभियान, सड़कों पर दौड़ती रहीं टीमें

आचार संहिता लगते ही प्रशासन ने उतरवाये होर्डिंग और बैनर

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिले में 13 मई को चौथे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता लगते ही जिला प्रशासन ने सख्ती के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों, प्रत्याशी व सरकारी योजनाओं का प्रचार करने वाले होर्डिंग, पोस्टर, बैनर आदि हटाने का सिलसिला दोपहर बाद शुरू कर दिया।

जिले भर में संबंधित एसडीएम के मौजूदगी में पुलिस बल के साथ नगर पालिका व नगर पंचायत की टीमों ने प्रमुख सार्वजनिक स्थान सड़क, चौराहों, पार्क, सरकारी भवन आदि से होर्डिंग हटवाने की कार्रवाई की। इस दौरान शहर में भी डीएम चौराहा, एसएसपी चौराहा समेत विकास भवन, कलेक्ट्रेट के साथ ही माल गोदाम रोड, शास्त्री चौराहा, पक्का बाग तिराहा समेत आईटीआई चौराहा पर भी होर्डिंग व पोस्टर आदि हटाने की कार्रवाई की गई। देर रात तक पालिका की टीमें शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जाकर बिजली पोल व अवैध रूप से बांस बल्ली पर लगाये गये कटऑफ, होर्डिंग व पोस्टर, बैनर को उतारती नजर आयी। वहीं एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, सीओ सिटी अमित कुमार नायब तहसीलदार, ईओ विनय कुमार मणि त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस एवं आईटीबीपी द्वारा मय फोर्स के साथ इसका निरीक्षण किया।

साथ ही टीटी तिराहा से शुरुआत कर छैराहा, पचराहा, राजागंज चौराहा, नगरपालिका चौराहा, सुपर मार्केट व तिकोनिया तिराहा, पुल कहारन से नौरंगाबाद चौराहा, शादीलाल धर्मशाला होते हुए स्टेशन रोड से शास्त्री चौराहा तक एरिया डॉमिनेशन एक्सरसाइज की गयी।

वार्डों के लिए अलग से बनी टीमें, रविवार को भी करेंगी काम

● नगर पालिका परिषद, राजस्व विभाग और सफाई कर्मियों की पांच टीमें बनाई गईं

:अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने बताया आदर्श चुनाव आचार संहिता का सख्ती से पालन किया जाएगा। पालिका ने राजस्व विभाग व सफाई कर्मियों की पांच टीमें लगा दी हैं। प्रत्येक टीम में नौ सदस्य हैं। जो हर वार्ड में सफाई सुपरवाइजर के साथ मिलकर वाल पेंटिग, पोस्टर, होर्डिंग को हटवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रविवार अवकाश के दिन भी उनकी टीमें प्रचार सामग्री को हटवाएंगी। वार्ड में किसी भी राजनीतिक दल की प्रचार सामग्री मिलती है तो उसे तुरंत हटाया जा रहा है। इस कार्य के लिए नौ कर्मचारियों की पांच टीमें गठित कर दी गई हैं।

सार्वजनिक स्थानों से प्रचार सामग्री हटवाते ईओ विनय मणि त्रिपाठी । अमृत विचार

लखना व जसवंतनगर में भी हटी प्रचार सामग्री

बकेवर, इटावा। आदर्श आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। शनिवार को निर्वाचन आयोग की ओर से इसकी घोषणा किए जाने के बाद लखना व बकेवर में नगर पंचायत कर्मचारियों ने सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर आदि प्रचार सामग्रियों को हटवाना शुरू कर दिया। बाइपास रोड पर बिजली के पोलों पर लगे पोस्टर बैनर हटाने का काम शुरू कर दिया गया। जसवंतनगर में छोटा चौराहा, बड़ा चौराहे, नदी का पुल, तहसील,सीएचसी ,ब्लाक छिमारा रोड ,एव सार्वजनिक रोड के किनारे लगे खंभों पर व दीवारों के सहारे लगी चुनाव प्रचार सामग्री के पोस्टर, होर्डिंग व बैनर को एयर लिफ्ट मशीन द्वारा हटाया गया ।साथ ही दीवालों पर लिखे प्रचार सामग्री को पोता गया। इस अभियान में तहसीलदार ,भूपेंद्र विक्रम सिंह,पालिकाअधिशासी अधिकारी, श्याम वचन सरोज,टीआई अरविंद कुमार,विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू एव पालिका कर्मचारीगण मौजूद रहे।

भूमि की मालियत और स्टांप की होगी जांच

डीएम ने क्रय-विक्रय की भूमि का किया निरीक्षण, बोलीं- कमी मिली तो नियमानुसार होगी कार्रवाई

बाबरपुर कस्बे में भूमि के बारे में जानकारी लेतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र के कस्बा बाबरपुर में क्रय विक्रय की गई कृषि भूमि का डीएम नेहा प्रकाश ने स्थलीय निरीक्षण किया।

विक्रय पत्र के साथ संलग्न किए गए स्टांप पत्रों को भी जांचते हुए कहा कि भूमि कि मालियत पुनः जांच कराते हुए संलग्न किए गए स्टांप पत्रों के मूल्य को देखा जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यदि नियमानुसार निर्धारित मूल्य के अनुरूप स्टांप पत्रों में कमी पाई जाएगी तो नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित होगी। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी अजीतमल रामअवतार, तहसीलदार जितेश कुमार व लेखपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

पाक कला प्रतियोगिता में बीनू रहीं अव्वल

- भोजन बनाने के तरीके के अलावा अन्य बिंदुओं पर भी दिये गये अंक

औरैया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एमडीएम योजना में मुख्य भूमिका का निर्वहन करने वाली रसोइया के उत्साहवर्धन के लिए जनपद स्तरीय रसोइया पाक कला का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से आए 30 रसोइयों ने हिस्सा लिया। निर्णायक समिति द्वारा भोजन का स्वाद, पौष्टिक तत्व, भोजन बनाने का तरीका, स्वच्छता व सौम्य व्यवहार को भी अंक में शामिल किया गया। समिति के निर्णय के आधार पर ब्लॉक अजीतमल के प्राथमिक विद्यालय पृथ्वीपुर की बीनू पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सदर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय तुर्कीपुर में आयोजित जिला स्तरीय रसोइया पाक कला प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने किया। इस दौरान अतिथियों ने रसोइयों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को चखकर उनकी सराहना की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी रसोइया विद्यालय में भी इसी तरह से साफ -सफाई एवं गुणवत्ता युक्त भोजन बनाएं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने रसोइयों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें अच्छे से अच्छा भोजन बनाकर बच्चों को देने की बात कही।

बीएसए अनिल कुमार सिंह ने रसोइयों से मिड डे मील मीनू के अनुसार बनाने के लिए कहा। जिला समन्वयक एमडीएम नमन पांडेय ने बताया कि रसोइयों के उत्साहवर्धन के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि सदर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय रुहाई की महजवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रसोइया निराशा देवी कंपोजिट विद्यालय तुर्कीपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रसोइया को 3500 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले रसोइया को 2500 एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रसोइया को 1500 रुपये एवं प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

निर्णायक समिति में स्वास्थ्य विभाग से निशा वर्मा, गृह विज्ञान प्रवक्ता गुलजारी लाल विद्यालय रेणु वर्मा, मास्टर शेफ ध्रुव पोरवाल, प्रधानाचार्य शांति यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार रहे। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय दाताराम, डीसी एमडीएम नमन पाण्डेय, डीसी निर्माण मयंक उदेनिया, एसआरजी सुनील दत्त राजपूत सुभाष रंजन दुबे सहित ग्राम प्रधान गिरिजा शंकर के अलावा बच्चों के अभिभावक व बच्चे आदि उपस्थित रहे।

देश के किसी कोने में बैठे डॉक्टर से ले सकेंगे परामर्श

अयाना। सीएचसी अयाना क्षेत्र के हड्डी रोगियों व हादसे में घायल लोग अब देश के किसी भी कोने में बैठे डॉक्टर को ऑनलाइन एक्सरे फिल्म भेजकर परामर्श ले सकेंगे। शनिवार को जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने सीएचसी में स्थापित की गई डिजिटल एक्सरे मशीन का उद्घाटन किया। बीहड़ पट्टी समेत करीब 115 गांवों को सुविधा देने वाली सीएचसी अयाना में डिजिटल एक्सरे मशीन न होने की वजह से मरीजों को जिला अस्पताल में जाकर एक्सरे करवाने पड़ते थे। शासन की ओर से सीएचसी अयाना को डिजिटल एक्सरे मशीन मिलने से मरीजों को सहूलियत मिलेगी। हालांकि अभी अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ व एक्सरे टेक्नीशियन की तैनाती होनी बाकी है। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया कि इस डिजिटल एक्सरे मशीन से लोगों को एक्सरे की डिजिटल फिल्म की प्राप्त होगी। इससे मरीज आसानी से अपने एक्सरे फिल्म को फोन के सेव करने के साथ टेलीमेडिसिन सुविधा की मदद से विशेषज्ञ को एक्सरे फिल्म दिखाकर परामर्श ले सकेंगे। डीएम ने बताया कि विशेषज्ञ की तैनाती के लिए वह शासन को पत्राचार करेंगी। इसके अलावा जिलाधिकारी ने प्रसूताओं के नास्ता व खाना की जानकारी ली। व्यस्थायें उचित मिलने पर उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील शर्मा की तारीफ की।

सफाई अभियान में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

सफाई अभियान चलाकर पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवकों ने साफ सफाई करते हुए लोगों को जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वीरेश सिंह भदौरिया के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय आदमपुर प्राथमिक विद्यालय के मुख्य मार्ग से संबंधित गली एवं पंचायत घर में श्रमदान के तहत साफ सफाई की। श्रमदान का मुख्य उद्देश्य आदमपुर की ग्राम वासियों एवं प्राथमिक विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों को श्रमदान के द्वारा साफ सफाई का संदेश देने की कोशिश की गई। इस मौके पर नवनीत यादव, यशी तिवारी, अजय शर्मा, शिल्पी, शालू, रक्षा भारतीय रंजना अतुल कुमार सिंह , विश्व दीप, ऋषि प्रताप मौजूद रहे।

भाजपा के साथ है पूरा ओबीसी समाज

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। भाजपा एमएलसी एवं पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामचंद्र प्रधान ने कहा कि ओबीसी के हित में पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने का निर्णय लें। आज पूरा ओबीसी भाजपा के साथ है।

वह शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित युवा संवाद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिछड़े वर्गों के नौजवानों से आह्वान करते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से मोदी-योगी की डबल इंजन का सरकार में देश व प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को संवैधानिक अधिकारों के साथ राजनैतिक अधिकार मिले हैं, उससे देश-प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के लोग मुख्य धारा से जुड़े हैं। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष माधव सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों को पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पिछड़ा मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री एवं मोर्चा की जिला प्रभारी अंगूरी पाल, अमर सिंह राजपूत,,कार्यकम संयोजक सहदेव सिंह, दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा,भाजपा जिला महामंत्री शिव सिंह भारतीय,भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर चंद्र राठौर ,पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री उत्तम सिंह राजपूत,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह चौहान,सोशल मीडिया के जिला संयोजक सौरभ आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते रामचंद्र प्रधान। अमृत विचार

आप के प्रदेश उपाध्यक्ष समेत कई प्रधान भाजपा में शामिल

औरैया। भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में आप पार्टी के प्रबुद्ध मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र बाथम ने अपने आधा सैकड़ा से ज्यादा कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा में शामिल हुए। वही भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में भाजपा जिला महामंत्री शिव सिंह भारतीय के नेतृत्व में अरविंद सविता भगौतीपुर प्रधान,राज नारायण सविता गुहानीखुर्द प्रधान,नाथूराम सविता असेवा प्रधान,विवेक प्रधान प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हुए। पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री एवम एमएलसी रामचंद्र प्रधान व भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने पट्टिका डालकर स्वागत किया।

अध्यक्ष समेत आठ सभासद भाजपा में

अजीतमल। अटसू नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष इन्दु गुप्ता व उनके पति पूर्व चेयरमैन स्वदेश पोरवाल के साथ नगर के आठ सभासदों ने अजीतमल ब्लाक प्रमुख रजनीश पांडेय के सहयोग से शनिवार को लखनऊ बीजेपी कार्यालय पहुंचे और भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी हित में काम करने का संकल्प लेते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लेकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। लखनऊ पहुंचे चेयरमैन के साथ सभासद जितेन्द्र शुक्ला, आशीष राजपूत, सौरभ राजपूत, दीपचंद, कप्तान राजपूत, शिवपाल सिंह, हरिओम राजपूत, पिन्टू कुशवाहा समेत आठ सभासदों पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के दिशा-निर्देश में पार्टी हित में काम करने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष समेत सभासदों के भाजपा में जाने से नगर समेत अन्य क्षेत्रीय लोग पार्टी को जिताने का काम करेंगे।

मालगाड़ी की चपेट में गाय आने से रूट बाधित

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रूट की डेडिकेटेटड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) पर कंचौसी स्टेशन पर बीती रात्रि 11 बजे के बाद एक गाय मालगाड़ी की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। वैगन के पहिये में मांस के टुकड़े फंसने के कारण मालगाड़ी स्टेशन के पास खड़ी रही। जानकारी पर पहुंचे रेलकर्मियों ने किसी तरह से फंसे टुकड़ों को हटाते हुए ट्रैक किनारे पड़े शव को दूर किया। इस बीच करीब 30 मिनट तक अप लाइन में मालगाड़ियों का संचालन बाधित रहा।

माल ढुलाई गलियारे के लिए बने डीएफसी लाइन के अप लाइन में शुक्रवार बीती रात्रि को एक मालगाड़ी कानपुर सेंट्रल से इटावा स्टेशन आ रही थी। कंचौसी स्टेशन के पास एक गाय मालगाड़ी की चपेट में आ गई। इस हादसे में गाय की मौत हो गई और लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मालगाड़ी रोक दी। जानकारी होने पर स्टेशन पर तैनात कर्मचारी पहुंचे। उन्होंने गाय के शव को किनारे किया।

खड़ी मालगाड़ी।

इसके अलावा मांस के फंसे टुकड़े पहिये से हटाए। दुर्घटना की वजह से अप लाइन पर गाड़ियों का संचालन आधा घंटे तक बाधित रहा। मालगाड़ी करीब साढ़े 11बजे ट्रेन इटावा के लिए रवाना हो सकी। घटना में पीछे आ रही एक मालगाड़ी को कंचौसी से पहले रोका गया था। रेल रूट सामान्य होने पर परिचालन शुरू कराया गया। इस संबन्ध स्टेशन अधीक्षक नवाना वांचे ने बताया ट्रैक पर एक गाय मालगाड़ी की चपेट में आ गई थी, जिसकी वजह से रेलवे ट्रैक लगभग आधा घंटा बाधित रहा।

ट्रक का एक्सल टूटने से लगा भीषण जाम

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

अमृत विचार। रेलवे क्रासिंग पर शनिवार सुबह जाम की समस्या से लोगों को लगभग चार घंटे तक जूझना पड़ा। शनिवार सुबह 9 बजे रेलवे क्रासिंग पर रसूलाबाद से औरैया जा रहे मौरंग लदे ट्रक का एक्सल टूटने से ट्रक का पहिया नाले में धंस गया, जिससे सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया। इसका असर रसूलाबाद-औरैया आवागमन करने वाले वाहनों पर देखने को मिला। चौकी पुलिस को यातायात सामान्य करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। ट्रक का एक्सल ठीक होने के बाद जाम खुल सका।

औरैया की ओर से एक मौरंग भरा ट्रक जा रहा था। क्रासिंग से निकलते ही आगे रोड पर नाले में पहिया फंसने से एक्सल टूट गया जिस कारण पीछे आ रहे वाहनों के पहिये थम गए। कुछ ही देर में ट्रक व डंपरों की लाइन लग गई। पैदल व दुपहिया वाहन सवार भी परेशान हुए। चौकी इंचार्ज ने बताया कि यातायात प्रभावित होने की जानकारी मिलने पर सिपाहियों को भेजा गया था। ट्रक का एक्सल ठीक होने के बाद किसी तरह अवरुद्ध मार्ग को बहाल किया जा सका था।

नाले में धंसा ट्रक का पहिया।

पत्नी पर लगाया बच्चे को यमुना में फेंकने का आरोप

संवाददाता, अयाना, औरैया

अमृत विचार। युवक ने अयाना निवासी अपनी पत्नी पर तीन माह के बच्चे को यमुना नदी में फेंकने का आरोप लगा पुलिस को सूचना दी। वहीं पत्नी बीमारी से बच्चे की मौत होना बता रही है।

बीनू भदौरिया की बेटी गार्गी की शादी 2022 में आगरा निवासी रजत से हुई थी। अनबन के चलते रक्षाबंधन से गार्गी मायके में रहती है। उसने एक बेटे को जन्म दिया। शनिवार सुबह पति रजत ने पुलिस को बताया कि पत्नी ने उसके बच्चे को बीझलपुर स्थित यमुना नदी में फेंक दिया है। मौके पर पहुंचे सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने स्थानीय गोताखोरों की मदद बच्चे की नदी में खोज शुरू की है। वहीं पत्नी गार्गी ने बताया कि पति ग्वालियर में रहते हैं। आगरा आने पर उसके साथ मारपीट करते थे। इसपर पिता उसको घर ले आये थे। कुछ दिनों से बेटे की तबियत खराब थी। शनिवार सुबह बच्चे को परेशानी बढ़ने पर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां से सैफई ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसपर परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

डॉ. कप्तान सिंह बने चेयरमैन

औरैया। कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में नवसृजित जिला रेडक्रास सोसायटी का गठन हुआ। डीएम ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि सोसायटी का मुख्य उद्देश्य आपदा सहित अन्य अवसरों पर जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराना है। जिससे समय रहते उनको लाभ दिया जा सके और वह अपने को असहाय महसूस न कर सकें। उन्होंने कहा कि आप लोग समन्वय बनाकर कार्य करें और यह भी योजना बनायें कि सामाजिक क्षेत्र में और बेहतर क्या हो। डॉ. कप्तान सिंह चेयरमैन, डॉ. सर्वेश आर्य वाइस चेयरमैन, आनन्द प्रिय (प्रभात) कोषाध्यक्ष, कुलदीप सिंह ,रविभान सिंह रहे।

65 शिकायतों में पांच का किया गया निस्तारण

संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर 65 फरियादियों की शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 5 फरियादियों की शिकायतों को तत्काल मौके पर निस्तारित कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में पुलिस विभाग की 15 शिकायत, राजस्व विभाग की 24 शिकायत, पूर्ति विभाग की 7, विद्युत विभाग की 6, विकासखंड की 6, पीडब्ल्यूडी विभाग की एक, समाज कल्याण विभाग की 4, दिव्यांग विभाग संबंधी 2 शिकायते प्राप्त हुई।

फरियादियों की शिकायतें सुनतीं डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारू निगम।

डीएम नेहा प्रकाश व एसपी चारू निगम ने अजीतमल तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अवसर पर तहसील क्षेत्र के आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिकायतों का संज्ञान लेकर यदि आवश्यक हो तो टीम के साथ साथ पुलिस को भी साथ लेकर निस्तारण सुनिश्चित कराएं और यह ध्यान रखा जाए कि किसी भी पक्ष के साथ नियम विरुद्ध कार्य न हो और निस्तारण में पारदर्शिता भी दृष्टिगत हो। पीड़ित शिवकांती अवस्थी पत्नी आनंद कुमार अवस्थी निवासी अमावता ने अपने पुत्र दीपक अवस्थी के खिलाफ फर्जी मुकदमा लिखा जाने की शिकायत जिलाधिकारी नेहा प्रकाश से की और कहां की साजिश के तहित एफआईआर दर्ज की गई। प्रार्थिनी ने निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उप जिलाधिकारी अजीतमल रामअवतार, तहसीलदार जितेश वर्मा , क्षेत्राधिकारी पुलिस राम मोहन शर्मा, सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

बिधूना। सोमवार को कस्बे के श्री गजेन्द्र सिंह पब्लिक डिग्री कालेज में बीए व बीएससी के प्रथम से लेकर छठवें सेमेस्टर के कुल 536 छात्र-छात्राओं को शासन की मंशानुरूप स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रबंधक एवं समाजसेविका रचना सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने छात्र छात्राओं से स्मार्टफोन का उपयोग ज्ञान वर्धन के साथ आधुनिक शिक्षा के लिए करने को कहा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन अमित बाथम ललतू प्राचार्य अपरवल सिंह भदौरिया, मनोज कुमारन, नोडल प्रभारी डा. राजीव कुमार आर्य, अनुराग सिंह भदौरिया आदि ने भी स्मार्टफोन वितरित किए।

नगर पंचायत बोर्ड की बैठक | सभासदों ने बैठक में रखे कई प्रस्ताव, 14 प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से लगाई गई मुहर

रेलवे स्टेशन का नाम दिबियापुर करने की उठी आवाज

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- मिडिल स्कूल का किया जाएगा कायाकल्प
- कर निर्धारिण के लिए होगा दोबारा सर्वे

अमृत विचार। शनिवार को नगर पंचायत दिबियापुर कार्यालय में अध्यक्ष राघव मिश्र की अध्यक्षता में नगर पंचायत बोर्ड की बैठक हुयी। बैठक में कुल चौदह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुये। अधिशाषी अधिकारी विनय पांडेय द्वारा संचालित बोर्ड बैठक में सभी 15 वार्डों के सभासदों ने वार्ड में विकास कार्यों से सम्बधित प्रस्ताव लिखवाये।

सभासद अभय प्रजापति की ओर से वित्तीय वर्ष 2024 -2025 का अनुमानित बजट पेश किया गया। जिसमें 27,72,164 रुपये घाटा दर्शाया गया है। सभासद सुशीला पोरवाल ने राणानगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय (मिडिल) के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव रखा। वहीं सभासद इन्द्रपाल सिंह ने रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर जाने के लिये क्रासिंग के दोनों ओर सीढ़ियों के निर्माण कराने के लिये प्रस्ताव लिखाया। सभासद रिशी पोरवाल ने आजाद नगर, संजय नगर एवं इन्दिरा नगर समेत अन्य वार्डों में स्थित आंबेडकर पार्कों के सौंदर्यीकरण कराने का प्रस्ताव दिया । सभासद राहुल आंबेडकर ने आउट सोर्सिंग कर्मियों के वेतन बढ़ाने का प्रस्ताव लिखवाया । सभासद कृष्णकुमार कश्यप ने प्रस्तावित नहर पुल के बारे में चर्चा करते हुये मांग की गयी कि बाई पास बनाने के लिये शासन से पत्राचार किया जाये। विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल ने प्रस्ताव लिखाया कि नगर स्थित फफूंद रेलवे स्टेशन के नाम को बदलकर दिबियापुर रखा जाये इसके लिये रेलवे मंत्रालय को पत्र भेजा जाये इस पर सभी सदस्यों की सर्व सम्मति बनी ।

बोर्ड की बैठक में शामिल अध्यक्ष एवं सभासद। अमृत विचार

इसके अलावा उन्होंने नगर पंचायत के समस्त करों का पुनर्निर्धारण किए जाने की मांग करते हुए दोबारा सर्वे कराने की भी मांग की। सभासद राजीव शर्मा एवं सचिन गुप्ता ने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। वहीं सभासद ममतादेवी ने जल निगम द्वारा खोदकर खराब की गयी सड़कों का मुद्दा उठाते हुये इन्हें जल्द दुरुस्त कराने को कहा। सभासद राहुल दीक्षित ने नगर पंचायत द्वारा क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण की मांग की गयी। वहीं सभासद गौसिया बानो एवं सभासद रेखा राजपूत ने जल्द नयी स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग की । बैठक में अध्यक्ष राघव मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी विनय पाण्डेय , वरिष्ठ लिपिक नरेन्द्र सिंह राजावत, विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल समेत गौसिया बानो, सुशीला पोरवाल, सीमादेवी, ममतादेवी , रेखा राजपूत, संगीता प्रकाश , राहुल दीक्षित, इन्द्रपाल सिंह , राजेश कुमार , राहुल अम्बेडकर , राजीव शर्मा, रिशी पोरवाल, कृष्णकुमार कश्यप, अभय प्रजापति एवं सचिन गुप्ता आदि सभासद मौजूद रहे।

पुलिस के जवानों ने किया पैदल मार्च

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। लोगों को भयमुक्त होकर मतदान में भाग लेने के लिये पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स ने पैदल मार्च निकाला।

उन्होंने कस्बा सहित ग्राम नगरिया, मुहम्मदाबाद, छछूंद, गौतला, घसारा, चिमकुनी, इटेली, गुनोली, में पैदल मार्च निकाला और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की। थानाध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बक्शा नहीं जायेगा।

कंचौसी संवाददाता के अनुसार लोक सभा चुनाव 24 की जैसे ही तारीख घोषित हुई । वैसे ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई । आचार संहिता का पूर्ण पालन करते हुये नगर पंचायत कर्मी व अधिशाषी अधिकारी की अगुवाई में पूरे नगर पंचायत में घूम घूम कर होर्डिंग व बैनर उतरवाये गये। बैनर होर्डिंग को जब्त कर नगर पंचायत कार्यालय मे जमा किया व लोगों से आदर्श अचार संहिता का पालन करने का आग्रह किया ।

पैदल मार्च करते पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान। अमृत विचार

आचार संहिता लगते ही अलर्ट हुआ प्रशासन

बिधूना। लोकसभा के चुनाव की दुंदुभी बजते ही प्रशासन पूरी तरह से चौकन्ना हो गया है। सोमवार को अपराह्न जैसे ही निर्वाचन आयोग द्वारा 18वीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए सात चरणों में चुनाव कराये जाने के कार्यक्रम की घोषणा की गई वैसे ही उप जिला अधिकारी हरिश्चंद्र ,तहसीलदार रणवीर सिंह, नायब तहसीलदार पियूष साहू, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती आदि अधिकारियों ने नगर पंचायत प्रशासन एवं पुलिस बल के साथ नगर में भ्रमण कर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा लगाए गए बैनर पोस्टर होर्डिंग्स आदि सामग्री हटवा दिए।

एक नजर

आम जनता पार्टी ने दिया कांग्रेस को समर्थन

अमृत विचार, लखनऊ : आम जनता पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंत्रीलाल चौहान उर्फ महंत बालक दास ने लोस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन घोषित किया। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम मेंसमर्थन देने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश चौहान, मुकेश चौहान राष्ट्रीय सचिव सुरेश चौहान, सैकड़ों साथी शामिल रहे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय मौजूद थे।

गोमतीनगर-छपरा होली स्पेशल ट्रेन 21 मार्च से

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 05012 गोमतीनपुर-छपरा होली स्पेशल 21, 23, 25 व 27 मार्च को संचालन किया जाएगा। गोमतीनगर से दोपहर 2 बजे चलकर यह ट्रेन दूसरे दिन छपरा कचहरी मध्यरात्रि 12 :05 बजे पहुंच जायेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05011 छपरा-गोमतीनगर होली स्पेशल 22, 24, 26 व 28 मार्च को छपरा से तड़के 5 :45 बजे रवाना होगी जो गोमतीनगर रेलवे स्टेशन शाम 4 बजे पहुंचेगी।

मूल्यांकन शुरू होते ही बीमार पड़ने लगे गुरु जी

डीआईओएस कार्यालय में पहुंच रहे मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थना पत्र, सचिव ने दिया कार्रवाई का आदेश

रविशंकर गुप्ता अमृत विचार

लखनऊ: यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को शुरू हो गया। राजधानी सहित प्रदेश भर में 259 केन्द्रों पर मूल्यांकन के लिए 1.5 लाख परीक्षक लगाए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक बीमारी का बहाना बनाकर मूल्यांकन कार्य से दूरी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थनापत्र डीआईओएस कार्यालय पहुंचे हैं, लेकिन ज्यादातर प्रार्थनापत्रों में सीएमओ की रिपोर्ट नहीं है। इससे डीआईओएस अवकाश स्वीकृत करने से इनकार कर दिया। शिक्षक ड्यूटी न करने के लिए इधर-उधर से सिफारिश लगा रहे हैं।

लखनऊ के अलावा कानपुर,

▸▸ सीएमओ की रिपोर्ट के बिना स्वीकृत नहीं होंगे अवकाश

मुरादाबाद, बरेली, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, सीतापुर, कन्नौज, अमेठी, बलरामपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, गोंडा, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, अंबेडकर नगर, हमीरपुर कई जनपद के डीआईओएस को भी मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थना पत्र मिले हैं। डीआईओएस का कहना है कि जिसमें सीएमओ की रिपोर्ट नहीं लगी है, वह प्रार्थनापत्र निरस्त किए जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को कड़ी निगरानी के बीच गोपनीय तरीके से शुरू हुआ है। इसमें शिक्षकों के अवकाश रद्द करने के निर्देश हैं। विशेष परिस्थिति में ही अवकाश तभी दिया जायेगा जब सीएमओ की र रिपोर्ट होगी।

31 तक चलेगा मूल्यांकन, 13 दिनों का है समय : उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 31 मार्च तक चलेगा। इस बीच तीन अवकाश भी पड़ रहे हैं। ऐसे में 13 दिनों में 3.1 करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन होना है। ऐसे में अगर मूल्यांकन के समय में पर शिक्षक किसी भी तरह से अवकाश पर जाते हैं तो मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है। प्रति शिक्षक को एक दिन में कम से कम 100 कांपी जांचनी अनिवार्य है।

पहले दिन 9,54,994 लाख कॉपियां हुई चेक: परिषद के सचिव ने बताया कि यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन पहले दिन 259 केन्द्रों पर हुआ। सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक 9,54,994 कॉपियों चेक हो गई है। सचिव ने कहा कि यदि नियमित मूल्यांकन समय से चलता रहा जो निर्धारित समय में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

सचिव का आदेश

मूल्यांकन शुरू होने के एक सप्ताह पहले ही माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव का सभी डीआईओएस को आदेश जारी किया गया है कि मेडिकल अवकाश सीएमओ की रिपोर्ट के बिना न दिया जाये। शिक्षकों ने अपने प्रार्थनापत्र में सीएमओ की रिपोर्ट नहीं लगाई है। ऐसे में डीआईओएस ने अवकाश देने से इनकार किया है। इसके बाद भी डीआईओएस को हाई लेवल की सिफारिशें भी पहुंच रही हैं।

मूल्यांकन कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। हर जनपद में शिक्षक बीमारी बताकर अवकाश के लिए आवेदन कर रहे हैं ये ठीक नहीं है। निर्धारित समय में मूल्यांकन पूरा करना होगा। आगे समय नहीं बढ़ाया जायेगा। 3.1 करोड़ कॉपियां हैं ऐसे में शिक्षक निर्धारित मानक के अनुसार मूल्यांकन कार्य करें। डीआईओएस को आदेश दिया गया है कि मेडिकल अवकाश वह तभी दे सकते हैं जब सीएमओ की रिपोर्ट होगी।

– दिब्यकांत शुक्ला, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

आयुष विभाग में महानिदेशक पद पर आईएएस की होगी तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ आयुर्वेद, होम्योपैथिक व यूनानी निदेशालय समेत दोनों बोर्ड होंगे आधीन

अमृत विचार: आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सा पद्धति व संबन्धित बोर्डो के कुशल संचालन के लिए आयुष विभाग में महानिदेशक का पद सृजित कर दिया गया है। इस पर आईएएस अधिकारी की तैनाती होगी। इस बाबत राज्य सरकार की ओर से शुक्रवार को कार्य क्षेत्र संबन्धित शक्तियों के साथ पत्र भी जारी कर दिया गया है। हालांकि इस पद पर राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद आईएएस नागेन्द्र प्रताप की तैनाती पहले ही की जा चुकी है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग की तरह आयुष विभाग में भी नवसृजित महानिदेशालय की बागडोर एक आईएएस अधिकारी के हाथ होगी। महानिदेशक के हाथ में तीनों की विभागों का वित्तीय अधिकारों के साथ ही समस्त प्रबन्धन की जिम्मेदारी दी गई है।

इन तीन विभागों के साथ ही उप्र आयुर्वेदिक, यूनानी एवं तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड और उप्र होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड का भी प्रबन्धन महानिदेशक के पास ही होगा। महानिदेशक को इन विभागों व बोर्डो में सेवारत अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यकारी, प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण व संचालित होने वाली समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन का अधिकार होगा। महानिदेशक आयुष द्वारा शासन में तीनों ही विभागों की स्थिति प्रस्तुत करेंगे।

निष्पक्ष चुनाव के लिए तैनात होंगे केंद्रीय सुरक्षा बल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 80 सीटों पर सात चरणों में चुनाव की घोषणा के बाद प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस सिलसिले में सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्वाचन अधिकारियों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में प्रथम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दूसरे चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 28 मार्च को जारी

प्रेस वार्ता में जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

▸▸ शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रदेश में किए गए पुख्ता इंतजाम

▸▸ आदर्श आचार संहिता का होगा सख्ती से पालन : नवदीप रिणवा

होगी। इस चरण में आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। तृतीय चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 12 अप्रैल, चतुर्थ चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 18 अप्रैल, पांचवें चरण की अधिसूचना 26 अप्रैल, छठे चरण के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल व व सातवें चरण के लिए अधिसूचना सात मई को जारी होगी।

पहले चरण में राज्य की आठ संसदीय सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अनुसूचित जाति (एससी) के लिए सुरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण के तहत आठ संसदीय क्षेत्रों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर (एससी), अलीगढ़ और मथुरा में 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक, तीसरे चरण में संभल, हाथरस (एससी), आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली पर सात मई को मतदान होगा। राज्य में चौथे चरण के तहत 13 मई को 13 लोकसभा सीटों शाहजहांपुर (एससी), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (एससी), मिश्रिख (एससी), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (एससी), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच (एससी) पर मतदान होगा। राजधानी लखनऊ में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। पांचवें चरण के तहत लखनऊ के अलावा जिन 13 अन्य लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें मोहनलालगंज (एससी), रायबरेली, अमेठी, जालौन (एससी), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी (एससी), बाराबंकी (एससी), फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही जैसी 14 लोकसभा सीटों पर जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेगी। छठे चरण के तहत मतदान 25 मई को होगा।

सातवें और अंतिम चरण का मतदान एक जून को महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सुरक्षित), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज (सुरक्षित) में होगा। वोटों की गिनती चार जून को होगी।

सुविधा एप से जनसभा की ले सकेंगे अनुमति: मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी व राजनीतिक दलों सुविधा एप के जरिए जनसभा के लिए अनुमति ले सकेंगे। वे इस ऐप के जरिए ऑनलाइन नामांकन भी कर सकेंगे।

योगी की अपील, महायज्ञ में 'मतदान' रूपी आहुति दे सफल बनाएं

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 चरण में होने वाले इन चुनावों को सफल बनाने के लिए देश भर के मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है। चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देश भर के मतदाताओं से न सिर्फ लोकसभा चुनाव के महायज्ञ में ''मतदान'' रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाने का आह्वाहन किया, बल्कि "फिर एक बार मोदी सरकार" का नारा देते हुए पीएम मोदी के एनडीए को 400 के पार पहुंचाने के संकल्प को सिद्ध करने में जनमानस के आशीर्वाद के प्रति भी विश्वास जताया।

चुनाव ड्यूटी से मुक्त रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी

अमृत विचार,लखनऊ : अगले माह होने वाले लोकसभा चुनावों में स्वास्थ्य कर्मी चुनावी ड्यूटी नहीं करेंगे। स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी न लगा दी जाये, इस बाबत स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र को पत्र प्रेषित किया जा चुका है।स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने शनिवार को बताया कि चुनावों में मतदान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को पोलिंग बूथ की ड्यूटी से मुक्त रखा जायेगा, इसके लिए साल 2008 में भारत निर्वाचन आयोग का आदेश पारित हो चुका है। उक्त आदेश के अनुपालन में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है।

यूपी में विधानसभा की चार सीटों पर भी होगा उपचुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विधानसभा की चारों रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव भी घोषित हो गया है। इन चारों सीटों के लिए मतदान लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे।

लखनऊ पूर्व में 20 मई को मतदान होगा, जबकि ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई व दुद्धी में एक जून को मतदान होगा। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन की मृत्यु हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां का उप चुनाव पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के साथ होगा। शाहजहांपुर जनपद की ददरौल विधानसभा सीट भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह की मृत्यु को हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां पर चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के साथ यानी 13 मई को वोट डाले जाएंगे। बलरामपुर जिले की गैसड़ी विधानसभा सीट सपा के डा. शिव प्रताप यादव की मृत्यु के कारण रिक्त है। यहां का उपचुनाव छठे चरण के लोकसभा चुनाव के साथ 25 मई को होगा।

भाजपा विधायक के अयोग्य घोषित होने से दुद्धी में चुनाव

सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट भाजपा विधायक राम दुलार को न्यायालय से 25 वर्ष की सजा सुनाए जाने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यह सीट 15 दिसंबर से रिक्त है। यहां का उपचुनाव सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के साथ एक जून को होगा।

प्रशांत मिश्रा ने संभाला यूपीएमआरसी के निदेशक (परिचालन) का कार्यभार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रशांत मिश्रा ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में निदेशक (परिचालन) के रूप में अपना कार्यभार संभाला। प्रशांत मिश्रा यूपीएमआरसी से पहले नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमेटड (एनएचएसआरसीएल) में मुख्य कार्यकारी निदेशक के रूप में सात वर्ष से भी अधिक कार्यरत रहे। प्रशांत मिश्रा ने भारत के लिए पहले एचएसआर मानकों को विकसित करने, परियोजना की स्थापना, ऑपरेशन एवं मैनेजमंट नीतियों की स्थापना के साथ प्रथम एचएसआर विद्युतीकरण अनुबंध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय रेल सेवा के 1992 बैच के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर प्रशांत मिश्रा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में काम करने का 30 वर्षों से भी अधिक का अनुभव है। भारतीय रेल सेवा में अहम पदों पर कार्यरत रहने के बाद उन्होंने मलेशिया में संयुक्त उप महाप्रबंधक रहते हुए 215 किमी ट्रैक पर रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन में भी योगदान किया।

लोक सेवा आयोग की चार और भर्ती परीक्षाएं स्थगित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पहले स्थगित हुई पीसीएस परीक्षा, रद करनी पड़ी थी आरओ-एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा

▸▸ अब स्टॉफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक की प्री परीक्षा और स्टॉफ नर्स एलोपैथी मुख्य परीक्षा स्थगित

▸▸ सहायक नगर नियोजक परीक्षा और अपर निजी सचिव शार्ट हैंड टाइपिंग की परीक्षा भी स्थगित

अमृत विचार: राज्य में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं को पेपर लीक गैंग लगातार झटका दे रहा है। पुलिस भर्ती और आरओ/एआरओ परीक्षा रद होने के बाद उप्र लोकसेवा आयोग ने चार और भर्ती परीक्षाएं स्थगित करने का आदेश जारी किया है।

उप्र. लोकसेवा आयोग की तरफ से भर्ती परीक्षाओं को स्थगित करने का सिलसिला लगातार जारी है। सबसे पहले यूपीपीएससी ने 17 मार्च को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 स्थगित कर दी थी। आयोग ने परीक्षा स्थगित करने के पीछे अपरिहार्य कारण बताया था, साथ ही यह परीक्षा संभावित रूप से जुलाई में आयोजित किए जाने की सूचना दी थी। अब आयोग की तरफ से 22 मार्च से लेकर 24 अप्रैल के बीच होने वाली चार परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। आयोग के उपसचिव वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने स्थगित परीक्षाओं के लिए जल्द ही नई तारीखों के एलान करने की बात कही है। उपसचिव की तरफ से जारी इस सूचना के बाद परीक्षा की तैयारी में शामिल होने वाली अभ्यर्थियों में मायूसी छा गई है।

उप सचिव की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक 22 मार्च को होने वाली स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक प्रारंभिक परीक्षा स्थगित की गई है। साथ ही, 7 अप्रैल को होने वाली सहायक नगर नियोजक 2023 की परीक्षा भी स्थगित की गई है। 9 अप्रैल को होने वाली अपर निजी सचिव भर्ती 2023 की शार्ट हैंड टाइपिंग परीक्षा को भी स्थगित हुई है। इसके अलावा 24 अप्रैल को होने वाली स्टाफ नर्स एलोपैथी 2023 की मुख्य परीक्षा अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले 11 फरवरी को हुई आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से निरस्त कर दिया गया था।

शिकार हो रहीं कई परीक्षाएं

आयोग की ओर से चारों परीक्षाएं स्थगित करने का कोई भी कारण नहीं गिनाया गया है, लेकिन अंदरखाने इसके पीछे लोकसभा चुनाव की बात भी संदेह पैदा करती है। अगर ऐसा था तो अधिसूचना जारी होने का इंतजार करना चाहिए था। ताकि मतदान की तिथि और परीक्षा की तिथियां एक ही दिन न पड़े। लेकिन ऐसा नहीं किया गया और संयोग से कोई भी तिथि मतदान के दिन से मेल भी नहीं खा रही है। सूत्रों का कहना है कि एसटीएफ की पूछताछ में पेपर लीक करने वाले गैंग से इन परीक्षाओं की सुचिता भी सवालों के घेरे में आ गई थी। शासन से चर्चा के बाद स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

रालोद की प्रदेश कार्यकारिणी में 22 सदस्य बढ़े

अमृत विचार,लखनऊ : लोकसभा चुनाव में कुशल प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय लोकदल(रालोद) ने प्रांतीय टीम का विस्तार कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने दो प्रदेश उपाध्यक्ष समेत विभिन्न जिलों से कुल 22 पदाधिकारियों के नाम घोषित कर दिये हैं। प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने बताया कि प्रदेश पदाधिकारियों में अयोध्या के विश्वेश नाथ मिश्र व आगरा के नरेन्द्र सिंह बघेल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। महासचिव में मेरठ के पूर्व विधायक गोपाल काली, बिजनौर के ब्रजवीर सिंह, शामली के ऋषि राज रांझड़, गाजीपुर के राम शंकर यादव, मऊ के देव प्रकाश राय, मुजफ्फरनगर के जियाउर रहमान व फर्रुखाबाद के राजीव रंजन को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा 13 सचिव में लखनऊ के मंयक त्रिवेदी व अफसर अली के साथ ही सलीम खान, आशोक यादव, महावीर सिंह जाटव, अशोक बालियान, अरूण वीर सिंह परिहार, जटाशंकर सिंह, श्याम किशोर सिंह, फिरोज खान, रामदास दीक्षित, मानव चौधरी व संजय पाठक को नामित किया गया है।

वर्ग पहेली-12

बाएं से दाएं

1. ऊंट की पीठ पर रखी जाने वाली काठी जो बैठने अथवा सामान लादने के उपयोग में लाई जाती है, ऊंट का हौदा जिसमें दोनों ओर आदमी बैठते हैं।
4. आधा जला हुआ।
6. (पुराण) विष्णु के दस अवतार, दस अवतार लेने वाले विष्णु।
8. 1. मधुमक्खी का छत्ता 2. तलवार 3. कारंडव नामक हंस 4. बांस की बनी हुई टोकरी या पिटारी 5. यकृत 6. एक तरह की चमेली 7. कुरुल पत्थर जिसपर रगड़कर हथियार आदि की धार को तेज़ किया जाता है।
9. 1. जो गूढ़ या छिपा न हो, प्रकट 2. सरल

ऊपर से नीचे

1. 1. खोए की बरफ़ी 2. एक प्रसिद्ध मिठाई।
2. 1. (पानी) जो स्वच्छ न हो, दूषित 2. गंदा, मैला 3. जिसमें धूल-मिट्टी मिली हुई हो।
3. 1. विधि के अनुसार मान्य होने की अवस्था, विधिपरकता 2. वैध होने की अवस्था या भाव।
4. 1. गहरा जमा हुआ 2. भीतर छिपा या दबा हुआ, अंदर पैठा हुआ।
5. एक शिकारी चिड़िया।
7. 1. खांड़ या खांड़ के पदार्थ 2. खंडसार में बनी चीनी 3. खांड़सारी उद्योग।
9. 1. विष 2. हरताल 3. बिच्छू का डंक।



वर्ग पहेली -11 का हल

1 त	प	■	2 ना	■	■	3 टैं
ड़	■	4 ह	वा	ई	डा	क
क	■	■	धि	■	■	र
भ	■	■	5 क	6 ह	र	■
ड़	■	7 के	र	ल	■	8 श
क	■	■	ण	■	■	री
■	9 ता	क	■	10 अ	नी	क

सुडोकू -91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2					3	
6				1		4		
	8				9		5	
4			2				6	
	5						4	
			8		5		1	7
	6		7			8		
		3		5				4
	9					6		

सुडोकू -90 का हल

6	1	9	2	8	3	7	4	5
3	4	8	7	5	6	1	2	9
7	5	2	4	9	1	3	6	8
8	7	3	9	6	4	5	1	2
9	2	5	1	7	8	4	3	6
1	6	4	3	2	5	8	9	7
2	3	7	5	1	9	6	8	4
5	8	1	6	4	2	9	7	3
4	9	6	8	3	7	2	5	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-अष्टमी 21 .52 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मृगशिरा 16 .47 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज आय के नए साधन प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है। मनोरंजक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

वृष — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। बड़ी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। कारोबार में तरक्की होगी। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। बड़ों की सलाह लें उसका लाभ प्राप्त होगा।

मिथुन — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। इन्श्योरेंस और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ प्राप्त होगा। नए प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकते हैं। आवश्यक कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

कर्क — आज मन में कुछ चिंता रहेगी जिसके कारण आप अपने काम में फोकस नहीं कर पाएंगे। व्यायाम और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। आपको जोड़ों में दर्द और गैस की समस्या हो सकती है। विवादास्पद विषयों से स्वयं को दूर रखें।

सिंह — आज आपको कोई शॉपिंग कूपन मिल सकता है। स्वयं में काफी ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। परिजनों से शानदार सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले उस पर विचार अवश्य कर लें। घरेलू वस्तुओं को खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।

कन्या — आज सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को शानदार लाभ मिलेगा। माता-पिता का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धैर्य और सहनशीलता के कारण महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शानदार सिद्ध होंगे। भविष्य को लेकर नई योजना बना सकते हैं।

तुला — आज मन लगाकर अपना काम पूरा करेंगे। अजनबी लोगों के कारण आपको परेशानी होगी। शरीर में शिथिलता होने से मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। आपको किसी काम के लिए पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहेगा।

वृश्चिक — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। घर में किसी परिजन से झगड़ा हो सकता है। निवेश करने में समझदारी दिखानी आवश्यक है। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये। अपने कार्य को गंभीरता से लें।

धनु — आज लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को शानदार लाभ प्राप्त हो सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। नया कारोबार शुरू कर रहे हैं तो सहयोगियों से लाभ होगा। नव विवाहित लोग किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

मकर — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। विरोधियों पर आप भारी पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दिन शुभ है। ससुराल पक्ष से अच्छा समाचार मिलेगा। संतान के विवाह की समस्या दूर होगी।

कुंभ — आज आपकी निर्णय क्षमता में कमी आ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अपनी क्षमताओं पर संदेह न करें। किसी से सहायता प्राप्त करने में न हिचकें।

मीन — आज दिन की शुरुआत थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खेल खिलाड़ी का — सुबह : 08 .01
- दरार — रात : 08 .03

SONY MAX
- मरजावां — सुबह : 09 .00
- कबीर सिंह — रात : 10 .00

SONY PIX
- बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11 .30
- स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — रात : 08 .45

ZEE CINEMA
- सलाम ए इश्क — सुबह : 10 .30
- ब्लैंक — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- ओएमजी 2 — दोपहर : 12 .00
- हिडिंभा — शाम : 05 .51

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 10 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली। एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर- क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

15.30 करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

31 लाख नाम सूची से कटे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में

15 लाख युवा मतदाता यूपी में

किस राज्य में कब होंगे चुनाव

पहला चरण

21 राज्यों की **102** सीटों के लिए चुनाव होगा

20 मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

19 अप्रैल को मतदान होगा।

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी।

दूसरा चरण

13 राज्यों की **89** सीटों के लिए चुनाव होगा

28 मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

26 अप्रैल को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

तीसरा चरण

12 राज्यों की **94** सीटों के लिए चुनाव होगा

12 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

7 मई को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादर नागर हवेली और दमन दीव।

चौथा चरण

10 राज्यों की **96** सीटों के लिए चुनाव होगा

18 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

13 मई को मतदान होगा।

आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

पांचवां चरण

8 राज्यों की **49** सीटों के लिए चुनाव होगा

26 अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

20 मई को मतदान होगा।

छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख।

छठा चरण

7 राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

29 अप्रैल गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

25 मई को मतदान होगा।

बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदान होगा।

सातवां चरण

8 राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

7 मई को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

1 जून को मतदान होगा।

बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़।

यूपी के रेड कार्पेट पर भाजपा को चुभेंगे इंडिया गठबंधन के कांटे?

उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों की बदौलत 80 में से 80 सीट जीतने का दावा कर रही है। राम मंदिर के निर्माण से उपजा माहौल, रालोद का साथ व लाभार्थियों की बड़ी संख्या भाजपा की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन की रणनीति व बसपा की चुनावी बिसात से भाजपा को कड़ी चुनौती मिलने वाली है। ऐसे में प्रदेश के रेड कार्पेट पर भी उसे इंडिया गठबंधन के कांटे चुभेंगे। वरिष्ठ संवाददाता सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...

लखनऊ कार्यालय, अमृत विचार



कहते हैं कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर जाता है। प्रदेश में सर्वाधिक अस्सी सीटों में जिसकी जीत दिल्ली की कुर्सी उस दल के हाथ में। वर्तमान समय में कांग्रेस के पास मात्र एक सीट व सपा के पास पांच सीटें हैं।कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन छह सीटों पर सिमटा हुआ है।बसपा के पास दस सीटें हैं। सपा से समझौते में कांग्रेस को मात्र सत्रह सीटें मिली हैं। कांगेस वे सभी सीटें 21 सीटें चाहती है। जिसमें उसने 2009 में जीत हासिल की थी।उस समय कांग्रेस को 18.2 प्रतिशत वोट मिले थे।जब सपा का भी साथ नहीं था।

भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।



भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

2019 के चुनाव में कुर्मी मतदाता जहां यहां पर भाजपा के खेमे में दिखाई पड़ रहे थे। अब समाजवादी पार्टी के खेमें में नजर आ रहे हैं। सुल्तानपुर में मेनका गांधी को लेकर भाजपा का उहापोह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही स्थिति कैसरगंज को लेकर है। श्रावस्ती में पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा का टिकट कटने के बाद हालात बदले हैं। बहराइच में भी लड़ाई आसान नहीं है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति और मतदाताओं के ध्रुवीकरण को लेकर भाजपा की उम्मीदें बड़ी हैं।

भाजपा के गढ़ को भेदने में सक्षम सपा-कांग्रेस गठबंधन!

● सुरेश पाण्डेय, बरेली

अमृत विचार: सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने बरेली में भाजपा का विजयरथ रोकने के लिए तैयारी की है, उनकी तैयारी कितनी कारगर होगी यह तो रिजल्ट बताएगा लेकिन आंकड़ों पर गौर करें वर्ष 1989 से इस सीट पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन ने भाजपा प्रत्याशी रहे संतोष गंगवार को हराकर भाजपा प्रत्याशी की लगातार जीतते आ रही डोर में गांठ डाल दी।

इस बार अभी तक भाजपा ने अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है लेकिन भाजपा के गढ़ में समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ पहली बार हुए गठबंधन के आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ना तय माना जा रहा है। सपा और कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा भाजपा के मजबूत संगठन के आगे कई मायने में कमजोर माना जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के अंदर नेताओं के बीच खींचतान जगजाहिर है। सम्मेलनों में मारपीट, कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और अनुशासन की कमी सपा नेताओं को एकजुट करने में बड़ी बाधा है और इसे सपा के नेता भी स्वीकार करते हैं। यह भी संभव है कि जनता इस बार नया नेता चुनना चाहती हो। विधानसभा में उसके विधायक ज्यादा है। जिले की बात करें तो नौ विधानसभा में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। जबकि सपा के भोजीपुरा और बहेड़ी से दो विधायक हैं। नगर निगम में सपा के मौजूदा समय 14 पार्षद हैं। इनमें 13 जीतकर आए और एक निर्दलीय लड़कर सपा में शामिल हुए। कांग्रेस के तीन पार्षद हैं। निगम में भी ज्यादातर पार्षदों का रूख सत्तापक्ष के निर्णयों में हां में हां मिलाना रहता है। नगर निगम के पिछले बोर्ड में सपा के 28 पार्षद थे तीन अन्य ने सपा ज्वाइन की थी। अनुशासनहीनता और कमजोर सांगठनिक क्षमता के बल पर सपा- कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

दिल्ली–लखनऊ पर बरेली की बराबर की नजर

देश व प्रदेश की राजधानी के बीच नाथनगरी बरेली लोकसभा सीट अहमियत रखती है। अभी तक मजबूत सीट के रूप में मानी जा रही भाजपा की बरेली सीट पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है लेकिन हर चुनाव में जीतने के लिए हर प्रत्याशी को पसीना बहाना पड़ता है। जीत के प्रति निश्चिंतता और जीतने के लिए भी सभी प्रत्याशी गांव की खाक छानते हैं। बरेली लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें बरेली कैंट, शहर, नवाबगंज, मीरगंज विधानसभा में भाजपा विधायक हैं। भोजीपुरा विधायक कौन सी करवट लेते हैं। राज्य सभा चुनाव और उसके पहले भी हुए चुनाव में सपा के भोजीपुरा विधायक का वोट अपनी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं जाना सपा की बैठकों में नहीं आने आदि मामले इसके पीछे उदाहरण बने हैं। सपा –कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की भी क्षेत्र के हर वर्ग की जनता पर पकड़ है। इस बार अभी तक बसपा और भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ तो गठबंधन प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपना संपर्क बढ़ा रहे हैं।

सपा और बसपा गठबंधन भी भाजपा के किले को नहीं ढहा सका

2019 में सपा और बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे भगवत सरन गंगवार ने भाजपा प्रत्याशी से टक्कर ली थी। उन्हें 3 लाख 97 हजार 988 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस से लड़े प्रवीण सिंह ऐरन को 74 हजार 206 वोट मिले। 2014 में सपा की आयशा इस्लाम को 2 लाख 77 हजार 573 वोट मिले। बसपा के उमेश गौतम को एक लाख 6 हजार 49 तो कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को 84 हजार 213 वोट ही मिले। इसके पहले 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को सर्वाधिक 2 लाख 20 हजार 976 वोट मिले। यह कुल वोटों का 31 .31 फीसदी था। जबकि भाजपा प्रत्याशी को 29 .99 फीसदी वोट यानि 2 लाख 11 हजार 638 वोट मिले थे। बसपा के इस्लाम साबिर को एक लाख 81 हजार 996 और सपा के भगवत सरन को 73 हजार 549 वोट ही मिले थे।

97 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता मतदान में हिस्सा लें: सीईसी

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि 97 करोड़ से अधिक मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं और सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना चाहिए। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश भर में 10 .5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी थे। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं और मैं मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने का अनुरोध करता हूं। उनका कहना था, यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। कुमार ने कहा कि आयोग राष्ट्रीय चुनाव को इस तरह से कराने का वादा करता है जिससे विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा, सभी राज्यों में स्थिति का आकलन करने के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं।

26 विस क्षेत्र में होंगे उप चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों के 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि देशभर में 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराए जाएं।

इन क्षेत्रों में मतदान लोकसभा के चुनाव के साथ होगा। ये विधानसभा क्षेत्र 13 राज्यों में हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के छह, गुजरात के पांच, उत्तर प्रदेश के चार, पश्चिम बंगाल के दो और हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट शामिल है। उत्तर प्रदेश के दादरौल, लखनऊ पूर्व, गैनसारी और दुधी विधानसभा क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के भगवाल गोला और बारानगर विधानसभा, तेलंगाना के सिकंदराबाद छावनी विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होगा।

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुरक्षा चिंताओं के कारण लोकसभा चुनाव के बाद कराए जाएंगे, क्योंकि दोनों चुनाव एक साथ कराना अव्यावहारिक प्रतीत होता है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा।

दिल्ली की सभी सीटों के लिए 25 मई को होगा मतदान

दिल्ली की सभी सात सीटों के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 6 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी और नाम वापसी के लिए 9 मई तारीख तय की गई है। मतदान 25 अप्रैल को होगा और 4 जून को मतगणना होगी। 6 जून तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र हैं। जिनमें सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लेकिन इस बार 6 सीटों में भाजपा हाई कमान ने वर्तमान सांसदों के टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए भाजपा में शीर्ष मंथन जारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित करने में भाजपा हाई कमान को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। केंद्रीय चुनाव समिति के कई सदस्य अलग-अलग सीटों पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसलिए अभी तक कोई भी नाम तय नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश में बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, इलाहाबाद, कैसरगंज, रायबरेली, मैनपुरी, भदोही सीट में सबसे ज्यादा मंथन हो रहा है। पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित कई नेताओं के पास उक्त सीटों के दावेदार डेरा डाले हुए हैं। दूसरी सूची में उप्र की बची हुई सीट से कोई नाम घोषित न होने के बाद 24 सीटों के दावेदारों

● **बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, कैसरगंज, पीलीभीत, प्रयागराज, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ पर सर्वाधिक चर्चा**

में बेचैनी और बढ़ गई है। भाजपा के जिन सांसदों के टिकट पर रोक लगी है उनमें मेनका, संतोष गंगवार, सत्यदेव पचौरी, वरुण, रीता बहुगुणा, जनरल वीके सिंह, बृजभूषण सिंह एवं सतीश गौतम मुख्य हैं।

24 सीटों के लिए पार्टी हाई कमान ने उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव बैजयंत जय पांडा से योग उम्मीदवारों के नाम मांगे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह से सलाम अस्वीरा करने के बाद एक सूची केंद्रीय चुनाव समिति को सौंप दी है। इन नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमप्रकाश माथुर भूपेंद्र यादव एवं डॉक्टर सुधा यादव ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौप दी है। रिपोर्ट की एक कॉपी संगठन महासचिव श्री संतोष को भी दी गई है। यह चारों नेता चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। चौकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संसदीय क्षेत्र उप्र में आता है, इसलिए अंतिम फैसला उनकी मौजूदगी में ही होगा। शायद यही वजह है कि अभी तक किसी भी संसदीय क्षेत्र से किसी किसी भी नाम का खुलासा नहीं हो पा रहा है और टिकट के दावेदार उक्त नेताओं के यहां डेरा डाले हुए हैं। रायबरेली एवं मैनपुरी से चुनाव समिति किसी बड़े नेता को उम्मीदवार बनाना चाहती है। भाजपा की तीसरी सूची 17 या 18 तक आ जाएगी। पहली सूची में उप्र के 51 उम्मीदवार घोषित किए थे। मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज, घोसी, बिजनौर एवं बागपत की पांच सीटें भाजपा के तीन सहयोगी दलों को दी गई है।

15 बड़ी सीटों पर कब होगा मतदान

- **वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट, यहां 1 जून को सबसे आखिरी चरण में मतदान
- **गांधीनगर :** गृह मंत्री अमित शाह की सीट, यहां 7 मई को मतदान
- **वायनाड :** राहुल गांधी की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **अमेठी :** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **विदिशा :** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **तिरुवनंतपुरम :** यहां से कांग्रेस के मौजूदा सांसद शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **गुना :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **करनाल :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 25 मई को मतदान
- **हरिद्वार :** उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत यहां से मैदान में, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **नागपुर :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सीट, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **मुंबई उत्तर :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार इसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 20 मई को मतदान
- **कोटा :** निवर्तमान लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **हमीरपुर :** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सीट, यहां 1 जून को मतदान
- **उत्तर पूर्व दिल्ली :** भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की सीट, यहां 25 मई को मतदान

क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना हुआ उछाल, 39 से 458 हुए क्षेत्रीय दल, 1951 की 14 में से केवल दो दलों का आजतक कायम है अस्तित्व

अपनी तासीर भी नहीं बची 12 राष्ट्रीय पार्टियों की, चार का हुआ प्रादुर्भाव

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: 1951 से 2019 तक 17 बार लोकसभा का आम चुनाव हो चुका है। 18वीं बार होने जा रहा है। राष्ट्रीय दल शेयर मार्केट की तरह धराशायी होते गए और क्षेत्रीय दलों का शेयर मार्केट कई गुना बढ़ गया। पहले लोकसभा चुनाव में 14 नेशनल पार्टियों व 39 क्षेत्रीय दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोकसभा की कुल 489 सीटों पर अपने कंडीटेट उतारे थे। लेकिन 2014 तक आते आते नेशनल पार्टियों की संख्या घट कर छह रह गई। इसमें 1951 की 14 में से केवल दो दल ही आज के समय में दिख रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ और इनकी संख्या 39 की जगह 458 हो गई।

पहले लोकसभा चुनाव के दौरान देश में मात्र 489 सीटें ही थीं। पूरे देश में 17 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता थे। इनमें कुल 44.89 प्रतिशत यानि 105950083 मतदाताओं ने ही वोट डाला था। पहले चुनाव में कुल 1874 कंडीडेट मैदान में थे। इनमें से नेशनल पार्टी भारतीय जनसंघ के 94, बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया का एक, सीपीआई के 49, एफबीएल मार्कसवादी ग्रुप के 22, एफबीएल(आरजी) के 6, हिंदू महासभा के 31, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 479, केएलपी के 29, किसान मजदूर प्रजा पार्टी के 145, आरसीपीआई के 2, आरआरपी के 61, एसएसपी के 9, एससीएफ के 35 तथा सोसलिस्ट पार्टी के 254 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं क्षेत्रीय 39 क्षेत्रीय दलों के 134 तथा निर्दल के 533 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। सभी 14 राष्ट्रीय पार्टियों के 1217 उम्मीदवारों में 418 ने जीत दर्ज की थी, जबकि क्षेत्रीय दलों ने कुल 34 सीटें जीती थीं। इससे अधिक 37 उम्मीदवार निर्दल के थे जिन्होंने जीत दर्ज की थी।

राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस व सीपीआई को छोड़कर सभी 12 दलों की तासीर तक नहीं बची। अब हम 2014 व 2019 की बात करें तो मौजूदा समय भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, एनसीपी व आप ही नेशनल कटेगरी में शामिल हैं। क्षेत्रीय दलों की संख्या में जबर्दस्त उछाल आया है। मौजूदा समय 458 से अधिक क्षेत्रीय दल हैं जिनका आम लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद व पंचायत के चुनावों में दखल बढ़ा है। जिस तरह इन दलों का वजूद बढ़ा है उसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। मौजूदा समय 543 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और लड़ने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। 2014 के आम चुनाव में पूरे देश में 8251 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2014 में एक सीट पर तीन कंडीडेट से लेकर 30 कंडीडेट ने अपना दावा ठोंका था। कुल मिला कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बीच-बीच कई अन्य दलों का उद्भव हुआ और उनका अवसान भी हो गया। लेकिन आज केवल उनके नाम बचे हैं जिनके बारे में उम्रदराज लोग ही जानते होंगे।

2024 में राष्ट्रीय पार्टी

- आम आदमी पार्टी
- भारतीय जनता पार्टी
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी)
- नेशनल पीपुल्स पार्टी
- बहुजन समाज पार्टी

1951 में राष्ट्रीय दल

- भारतीय जनसंघ
- कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया
- फारवर्ड ब्लाक मार्कसवादी ग्रुप
- फारवर्ड ब्लाक (रुइकर ग्रुप)
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा
- कृषिकर लोक पार्टी
- किसान मजदूर प्रजा पार्टी
- रिवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- अखिल भारतीय रामराज्य परिषद
- रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी
- आल इंडिया शिड्यूलकास्ट फेडरेशन
- सोसलिस्ट पार्टी

एक नजर

पुरी जगन्नाथ मंदिर से संबंधी मामले की सुनवाई स्थगित

कटक। उड़ीसा उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई दो और सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है जिसमें पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की चाबियां गुम होने के मामले में न्यायमूर्ति रघुबीर दास आयोग की जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शुक्रवार को सरकार ने याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है।

ममता की हालत स्थिर चोट से उबर रही हैं

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति 'ठीक' है। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 69 वर्षीय ममता चोट से उबर रही हैं। सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा- मुख्यमंत्री ठीक और स्थिर हैं। वह चोट से उबर रही हैं। चोट के कारण होने वाला दर्द भी काफी कम हो गया है। फिर भी उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को रात में अच्छी नींद आई। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बृहस्पतिवार शाम को अपने कालीघाट स्थित आवास में गिर गयी थीं जिससे उनके माथे और नाक पर गंभीर चोटें आईं थीं।

मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन और मुद्दाविहीन बताया

प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए सत्ता में बने रहने का जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को 'दिशाहीन' और 'मुद्दाविहीन बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा जताया।

लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राजग चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा : नरेंद्र मोदी

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने ''अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी'' कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा-बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में बैठक के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

कांग्रेस सरकार पर लूट में लिप्त होने का लगाया आरोप

कलबुर्गी (कर्नाटक)। प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह ''लूट'' में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं और उसके (कांग्रेस के) प्रति उनमें गुस्सा है।'' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा के लिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा अतीत में यहीं पर सत्ता पर काबिज रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की कुल 28 में से 25 सीटें मिली थीं। पार्टी समर्थित एक निर्दलीय ने भी जीत हासिल की थी। मोदी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग इतने कम समय में ही राज्य की कांग्रेस सरकार से निराश हो गए हैं।

चुनाव के लिए तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : खेड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस नेता पवन बोले-यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा-चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा।

उन्होंने कहा-इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है। खेड़ा ने कहा-हम तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस की पांच 'न्याय गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं, किसानों और अन्य वर्गों को विश्वास है कि कांग्रेस ने जो वादा किया है उन्हें वह पूरा करेगी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद अजय प्रताप सिंह ने पार्टी छोड़ी

भोपाल। मध्य प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और "बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार" में लिप्त होने के लिए पार्टी की आलोचना की। सिंह ने दावा किया कि भाजपा में भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिल रहा है और पार्टी राजनीतिक व्यापारियों का ''अड्डा'' बन गई है। सिंह ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना त्याग पत्र पोस्ट किया।

नीतीश ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे

पटना, एजेंसी

● बिहार के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए।

कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं। कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कुल 36 मंत्री हो सकते हैं।

महाराष्ट्र सरकार ने स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया

पुणे। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में स्कूल शिक्षकों के लिए एक 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसके तहत उन्हें टी-शर्ट, जींस या डिजाइन और चित्रों वाली कोई अन्य शर्ट पहनने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, राज्य सरकार ने स्कूलों से अपने संबंधित पुरुष और महिला शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' तय करने को कहा है। जीआर के अनुसार यह नियम राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त सहित सभी स्कूलों पर लागू होगा। इसमें कहा गया है, शिक्षकों द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक साफ-सुथरी होनी चाहिए।

कोलकाता : एक स्कूल में बसंत उत्सव उत्सव से पहले श्री कृष्ण की वेशभूषा में होली खेलते दिव्यांग छात्र। ● एजेंसी

झारखंड में छात्रों के लिए स्कूल बैग के प्रस्ताव को मंजूरी

रांची। झारखंड मंत्रिमंडल ने सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1-8 तक के 37 लाख से अधिक छात्रों को स्कूल बैग प्रदान करने के प्रस्ताव को शनिवार को मंजूरी दे दी। यह निर्णय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 57.06 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। उन्होंने कहा- कक्षा-1 और कक्षा-8 के बीच के सभी छात्रों को सालाना स्कूल बैग प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक बैग की कीमत 140 रुपये से 160 रुपये तक होगी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान 53 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिसमें झारखंड मोटा अनाज अभियान के लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी भी शामिल है।

ईडी ने मुंबई में छह जगहों पर ली तलाशी

मुंबई, एजेंसी

फर्जी कलाकृति मामला

● जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर नकली कलाकृतियों के व्यापार और नकली को असली कलाकृति साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने में शामिल एक गिरोह के खिलाफ मुंबई में छह स्थानों पर तलाशी ली। जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल हैं।

एक बयान में ईडी ने कहा कि उसने राजेश राजपाल और अन्य से जुड़े एक मामले में 13 मार्च को मुंबई में छह स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए जिनसे गिरोह के संचालन का खुलासा हुआ। बयान में कहा गया कि यह गिरोह नकली कलाकृतियों के व्यापार और इन्हें असली साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने समेत प्रमुख कला दीर्घाओं और व्यक्तियों की भागीदारी के जरिये नकदी के माध्यम से धन हस्तांतरित करने में शामिल है।

ईडी ने भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत ताड़देव पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की, जिसमें पुनीत भाटिया नामक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि राजपाल और विश्वंग देसाई ने उन्हें धोखा देकर जाली प्रमाणपत्रों के साथ नकली कलाकृति की बिक्री के माध्यम से उनसे 17.9 करोड़ रुपये की ठगी करने की साजिश रची थी। तलाशी के दौरान ईडी ने कथित तौर पर दक्षिण मुंबई की एक प्रमुख कला दीर्घा, जाने-माने कॉरपोरेट वकीलों और सराफा व्यापारियों से जुड़े एक गिरोह का पर्दाफाश किया जो कथित तौर पर मूल कलाकृति की नकल को असली के रूप में पेश करते थे। इन कलाकृतियों में जैमिनी रॉय, मकबूल फिदा हुसैन, एफ एन सूजा, जहांगीर सबावाला, एस एच रजा, एन एस बेंद्रे, राम कुमार और अन्य मशहूर कलाकारों की जाली कलाकृतियां शामिल थीं।

बिहार में रेत खनन मामले में ईडी की फिर छापेमारी

पटना। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत राज्य में शनिवार को फिर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के आरा शहर के आसपास छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक कारोबारी और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुभाष यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ा है। ईडी का मामला बिहार पुलिस की ओर से 'ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 20 प्राथमिकियों से उपजा है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5800-5900
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14500-14700
अरहरस्पेशल1	12100-12200
चनादाल	7250-7350
मटरदाल	4950-5000
मसूरमलका	7050-7100
मसूरदाल	7150-7200
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1450-1500
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	4900-4950
अलसी	4500-4600 रुपये।

2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

क्रेडाई ने विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप जारी करते हुए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।

क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गई है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत-भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपये है, जो क्रमशः 80% और 20% के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा- 2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।

महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर जी पटेल ने कहा-वर्तमान में, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत में महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही है जो हमारे आर्थिक और क्षेत्रीय लचीलेपन का प्रमाण है। संपूर्ण रियल एस्टेट उद्योग इस मजबूत मंच पर निर्माण करने के लिए बेहद उत्साहित है और एक सुविधाजनक इको-सिस्टम के महत्व पर फिर से जोर देता है जो न केवल उद्योग के निरंतर और टिकाऊ विकास के लिए, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए सभी संबंधित हितधारकों का समर्थन करता है। अपने निष्कर्षों के माध्यम से, हमने विकसित भारत में भारतीय रियल एस्टेट के योगदान का एक रोडमैप तैयार किया है क्योंकि हम इस उपलब्धि को हासिल करने की दिशा में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

हिमालय क्षेत्र में विदेशी फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली। विश्व सहकारी आर्थिक मंच हिमालय क्षेत्र में विदेशी बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान सहित कई संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। इस मंच की स्थापना भारत में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए की गई है।

विश्व सहकारी आर्थिक मंच ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), कंफेडरेशन ऑफ एनजीओ ऑफ रूरल इंडिया (सीएनआरआई) और शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) सहित विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।

भविष्य में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: सीतारमण

तिरुचिरापल्ली, एजेंसी

● वित्त मंत्री ने कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिया कि निकट भविष्य में देश विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

भारत की चीन से तुलना करने वालों की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ चीजें उनसे दोहराई नहीं जा सकीं। सीतारमण ने यहां श्रीमती इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा-भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। देश को एक आर्थिक शक्ति बनना चाहिए। देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ वर्षों में हम तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान करने की अपील करते हुए कहा, "आप जैसे विद्यार्थियों के प्रयासों से ही हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।" चीन में आर्थिक वृद्धि की भारत के साथ तुलना करने के बारे में सीतारमण ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं। कहा कि चीन ने विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिनका यहां पालन नहीं किया जा सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	75,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	67,200
गिन्नी (प्रति नग)	50,050-50,250
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	65,800
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	65,800
सोना जेवरात गिन्नी	64,800
चांदी पक्की	741 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	65,800
चांदी आभूषण	74,900।

डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों के लिए एक जून की समय-सीमा पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय-सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित सीएआर को लागू करने के लिए सभी कदम उठाने होंगे। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं।

चार्जएमओडी देशभर में 1,200 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाएगा

कोच्चि। केरल के ऊर्जा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, 'चार्जएमओडी' ने अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा है कि वह पूरे भारत में 1,200 और केरल में 600 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर लगाएगी। कंपनी ने इसी सप्ताह एक बयान में कहा था कि वह भारत के विभिन्न राज्यों में 1,000 धीमे चार्जर और 200 तेज चार्जर स्थापित करने और केरल में 500 धीमे चार्जर और 100 तेज चार्जर स्थापित करने की योजना बना रही है। बयान में कहा गया कि यह विस्तार केरल में मौजूदा 1,500 चार्जिंग स्टेशन और पूरे भारत में 2,000 स्टेशन के अतिरिक्त है।

गुजरात सरकार ने नई खरीद नीति घोषित की

अहमदाबाद, एजेंसी

● 1 अप्रैल से होगी लागू, राज्य की महिलाओं के लिए दिया जाएगा विशेष प्रोत्साहन

गुजरात सरकार ने शनिवार को वस्तुओं और सेवाओं की सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ अपनी खरीद नीति 2024 घोषित की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुजरात खरीद नीति 2024 को 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। किसी अन्य संशोधन या अतिरिक्त प्रावधानों को शामिल करते हुए किसी अन्य नीति की घोषणा होने तक यह नीति लागू रहेगी।

बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, विभागाध्यक्ष, जिला कार्यालयों, प्राधिकरणों, अनुदान प्राप्त संस्थानों, बोर्डों, निगमों और समितियों की खरीद पर लागू होगी। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस नीति के जरिए सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। इसमें कहा गया है कि नई नीति सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से खरीद को प्रोत्साहित करेगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नई नीति में राज्य के स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की बात भी कही गई है। इसके तहत राज्य सरकार ने बिना निविदा प्रक्रिया के खरीदारी के लिए पांच लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की विभिन्न सीमाएं तय की हैं।

यासीन की पार्टी पर 5 साल के लिए बढ़ा प्रतिबंध: गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर भी लगाया प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने शनिवार को कठोर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फ्रीडम लीग और अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर प्रतिबंध लगा दिया। मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन मलिक गुट) पर लगा प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई नामक संगठन के खिलाफ प्राप्त त जानकारी के बाद आया है, क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने 22 मार्च 2019 को जेकेएलएफ-वाई को एक गैरकानूनी पार्टी घोषित किया था। आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार संगठनों जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और जेकेपीएल (अजीज शेख) पर बैन लगा दिया है। ये संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने में शामिल थे। अमित शाह ने कहा, 'मोदी सरकार आतंकी गतिविधियों में शामिल लोगों और संगठनों के प्रति कठोर बनी रहेगी।

प्रसार भारती के अध्यक्ष बने पूर्व नौकरशाह नवनीत

नई दिल्ली। प्रसार भारती का नया अध्यक्ष सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली पड़ा था। सहगल ने ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लिया है। सूर्य प्रकाश का कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च 2024 को जारी एक आदेश में कहा गया कि राष्ट्रपति, चयन समिति की सिफारिश पर, नवनीत कुमार सहगल, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता हैं। सहगल तीन वर्ष तक इस पद पर नियुक्त रहेंगे।

दुनिया के 52% रोबोट सिर्फ चीन में तैनात, सबसे ज्यादा बेरोजगारी

दुनियाभर में रोबोट्स की वजह से सबसे तेजी से बेरोजगारी चीन में बढ़ रही है। अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों ने अब तक चीन के अलग-अलग उद्योगों में काम कर रहे रोबोट की जितनी संख्या का आकलन किया था, वास्तव में यह उससे 12.5 गुना ज्यादा है। चीन लगातार ऑटोमेशन की ओर बढ़ रहा है। इससे वहां के तमाम उद्योगों में लगातार नौकरियां कम हो रही हैं।



इन कंपनियों में हो रहे इस्तेमाल

चीन के मैन्यूफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर और कंस्ट्रक्सन में रोबोट का खूब इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा रोबोट की चीन सॉफ्टवेयर के लिए अमेरिका जापान पर निर्भर चीन का घरेलू रोबोट इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर के लिए पूरी तरह अमेरिका और जापान जैसे विकसित दशों पर निर्भर है। साथ ही वे इंडस्ट्री में इन्नोवेशन में भी पिछड़े हुए हैं। जबकि रोबोट इंडस्ट्री में 80% खर्च सॉफ्टवेयर का ही है।

चीन के उद्योगों में लगे सबसे ज्यादा रोबोट

दुनिया भर के उद्योगों में जितने रोबोट काम कर रहे हैं, उसमें से 52% अकेले चीन के उद्योगों में लगे हुए हैं। जबकि एक दशक पहले तक यह संख्या सिर्फ 14% थी। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल रोबोट मार्केट बन चुका है। इसके विपरित अमेरिका अपनी रोबोटिक जरूरतों का सिर्फ 70% का ही इस्तेमाल कर रहा है। दरअसल माना जाता रहा है कि रोबोट के जरिए ऑटोमेशन ज्यादा विकसित देशों में होगा, क्योंकि यहां वेतन ज्यादा है, लेकिन इसके विपरीत चीन जैसे विकासशील देश में सबसे ज्यादा ऑटोमेशन हो रहा है।

रोबोटिक्स को प्राथमिकता

रिपोर्ट में प्रमुख कंपनियों के शोध और वैश्विक विशेषज्ञों की इनसाइट शामिल हैं। यह भी पता चला कि चीन में रोबोटिक्स का उत्पादन और तैनाती दर तेजी से बढ़ रही थी क्योंकि चीनी सरकार ने रोबोटिक्स उद्योग को प्राथमिकता दी है। आईटीआईएफ के अध्यक्ष और रिपोर्ट ने कहा, चीन पहले से ही दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार है। 2022 में, दुनिया के सभी औद्योगिक रोबोटों में से 52 प्रतिशत चीन में स्थापित किए गए, जो एक दशक पहले 14 प्रतिशत से अधिक था।

इन देशों में सबसे ज्यादा इस्तेमाल

इंसानों के कार्य में मदद के लिए सबसे अधिक चीन, जापान और दक्षिणी कोरिया में रोबोट का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें भी चीन रोबोट के इस्तेमाल में सबसे आगे है। वहीं अगर भारत की बात की जाए तो फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र से लेकर घरेलू जरूरतों तक में रोबोट की भागीदारी बहुत अधिक नहीं हैं। इसलिए रोबोटिक में निवेश भी बहुत उल्लेखनीय नहीं है, लेकिन कम भी नहीं है।

क्यों बढ़ रही है मांग

दरअसल टेक्नोलॉजी के विकास के साथ ऑटोमेटिक मशीनें इंसानों की पसंदीदा बनती जा रही हैं, क्योंकि इनसे न केवल काम आसान होता है बल्कि समय की भी बचत हो रही है। इसके अलावा विकसित देशों में खास तौर पर ह्यूमन लेबर की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। साथ ही कोविड महामारी के बाद बदले परिदृश्य में सुरक्षा चिंताएं भी एक ऐसा कारण हैं।

एक नजर

सिंगापुर, फिलीपीन व मलेशिया के दौरे पर जाएंगे जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर 23 मार्च से सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की पांच दिवसीय यात्रा पर है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत इन देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और आपसी चिंता के क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर तीनों देशों के विदेश मंत्रियों के निमंत्रण पर 23 से 27 मार्च तक सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जयशंकर के तीनों देशों के अपने समकक्षों के साथ बातचीत में दक्षिण चीन सागर और लाल सागर सहित रणनीतिक जलीय क्षेत्र की समग्र स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।

बेंगलुरु। डोसा एक ऐसा व्यंजन है, जिसकी शुरूआत तो दक्षिण भारत से हुई। लेकिन आज इसको देश भर में पसंद किया जाता है। आम तौर पर दुकानों में डोसा प्लेट या थाली के साइज का ही मिलता है, लेकिन राजधानी बेंगलुरु में 70 से ज्यादा शेफों ने मिलकर 123 फीट लंबा डोसा तैयार किया है। बोम्मसंद्रा में एमटीआर के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार किया है।

मुंबई हवाई अड्डे पर 1.72 करोड़ रुपये का सोना बरामद

मुंबई। मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पांच अलग-अलग मामलों में 1.72 करोड़ रुपये का 2.9 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को बरामदगी की गई है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग मामलों में, दुबई से यात्रा कर रहे दो विदेशी नागरिकों के कब्जे से 1,520 ग्राम सोना जब्त किया, जबकि जेद्दा से दो भारतीयों ने खजूर के अंदर 815 ग्राम वजन के सोने के टुकड़े छुपाए थे और इसे अपने सामान में ले जा रहे थे। वहीं दुबई और बैंकॉक आए दो भारतीयों को सोने के साथ पकड़ा गया।

गाजा में इजराइली हवाई हमले में 36 लोगों की मौत, कई घायल

गाजा। गाजा में शरणार्थी शिविर पर इजराइली हवाई हमले में 36 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। अन्य कई घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि, विमान ने नुसीरात शिविर पर कई मिसाइलों दागी है। हमले में बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित 36 लोग मारे गए। हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया ने अमेरिकी प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और इजराइल को रक्षाविहीन नागरिकों के खिलाफ इन अपराधों और नरसंहारों की वृद्धि के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया।

राम मंदिर और सीएए के जिक्र पर यूएन में पाकिस्तान को फटकार

रूचिरा बोलीं- दुनिया प्रगति कर रही है, पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंसा है

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा। इस्लामोफोबिया मसौदा प्रस्ताव से दूरी बनाते हुए भारत ने कहा, केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय की व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज उस समय भड़क गईं जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामाबाद के उच्चायुक्त ने अयोध्या में राम मंदिर और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का हवाला दिया। गौरतलब है, 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को पाकिस्तान ने 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' प्रस्ताव को पेश किया था, जिसके पक्ष में 115 देशों ने मतदान किया था। जबकि भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन और ब्रिटेन सहित 44 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 115 वोट पक्ष में पड़ने के बाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया था। इसी दौरान पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में राम मंदिर और सीएए को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसका संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा, 'एक प्रतिनिधिमंडल और उसके द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में सिर्फ यह ही कहा जा सकता है कि यह गलत रिकॉर्ड है। जहां पूरी दुनिया प्रगति कर रही है, वहीं पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंस गया है।

पाकिस्तान पर तीखे वार

पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के साथ-साथ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन का भी उल्लेख किया था। कंबोज ने कहा, मेरे देश से संबंधित मामलों पर इस प्रतिनिधिमंडल के सीमित और गुमराह दृष्टिकोण को देखना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर जब महासभा एक ऐसे मामले पर विचार करती है जो पूरी सदस्यता से ज्ञान, गहराई और वैश्विक दृष्टिकोण की मांग करता है। शायद इस प्रतिनिधिनंडल के पास ज्ञान नहीं है।

पाकिस्तान के इस्लामोफोबिया प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

दुनियाभर में धार्मिक भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में हिंदुओं के प्रति घृणा अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में इस्लामोफोबिया पर एक प्रस्ताव पेश किया, जिससे चीन ने सहमति जताई। हालांकि, भारत ने कड़ा रुख अपनाया और इस प्रस्ताव का हिस्सा नहीं बनने का फैसला लिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ एक धर्म की बात न करके बल्कि हिंसा तथा भेदभाव का सामना कर रहे अन्य सभी धर्मों की भी बात की जाए और प्रस्ताव रखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यहूदी विरोधी, ईसाई धर्म से घृणा और इस्लाम से भय के खिलाफ सभी कृत्यों की निंदा की।

ओवैसी ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्होंने सीएए के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है।

इस दौरान ओवैसी ने एनआरसी का मुद्दा भी उठाया है। ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि सीएए का एनआरसी के साथ गलत गठजोड़ है। एनआरसी के जरिए भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6बी के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए। सीएए को अधिसूचित किये जाने के बाद ओवैसी ने कहा था कि धर्म के आधार पर कोई कानून नहीं बनाया जा सकता और इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय भी हैं।

चुनाव से पहले भारत-ब्रिटेन 14वीं एफटीए वार्ता बेनतीजा संपन्न

लंदन, एजेंसी

- लोकसभा चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर होगा फैसला

भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत थम गई है। दरअसल भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को एलान हो गया है, जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर 14 दौर की वार्ता के बाद रुकने का फैसला किया है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला हो सकेगा।

ब्रिटिश अधिकारियों ने बताया कि बातचीत थमने का पहले से ही अनुमान था क्योंकि भारत में आम चुनाव होने हैं और अब चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौते पर आगे कोई औपचारिक बातचीत हो सकती है। भारत और ब्रिटेन के बीच जनवरी 2022 में मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों में से कोई भी समझौते से पीछे हटने के मूड में नहीं हैं, लेकिन अभी तक समझौता न होने की वजह ये है कि हमें अभी तक वो डील नहीं मिली है, जिस पर दोनों पक्षों में सहमति बन सके। दोनों पक्षों के मध्यस्थों ने बीते कुछ वर्षों में समझौते को लेकर कड़ी मेहनत की है और कई मुद्दों पर हमारे बीच सहमति बन भी गई है। हालांकि अभी माल, सेवाएं और निवेश पर सहमति बननी बाकी है। इस हफ्ते की शुरुआत में पीएम मोदी और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के बीच फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई थी।

एक ब्रिटिश अधिकारी ने बताया कि भारत और ब्रिटेन में महत्वकांक्षी व्यापार समझौते को लेकर लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कई मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बन पाई है। हम इसे लेकर साफ हैं कि जब तक समझौता निष्पक्ष, संतुलित और ब्रिटेन के लोगों और हमारी अर्थव्यवस्था के हित में होना चाहिए।

चुनाव की तैयारियों को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों से मांगा ब्योरा

वाशिंगटन। भारत में आम चुनावों को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के एक सांसद ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा है कि भारत में होने वाले चुनाव के लिए क्या कुछ तैयारी की हैं। दरअसल, मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अफवाहें और गलत जानकारी को बढ़ाने का एक लंबा इतिहास रहा है।

अमेरिकी चुनावों पर निगरानी रखने वाली सीनेट की खुफिया एवं नियम समिति के सदस्य सांसद माइकल बेनेट ने सोशल मीडिया कंपनियों को एक पत्र लिखा है। इन कंपनियों से भारत सहित विभिन्न देशों में चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी मांगी गई है।

जनसैलाब...

ब्रातिस्लावा : स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा में विपक्ष द्वारा आयोजित सरकार विरोधी प्रदर्शन में लगभग 15 हजार लोग शामिल हुए। विपक्षी रॉबर्ट फिको की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्लोवाकिया की कुल जनसंख्या लगभग 57 लाख है। वर्तमान कैबिनेट की विदेश नीति को लेकर हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। ● एजेंसी

किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने की कोशिशें शुरू : आरएसएस

नागपुर, एजेंसी

- अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में आरएसएस की टिप्पणी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने का फिर से प्रयास किया जा रहा है। इसके जरिए पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है।

आरएसएस ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सैकड़ों माताओं और बहनों के खिलाफ किए गए अत्याचारों ने पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। संघ ने मणिपुर हिंसा पर भी चिंता जताई और कहा कि इसने समाज के दो वर्गों 'मैतेई और कूकी' के बीच अविश्वास पैदा किया है। महासचिव दत्तात्रेय होसबोले द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये टिप्पणियां की गई हैं। बता दें, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नागपुर में अपनी प्रतिनिधि सभा की मेजबानी कर रहा है। यह संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। रिपोर्ट के समापन हिस्से 'नेशनल सीन' में देश की विभिन्न घटनाओं के बारे में बात की गई है। उन्होंने कहा कि साल 2024 अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए हमेशा जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 एक ऐतिहासिक तारीख है।

किसानों के आंदोलन पर आरएसएस ने कहा, 'पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद फिर पैर पसारने लगा है। किसानों के आंदोलन के बहाने, विशेष रूप से पंजाब में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अराजकता फैलाने के प्रयासों को फिर से शुरू किया गया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे पेंस

वाशिंगटन। अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने के प्रयास में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों का विरोध कम नहीं हो रहा। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि वह नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे।

माइक पेंसकहा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मैं इस वर्ष डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन नहीं करूंगा। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनने की दौड़ में पेंस भी ट्रंप को चुनौती देने वालों में शामिल थे, लेकिन पिछले वर्ष अक्टूबर में वह पीछे हट गए थे। उनके बयान से स्पष्ट है कि पूर्व ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के प्रयास का समर्थन नहीं कर रहे हैं।

आतंकी हमले में पाकिस्तान के दो सेना अधिकारियों की मौत

पेशावर। अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान के अशांत जिले में एक सुरक्षा जांच चौकी पर छह आतंकवादियों द्वारा किए गए कई आत्मघाती हमलों में दो अधिकारियों सहित सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। सेना के अफसरों ने कहा- पांच सैनिकों सहित एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक कैप्टन की मौत हो गई।

मीर अली इलाके में चेक पोस्ट पर हमला करने वाले सभी छह आतंकियों को मार गिराया गया। आईएसपीआर के बयान के अनुसार, सैनिकों द्वारा घुसपैठ के शुरुआती प्रयास को विफल करने के बाद, आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे वाहन को चौकी में घुसा दिया, जिसके बाद कई आत्मघाती बम हमले हुए। बाद के सफाया अभियान के दौरान, सैनिकों ने प्रभावी ढंग से मुकाबला किया और सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया, सुरक्षा अभियान जारी है।

विज्ञान टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान हुआ खुलासा

मंगल की धरती पर सक्रिय ज्वालामुखी की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: लालग्रह मंगल आज भी भूगर्भीय दृष्टि से सुरक्षित नहीं है। नई खोज में मंगल की समतल भूमि में छिपा हुआ सक्रिय ज्वालामुखी का पता चला है। यह खोज भविष्य में मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी होगी।

यह विशाल ज्वालामुखी मंगल के भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण में, पूर्वी नोक्टिस लेबिरिंथस व वैलेस मेरिनेरिस के पश्चिम की एक विशाल घाटी में है। इस क्षेत्र से लगे तीन और ज्वालामुखी क्षेत्र हैं। जिनका पता वैज्ञानिक पहले ही लगा चुके थे। नई खोज से यह जानकारी भी मिली है कि इस क्षेत्र में दबा हुआ बर्फ का ग्लेशियर भी हो सकता है। इस खोज का खुलासा टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान किया गया। नासा के मेरिनर 9, वाइकिंग ऑर्बिटर 1 व 2, मार्स ग्लोबल सर्वेयर, मार्स ओडिसी, और मार्स रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर मिशन के साथ-साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस मिशन के डेटा के जरिए यह खोज संभव हो सकी। खोजकर्ता मैरीलैंड विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के स्नातक छात्र सौरभ शुभम के अनुसार मंगल का यह क्षेत्र इतिहास के लंबे समय तक फैले विभिन्न प्रकार के हाइड्रेटेड खनिजों के लिए जाना जाता है। यह खोज मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी है। भविष्य में कई मानव मिशन मंगल में चलाए जाएंगे। जिस कारण मंगल की सतह और भूगर्भ की जानकारी बेहद जरूरी है। मंगल की अंजान निर्जीव धरती की हर जानकारी का पता होना बेहद जरूरी है।



मंगल ग्रह का मानचित्र।

450 किलोमीटर व्यास का है ज्वालामुखी, 9 हजार ऊंचाई

खोजा गया नया विशाल ज्वालामुखी व्यास लगभग 450 किलोमीटर है और इसकी ऊंचाई लगभग 9,022 मीटर है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश में जुटी नासा की संस्था सेटी इंस्टीट्यूट का कहना है कि ज्वालामुखी वाला यह क्षेत्र बेहद रोमांचक है। इस स्थान में भविष्य के रोबोटिक कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। पृथ्वी से अलग जीवन की खोज करने वाले लोगों के लिए आरसिया मोन्स अगला पड़ाव हो सकता है।

भारतवंशी के निर्वासन को लेकर हाईकोर्ट ने सरकार को फटकारा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक के निर्वासन को लेकर गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। दरअसल अब्दुल मुगनी नाम के एक भारतीय नागरिक को 2013 में इस्पहानी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया था। उस पर विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस दौरान सत्र अदालत ने अब्दुल मुगनी को 6 महीने की सजा सुनाई थी। इसके बाद मुगनी ने हाईकोर्ट में अपनी सजा के खिलाफ अपील की थी।

ग्यारह साल का समय बीतने के बाद भी मुगनी को रिहा नहीं किया गया। ऐसे में सिंध उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संबंधित सचिव को यह बताने के लिए बुलाया जाएगा कि उनका विभाग ऐसे मामलों में कैसे काम कर रहा है।

आर्थिक रूप से तंग पाकिस्तान भारत के लिए अभी भी खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीडीएस अनिल चौहान ने चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को लेकर चिंता जाहिर की

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान भले ही आर्थिक रूप से कमजोर चल रहा है, लेकिन अभी भी पाकिस्तान हमारे लिए खतरा है। साथ ही सीडीएस ने चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ को लेकर भी चिंता जाहिर की। एक कार्यक्रम में सीडीएस ने कहा कि हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम हैं।

सीडीएस ने कहा कि पाकिस्तान सैन्य तौर पर अभी भी काफी मजबूत है और हम इससे वाकिफ हैं। दरअसल कार्यक्रम के दौरान सीडीएस अनिल चौहान से पूछा गया था कि 21वीं सदी में भारत के सामने सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती क्या है? इसके जवाब में सीडीएस ने कहा कि 'जहां तक सुरक्षा बलों की बात है, हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन का उभार और चीन के साथ जारी सीमा विवाद है। हमारे दो पड़ोसी हैं, जिनके साथ हमारे मतभेद हैं। दोनों की गहरी दोस्ती है और दोनों देश हिमालय से ऊंची और समुद्र से गहरी दोस्ती का दावा करते हैं और दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश भी हैं। सीडीएस ने सेना के सामने जो सबसे बड़ी एक और चुनौती बताई वो है लड़ाई की बदलती परिभाषा।